अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 82,176.45
निफ्टी 25,001.15
सोना 98,555
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

नई दिल्ली, मंगलवार 27 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 55 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध को पछाड़ नूर हुए आगे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### विभाजन के बाद अस्तित्व में आए पाकिस्तान पर जमकर बरसे मोदी


# बहनों का सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय

■ दाहोद से किया पीएम ने 24 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

दाहोद, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर कहा है कि जो कोई 'हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, उसका मिटना भी तय है।'

श्री मोदी ने सोमवार को यहां विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो कोई हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद अस्तित्व में आया देश भारत के प्रति नफरत पर जी रहा है। पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत से दुश्मनी करना और भारत को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन भारत का लक्ष्य गरीबी हटाना, आर्थिक विकास लाना और विकसित राष्ट्र बनना है। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई नहीं, यह हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि 'मोदी' से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वे तस्वीरें देखते हैं, तो खून खौल जाता है। ये 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, इसलिए हमने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि हमने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारी -शेष पृष्ठ दो पर



### ऑपरेशन सिंदूर को मॉनिटर कर रहे थे तीनों सेना प्रमुख

**सेना ने बुकलेट जारी की, बीएसएफ के आईजी बोले- पाक ने राजस्थान में 413 ड्रोन अटैक किए**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने सोमवार को एक बुकलेट जारी की है। इसमें बताया गया कि 6-7 मई को लॉन्च किए ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे। बुकलेट में दिखाया गया है कि कैसे वॉर रूम से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही थी। इसमें सेना चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और एयरफोर्स चीफ एयरचीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पार्लियामेंट्री कंसलटेटिव कमेटी की बैठक की। उन्होंने कहा कि डीजीएमओ ने पाकिस्तान को उसके क्षेत्र में टेरर कैंप पर भारतीय हमले की जानकारी तभी दी थी जब अटैक किया गया था। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान से कभी बात नहीं की। सेर्ना ऑपरेशन (सीजफायर) रोकने का फैसला पाकिस्तान की रिक्वेस्ट पर द्विपक्षीय लिया गया था। इसमें अमेरिका की मध्यस्थता का सवाल नहीं उठता है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही दी गई पाकिस्तान को जानकारी: जयशंकर

**नई दिल्ली।** सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर सोमवार को संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। सरकार ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) स्तर पर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, जयशंकर ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी और अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं, वे निराधार हैं।

## मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कमांडर मनीष ढेर

**लातेहार।** झारखंड में लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया तथा नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) वाईएस रमेश ने नक्सली कुंदन के मारे जाने की पुष्टि करते हुए सोमवार को यहां बताया कि लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को रविवार की रात सूचना मिली थी कि नक्सली कमांडर मनीष यादव अपने दस्ते के साथ महुआडांड थाना क्षेत्र के दौना और करमखाड के बीच जंगल में भ्रमणशील है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गठित की गई और नक्सलियों की घेराबंदी का काम शुरू किया गया। इसी बीच पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। रविवार देर रात से लेकर सोमवार सुबह तक चली पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया है। मौके से दस लाख रुपये के इनामी नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपा विधायक आदेश चौहान को छह माह की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भांजी व तीन पुलिसकर्मियों को भी सीबीआई कोर्ट ने सुनाई सजा

■ हरिद्वार जनपद के रानीपुर क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं आदेश चौहान

■ सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें जमानत भी मिल गई

**देहरादून/हरिद्वार।** पुलिस हिरासत में मारपीट के करीब 16 वर्ष पुराने एक मामले में बीजेपी के विधायक को सीबीआई कोर्ट ने 6 महीने की सजा सुनाई है।

उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की रानीपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक आदेश चौहान सहित उनकी भांजी एवं 3 पुलिसकर्मियों को सीबीआई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सीबीआई कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्टडी में की गई मारपीट से जुड़े मामले में सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने के बाद उनको सोमवार को ही जमानत भी मिल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधायक पर अपनी भांजी के पति को पुलिस हिरासत में मारने-पीटने का आरोप है। घटना का दोषी मानते हुए सीबीआई कोर्ट ने विधायक के साथ उनकी भांजी एवं तीन पुलिसकर्मियों को भी सजा सुनाई गई। सीबीआई के स्पेशल मजिस्ट्रेट संदीप भंडारी की अदालत ने पीड़ित -शेष पृष्ठ दो पर

# पाक को खुफिया जानकारी भेजने वाला CRPF जवान गिरफ्तार

■ आरोपी मोतीराम जाट को पाक अफसरों से मिले पैसे: एनआईए

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली से सीआरपीएफ के जवान मोती राम जाट को गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को भारत की संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है।

एनआईए के मुताबिक, 2023 से पाकिस्तान खुफिया अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी डिटेल शेयर कर रहा था। मोती राम को पीआईओ से अलग-अलग तरीकों से पैसे भी मिल रहे थे। मोती राम को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 6 जून तक की कस्टडी में भेजा गया है। एनआईए उससे पूछताछ कर रही है। 24 मई को गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया था। गोहिल बीएसएफ -नेवी की मौजूदा सेना यूनिट्स की फोटो- वीडियो व्हाट्सएप के जरिये पाकिस्तानी एजेंट को भेजा करता था।

## यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।

## भूषण स्टील के परिसमापन कार्यवाही पर यथास्थिति का आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के परिसमापन कार्यवाही पर पुनर्विचार याचिका दायर करने की समय सीमा समाप्त होने तक यथास्थिति बनाए रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने जेएसडब्ल्यू स्टील की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

## सुप्रीम कोर्ट बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड टीडीआर विवाद पर आज करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अधिग्रहित बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड की 15 एकड़ से अधिक अधिग्रहित भूमि के लिए श्रीकांतदत्त नरसिंहराजा वाडियार और अन्य के कानूनी उत्तराधिकारी के पक्ष में 3,400 करोड़ रुपये से अधिक के हस्तांतरणीय विकास अधिकार प्रमाण पत्र (टीडीआर) जारी करने के अदालती फैसले को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की नई याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा।

## एटीएस नागपुर की महिला से करेगी पूछताछ

**मुंबई।** बहु-एजेंसी जांच के अलावा महाराष्ट्र पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) नागपुर की महिला सुनीता भालेश्वर जामगड़े से भी पूछताछ करेगा, जिसे पाकिस्तानी अधिकारियों ने रविवार को भारतीय अधिकारियों को सौंपा था। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि सुनीता इस महीने की शुरुआत में करगिल के हुंदरमन गांव से नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान चली गई थी। 43 वर्षीय सुनीता के 14 मई को लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार वह दस दिन पहले अपने बेटे को छोड़कर भूलवश सीमा पार चली गई थी और बाद में उसे पाकिस्तानी बलों ने पकड़ लिया और महिला को 24 मई को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया।

## नेहा सिंह राठौर के मामले में सुनवाई 29 मई को

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पहलगाम हमले पर टिप्पणी के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की याचिका पर अगली सुनवाई 29 मई को नियत की है। उधर, राठौर ने लखनऊ के हजरतगंज थाने में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। याचिका पर न्यायाधीश विवेक चौधरी व न्यायाधीश बृजराज सिंह की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सरकारी वकील ने कहा कि मामले की केस डायरी की पूरी जानकारी उनके पास है। इस पर, याची के अधिवक्ता ने कहा कि अभियोजन ने याची के खिलाफ जो साक्ष्य पाए हैं उन्हें याची को सौंपा जाए।

# पटना में एम्स डाक्टर सहित दो कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली, वार्ता

■ बिहार में पहला मामला, बंगाल में चार नए केस, दिल्ली में 104, देश में अब तक 1009 एक्टिव मामले

**भारत में** कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बिहार में सोमवार को एम्स पटना के एक डाक्टर और एक 31 साल के व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। यह कोरोना की मौजूदा लहर में राज्य का पहला मामला है।

वहीं पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है, जिसके बाद सक्रिय मामलों की संख्या 12 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मरीजों को सांस संबंधी समस्याएं हैं। अधिकतर मामले कोलकाता और उसके आसपास से सामने आए हैं। पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के 752 नए मामले सामने आए हैं? देश में कुल मामलों की संख्या 1,009 हो गई है। पिछले एक सप्ताह में केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में 335 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही कुल एक्टिव मामले 430 हो गए हैं। महाराष्ट्र में 153 और दिल्ली में 99 नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में इस वक्त कुल 104 एक्टिव मामले हैं। इन शहरों के बाद गुजरात में 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 मामले दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना के बढ़ते नए मामलों के बीच अब तक 7 लोगों की मौत भी हुई है। रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज कलवा अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के कोविड मरीज की मौत हो गई। युवक का 22 मई से इलाज चल रहा था। राज्य में अब तक 4 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर के कारण हुई। हालांकि, 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है।

## राज्यसभा की आठ सीटों के द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राज्यसभा के लिए असम से उन दो तथा तमिलनाडु से उन छह सीटों के लिए 19 जून को चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की जिनके लिए निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल जून-जुलाई में पूरा हो रहा है। इन सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जाएगी। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इन सीटों के लिए निर्वाचित सदस्यों का वर्तमान कार्यकाल आगामी 14 जून और 24 जुलाई को पूरा होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों के लिए नामांकन पत्र सोमवार नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जून रखी गई है। इन सीटों के लिए मतदान 19 जून को पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक कराया जाएगा। मतों की गिनती मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद उसी दिन शाम पांच बजे की जाएगी। आयोग ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी असम से राज्यसभा के सदस्य मिशन रंजन दास और बीरेन्द्र (दोनों भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को पूरा हो रहा है।

# मुंबई में भारी बारिश, अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में भरा पानी

■ लोकल ट्रेनें भी प्रभावित, हजारों लोग फंसे, आठ फ्लाइट्स प्रभावित, पुणे में बादल फटा, घरों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुए वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने एक मई को ही इसका उद्घाटन किया था।

इधर, घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। इस वजह से 8 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। बारिश के साथ मुंबई में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं। बारिश के बाद कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। हार्बर, सेंट्रल लाइन पर लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। हजारों लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इधर पुणे में रविवार की तेज बारिश की वजह से -शेष पृष्ठ दो पर



### देश के कई हिस्सों में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई, बेंगलुरु और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कई हिस्सों में सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मानसून मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी मानसून पहुंच गया है। असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में भी सोमवार को मानसून की बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और यह जल्द ही अरब सागर के मध्य भाग, महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हो जाएगा।

## कोच्चि तट पर लाइबेरियाई जहाज डूबा, सार्वजनिक परामर्श जारी

**कोच्चि।** केरल में कोच्चि तट पर अरब सागर में लाइबेरिया के कंटेनर जहाज के डूबने के बाद एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया गया है, जिसमें लोगों को किसी भी तैरते या किनारे पर पड़े कंटेनर या मलबे के पास न जाने या उनसे संपर्क न करने का निर्देश दिया गया है, क्योंकि उनमें खतरनाक पदार्थ हो सकते हैं। जहाज पर कुल 643 कंटेनर थे, जिनमें से 73 खाली थे और 13 में खतरनाक सामान थे, जिनमें कैल्शियम कार्बाइड भी शामिल था। एक ऐसा रसायन जो पानी के साथ हिसक रूप से प्रतिक्रिया करके अत्यधिक ज्वलनशील एसिटिलीन गैस छोड़ता है। कंटेनर जहाज 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे एमएससी एल्सा 3 विझिनजाम से कोच्चि बंदरगाह के रास्ते में अरब सागर में पलट गया और बाद में डूब गया। तिरुवनंतपुरम जोन के सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त के कार्यालय द्वारा जारी परामर्श के अनुसार घटना के समय जहाज पर मौजूद सभी सामान पर शुल्क नहीं चुकाया गया था और ऐसे सामान को किसी भी तरह से अनधिकृत तरीके से हटाना या चुराना अवैध है।

# मोदी ने 11 साल में कर दी देश की दुर्दशा

## कहा: देश में बेरोजगारी बढ़ी और अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई

■ अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल के दौरान देश बर्बाद हो गया है और इस दौरान देश मे बेरोजगारी बढ़ी, अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई और विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई है।

श्री खड़गे ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि 11 सालों में बड़े-बड़े 'वादों' को खोखले 'दावों' में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा कर दी, कि 'अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई। युवा, सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा, असलियत में करोड़ों की गायब। किसान, न आय हुई दोगुनी, ऊपर से खानी पड़ी रबर बुलेट, महिला, आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार, कमज़ोर वर्ग एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक पर भयावह अत्याचार, हिस्सेदारी खत्म। उन्होंने पिछले 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था तथा विदेश नीति को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि अर्थव्यवस्था, महंगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़, खपत ठप्प, मेक इन इंडिया रहा फ्लॉप और असमानता चरम पर। विदेश नीति, वादा था 'विश्वगुरु' बनने का, बिगाड़े हर देश से सम्बन्ध। लोकतंत्र, हर स्तंभ पर आरएसएस का हमला, ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग, संस्थानों की स्वायत्तता दी उजाड़ और 140 करोड़ जनता का हर तबका परेशान, 11 सालों में ऐसा रहा कमल का निशान।



## मध्यम उद्योगों की जीडीपी में 29 % की हिस्सेदारी: नीति आयोग

**नई दिल्ली।** सकल घरेलू उत्पादन - जीडीपी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग- एमएसएमई क्षेत्र का योगदान 29 प्रतिशत है, जबकि यह 60 प्रतिशत लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। नीति आयोग की सोमवार को यहां मध्यम उद्यमों के लिए नीति तैयार करना पर रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि मध्यम उद्यम भविष्य के बड़े उद्यम हैं और 2047 के विकासशील भारत के चालक हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 29 प्रतिशत का योगदान देता है और 60 प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोजगार देता है। इसके अलाव निर्यात में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी है रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों को भारत की अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक योजना पेश की है।



## संक्षिप्त समाचार

### 5000 इंजीनियर्स को यूपीपीसीएल ने दिया नोटिस

**लखनऊ।** यूपी के पूर्वांचल और दक्षिणांचल इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन के निजीकरण होने के खिलाफ बिजली कर्मचारियों की 29 मई से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी की घोषणा के बाद पावर कारपोरेशन ने प्रदेश के 5000 से ज्यादा इंजीनियर्स को नोटिस भेजते हुए इसमें शामिल न होने की चेतावनी दी है और कहा है कि यदि काम बंद किया, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों को डराने और उनकी आवाज को दबाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नोटिस भेजते हुए बहिष्कार में शामिल न होने के लिए कहा है।

### पिता और दो पुत्रों की हथौड़ा मार कर हत्या

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग और उसके दो पुत्रों की सिर पर हथौड़ा मार कर हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध गांव निवासी लालजी (62) उसके पुत्र गुड्डू कुमार (32) व यादवीर (28) की लाल जी बेल्डिंग वर्कशॉप के नाम से दुकान क्षेत्र के नेवादा बाईपास पर थी। रविवार की रात लाल जी अपने दो पुत्रों के साथ दुकान पर था कि देर रात अज्ञात बदमाशों ने हथौड़े से सिर पर मार कर तीनों की हत्या कर दी और सीसीटीवी कैमरे के डीबीआर को भी चाबी से खोलकर लेकर चले गए। मौके पर चार मोबाइल फोन मिले हैं। घटना की सूचना गुड्डू कुमार के बहनोई ने पुलिस को दिया है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमों का गठन किया है।

### मधुबनी गोंड कला के कलाकारों ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित आर्टिस्ट इन रेजिडेंस (घरेलू जीवन के कलाकार) कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मधुबनी चित्रकार और गोंड लोक-कला के कलाकारों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में बताया गया राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम में प्रदर्शित लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने भारत की महत्वपूर्ण पारंपरिक कलाओं के इन दो रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की।

### केरल से कश्मीर तक चलो एलओसी यात्रा एक जून से

**तिरुवनंतपुरम।** केरल से कश्मीर तक 'चलो एलओसी' यात्रा आगामी एक जून को आदि शंक. राचार्य के जन्मस्थान कलडी से शुरू होगी और 12 जून को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास टीटवाल में शारदा मंदिर पहुंचेगी। अभिनवगुप्त उन्नत अध्ययन संस्थान के निदेशक एवं 'चलो एलओसी' के राइड कैप्टन आर. रामानंद ने बताया कि 100 बुलेट मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ, 'बुलेट अगेंस्ट बुलेट्स' के नारे के तहत विरोध यात्रा शुरू की जाएगी, जिसका उद्देश्य आतंकवाद के पीड़ितों को सम्मानित करना और न्याय और शांति का आह्वान करना है।

# पाक को सम्मान कांग्रेस ने नहीं, भाजपा ने दिया

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बीजेपी पर किया पलटवार

कांग्रेस ने वर्तमान संकट के लिए उसे जिम्मेदार ठहरने पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे को आड़े हाथ लेते हुए सोमवार को कहा कि इतिहास का ज्ञान नहीं होने पर भी उन्हें समझना चाहिए कि पाकिस्तान को सम्मान देने का काम कांग्रेस ने नहीं, बल्कि भाजपा के नेताओं ने ही किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का हवाला दे रहे हैं। अब बताइए, पाकिस्तान के नेताओं को सम्मान कौन दे रहा है, लेकिन इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है, अडवाणी और श्री जसवंत सिंह ने सार्वजनिक रूप से जिन्ना की तारीफ की थी और मोदी ने पठानकोट एयरबेस पर आतंकी हमले की जांच के लिए आईएसआई को बुलाया था। उन्होंने कहा कि और ये बिचौलिए से नकली इतिहासकार बना व्यक्ति यह भी जान ले कि सरदार स्वर्ण सिंह और भुट्टो के बीच 1963 में छह दौर की वार्ताएं हुई थीं, लेकिन वो सारी बातचीत भारत और पाकिस्तान में हुई थी, किसी 'तटस्थ स्थान' पर नहीं, जैसा कि 10 मई 2025 की संघर्षविराम घोषणा में डा. जयशंकर के मित्र और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था। गौरतलब है कि दुबे ने इतिहास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि आयरन लेडी इंदिरा जी और उनके पिताजी नेहरु जी कश्मीर के अवैध कब्ज़े पाकिस्तान के द्वारा 1948 के बाद दुबारा मध्यस्थ अमेरिका और ब्रिटेन के दबाव में भारत सरकार के मंत्री स्वर्ण सिंह जी व जुल्फिकार अली भुट्टो की लगातार बैठक 1962 से 1964 के बीच हुई, भारत ने पुंछ तथा उरी पाकिस्तान के द्वारा जबरदस्ती हथियाए भूभाग को पाकिस्तान को देने का फ़ैसला ही कर लिया था, इतने पर ही मामला नहीं रुका गुरेज़ में पूरी नीलम और किशनगंगा घाटी के साथ लाइन ऑफ कंट्रोल को अन्तर्राष्ट्रीय सीमा। भारत की आज की समस्या का एकमात्र कारण कांग्रेस का हाथ, किसके साथ।

### महिलाओं के साथ जघन्य अपराध नहीं रोक पा रही मप्र सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटनाएं लगातार बढ़ रही है, अपराधी बेधड़क घूम रहे हैं और राज्य सरकार अपराधों को रोकने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रही है। आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख डा. विक्रांत भूरिया ने कहा कि मध्य प्रदेश में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं और राज्य सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव गृह मंत्रालय का कार्य भी संभाल रहे हैं, इसलिए राज्य में सबसे पहले पूर्णकालिक गृह मंत्री होना चाहिए।

# कृषि सब्सिडी किसान के खाते में मिले

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कृषि उद्योग समागम में बोले उपराष्ट्रपति जगदीप

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में भेजने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है।

धनखड़ ने सोमवार को मध्य प्रदेश के नरसिंह पुर में 'कृषि उद्योग समागम' का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यदि ये सब सीधी किसानों को दी जायें, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए। इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसान को हर तरीके से सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, लेकिन अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है। कृषि का उद्योग से व्यापक स्तर पर जुड़ाव-लगाव है। देश की आर्थिक प्रगति पर धनखड़ ने कहा कि पिछले दशक में भारत ने बड़ी आर्थिक छलांग लगाई है। आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। बहुत ही जल्दी भारत दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति बनने वाला है। कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि क्षेत्र में उद्यमियों के रूप में उभरना चाहिए। देश में 730 कृषि विज्ञान केंद्र हैं और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनेक संस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों, सांसदों, विधायकों और प्रमुख गैर सरकारी संगठनों को किसान बहुल गांवों को गोद लेना चाहिए। गांवों में किसान उद्यमियों का बढ़ावा देना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि किसान को उद्योग और व्यापार में आने के लिए प्रेरित किया जाएगा, तो देश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 से पहले हासिल हो जाएगा।

# आयुष विभाग में 4350 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ, वार्ता**



■ कुछ पद पदोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग के माध्यम से भरे जाएंगे

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में आयुष विभाग की बैठक में विभिन्न रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने के निर्देश दिए हैं, जिसके बाद आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक विभाग में रिक्त कुल 4,350 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें से कुछ पद पदोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग के माध्यम से भरे जाएंगे। वहीं कुछ पदों के लिए अधियाचन भेजा जा चुका है।

प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में आयुष चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन होना चाहिए। इसी क्रम में निदेशक, उप निदेशक, प्राचार्य, प्रोफेसर, लेक्चरर, चिकित्साधिकारी, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, मैट्रन, रीडर जैसे महत्वपूर्ण पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं में कुल 7,233 स्वीकृत पदों में से 4,208 पद भरे हुए हैं, जबकि 3,025 पद रिक्त हैं। इसी तरह यूनानी चिकत्सा सेवाओं में कुल 462 स्वीकृत पदों में से 301 भरे हुए हैं, जबकि 161 पद खाली हैं। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाओं में कुल 3,818 स्वीकृत पदों में से 2,654 भरे हुए हैं, जबकि 1,164 पद रिक्त हैं। इन पदों में से कई पर प्रोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग तथा अधियाचन भेजे जाने के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी। प्रमुख सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जबकि कुछ पदों के अधियाचन प्रेषित कर दिए गए हैं।

## हर विद्यालय में तय होगा शिक्षक-छात्र अनुपात: योगी

# हर विधानसभा में खुलेंगे कंपोजिट स्कूल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षकों की कमी नहीं होने देंगे: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा को समाज और राष्ट्र की आधारशिला बताते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर विद्यालय में शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे। मुख्यमंत्री ने हर विधानसभा क्षेत्र में एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 25-30 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ये विद्यालय प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक एक ही कैंपस में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे।

लोकभवन सभागार में सोमवार को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम उन्होंने 3300 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। योगी ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में हुए अभूतपूर्व बदलावों की सराहना की और भविष्य के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यों के एक नए मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के भविष्य को संवारने का सबसे मजबूत हथियार है। योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय और निपुण आकलन जैसे कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है। उन्होने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश के 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों व अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया। साथ ही 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए की धनराशि उनके अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी, लेकिन ऑपरेशन कायाकल्प ने इस तस्वीर को बदल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय इस अभियान से जुड़ चुके हैं और शेष 2.3 प्रतिशत विद्यालय भी इस वर्ष कायाकल्प के दायरे में आ जाएंगे। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में छात्रों की संख्या 800-1200 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा का एक नया मॉडल है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। शिक्षकों की कमी नहीं होगी। हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बीएड और एमएड के छात्रों को निपुण आकलन कार्यक्रम में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें फील्ड अनुभव मिले और वे स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाओं से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक नया अनुभव होगा और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा। योगी ने समर कैंप को बच्चों के समग्र विकास का माध्यम बताते हुए इसमें खेल, संगीत, नृत्य, नाटक और योग जैसी गतिविधियों को शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए हर विद्यालय में अभी से प्रशिक्षण शुरू हो।

### यूपी में रेपिडो चालकों का बाइक प्रशिक्षण आज

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लिए अब आम नागरिकों को भी जीवन रक्षक बना रही है। इस कड़ी में राजधानी लखनऊ में 27 मई को विश्व इमरजेंसी मेडिसिन दिवस के अवसर पर रैपिडो बाइक टैक्सी के 1200 चालकों को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन और फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मेदांता हॉस्पिटल (शहीद पथ) में आयोजित होगा, जिसमें देश के 16 राज्यों से आए डॉक्टर्स और विशेषज्ञ भाग लेंगे।सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है। इसी के तहत यह अनूठा अभियान चलाया जा रहा है, जो 'हर नागरिक एक रक्षक' की भावना को मजबूती देगा। प्रशिक्षण के बाद रैपिडो कैप्टन सिर्फ सवारी नहीं पहुंचाएंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाने में भी सक्षम होंगे। भारत में हर साल 1.5 लाख से ज्यादा लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। यानी हर दिन औसतन 400 से ज्यादा मौतें, जिनमें से कई सिर्फ इसलिए होती हैं, क्योंकि समय रहते उन्हें प्राथमिक इलाज नहीं मिल पाता। रैपिडो बाइक चालकों की गिनती हजारों में है और ये हर रोज सड़कों पर रहते हैं। ऐसे में यह प्रशिक्षण उन्हें आपातकालीन स्थिति में पहला मददगार बना देगा। इस अभियान का संचालन सोसाइटी आफ एक्यूट केयर, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन और रैपिडो मिलकर कर रहे हैं। सेक्टम के फाउंडर डा. लोकेन्द्र गुप्ता ने बताया कि यह मिशन एक दिन, एक राष्ट्र, एक लक्ष्य के संकल्प के साथ शुरू किया जा रहा है, जो न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि देशभर में सड़क सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## अर्थ व्यापार

# व्यापार तनाव घटने की उम्मीद, चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समय सीमा बढ़ाए जाने के वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन चढ़ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर चार कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,176.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25 हजार अंक के पार 25001.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत उछलकर 45,111.47 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 51,766.72 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4267 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2301 में लिवाली जबकि 1772 में बिकवाली हुई, वहीं 194 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2982 कंपनियों के शेयरों में से 1735 में तेजी जबकि 1173 में गिरावट रही, वहीं 74 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस कदम से संभावित नए व्यापार युद्ध की आशंका कम हो गई है, जिसने हाल के दिनों में वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ा दी थी।

विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला विश्व बाजारों में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा और निवेशकों की भावना को सहारा देगा। ट्रम्प प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम संकेत देता है कि अमे. रिका फिलहाल विवाद के बजाय समाधान की दिशा में बढ़ना चाहता है। इनके अलावा भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर बाजार के लिए निकट भविष्य में मनोबल बढ़ाने वाली होगी। यह न केवल वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि घरेलू स्तर पर भी निवेश भावना को मजबूत करेगा। विशेषज्ञों के अनुसार भारत की यह प्रगति मजबूत आर्थिक बुनियाद, सतत सुधारों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर विकास दर का परिणाम है। ऐसे समय में जब कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती से जूझ रही हैं, भारत की रैंकिंग में यह उछाल देश को वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बना सकता है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को वित्त वर्ष 2023.24 के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपए का लाभांश देने की घोषणा ने आर्थिक जगत में हलचल मचा दी है। यह आंकड़ा बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और सरकार के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। इससे बीएसई में सर्विसेज में 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में तेजी रही।

# खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा आठ रिंगिट की बढ़त के साथ 3832 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट चढ़कर 49-35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई, जबकि मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500- 7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बहनों का...** सेना ने वह कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे आतंक के नौ सबसे बड़े आतंकी ठिकानों को ढूंढ़ निकाला। अता-पता पक्का कर लिया और 22 अप्रैल को जो खेल खेला गया था, छह मई की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाई पाकिस्तानी सेना में दुस्साहस दिखाया, तो उसे भी सेना ने धूल चटाई। श्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र सहित 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने अहमदाबाद-वेरावल वंदे भारत सेवा और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हुए हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। श्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का निर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। श्री मोदी ने पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के तेजी से विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 मार्गों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और मजबूत बनाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर निर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। श्री मोदी ने कहा कि भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित घटक आयात करते हैं। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' पहल के निरंतर विस्तार को दर्शाता है तथा राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के कई क्षेत्रों को पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई इलाकों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का निर्माण करेगी, जिससे भारत की ट्रेनों की शक्ति और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कारखाना रेलवे के पुर्जे बनाने वाले छोटे उद्योगों को भी समर्थन देगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर फैक्ट्री से परे भी फैले हुए हैं, जिससे किसानों, पशुपालकों, दुकानदारों और मजदूरों को लाभ मिलता है तथा व्यापक आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होती है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि विक. सित भारत के निर्माण के लिए आदिवासी क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में काम करने के उनके लंबे अनुभव ने राष्ट्रीय स्तर की पहल में योगदान दिया है। श्री मोदी ने उस समय को याद किया जब गुजरात में आदिवासी बच्चों को विज्ञान की पढ़ाई करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज, पूरे आदिवासी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है, अच्छे कॉलेज, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज और इन समुदायों की सेवा करने वाले दो समर्पित आदिवासी विश्वविद्यालय हैं।

**भाजपा विधायक...** को अवैध तौर से हिरासत में रखना, मारपीट व अन्य धाराओं में रानीपुर के भाजपा विधायक आदेश कुमार चौहान, उनकी भतीजी दीपिका चौहान को 6-6 महीने एवं पुलिस विभाग से रिटायर्ड आरके चमोली, इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह रौतेला एवं दिनेश कुमार को एक-एक साल की सजा सुनाई है। ज्ञात रहे कि दोषी करार दिए गए आरोपी पुलिसकर्मियों में से एक पुलिसकर्मी का पहले ही देहांत हो चुका है। गौरतलब है कि ये घटना वर्ष 2009 की है। विधायक की भांजी दीपिका चौहान ने अपने पति मनीष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पीड़ित पक्ष की तरफ से सहारनपुर निवासी रिटायर्ड प्रवक्ता धीर सिंह चौहान ने शिकायत की थी कि 11 जुलाई 2009 को उनको, पत्नी शकुंतला एवं बेटे मनीष को थाने में बुलाया गया और जबरन अवैध रूप से हिरासत में रखकर मारपीट व उत्पीड़न किया गया। मामला आगे बढ़ा तो पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट की शरण ली, जिस पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई जांच की गई। मामला काफी दिनों से सीबीआई कोर्ट में चल रहा था।

**मुंबई में...** नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। बारिश के बाद यहां सड़कें पानी में डूब गई। करीब 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गई। एनडीआरएफ की 2 टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात की गई हैं। मुंबई, ठाणे, पालघर समेत महाराष्ट्र के कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि मुंबई और उपनगरीय क्षेत्रों में दिन भर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मुंबई के सांताक्रूज के सुपारी टैंक और नारियल वाड़ी में सबसे ज्यादा 25 मिमी, पाली हिल में 24 मिमी, विले पार्ले और अंधेरी फायर स्टेशन ने 15 मिमी और 14 मिमी बारिश दर्ज की। चकल नगर निगम विद्यालय और मालवणी फायर स्टेशन में 14 मिमी और 12 मिमी बारिश हुई, जबकि वर्सोवा पंपिंग स्टेशन पर 11 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। चेंबूर की कलेक्टर कालोनी में 13 मिमी जबकि चेंबूर फायर स्टेशन में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अवैध रूप से यात्रा करवाने की कोशिश, कबूतरबाज पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई पुलिस ने रामर नामक कबूतरबाज को गिरफ्तार किया है,जिसने एक श्रीलंकाई एजेंट के साथ मिलकर एक श्रीलंकाई यात्री को कनाडा की अवैध यात्रा में मदद की थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सात मई को आईजीआई पुलिस ने सुरेक्का महेंथीराम को गिरफ्तार किया था।

जांच से पता चला कि महेंथीराम को मूल रूप से काठमांडू की उड़ान के लिए मंजूरी मिली थी, लेकिन उसने जाली फ्रांसीसी पासपोर्ट और नकली फ्रांसीसी पहचान पत्र का उपयोग करके टोरंटो के लिए एयर इंडिया के जहाज में चढने की कोशिश की थी। उसने जिस बोर्डिंग पास का इस्तेमाल किया वह श्रीलंकाई मूल की एक अन्य फ्रांसीसी नागरिक, साहिला सेलप्पा का था, जिसके पास कनाडा के लिए वैध ई-टीए था।

यह पता चला कि सेलप्पा ने इमिग्रेशन क्षेत्र से पहले अपना बोर्डिंग पास महेंथिराम को सौंप दिया था। इस ऑपरेशन को एक तीसरे व्यक्ति, सुब्रमण्यम मारीमुथु ने अंजाम दिया, जिसने इमिग्रेशन सिस्टम और सुरक्षा टिकटों की जालसा. जी की थी और बाद में इस्तेमाल किए गए टिकटों को नष्ट कर दिया था। उसने उड़ान संख्या अल-२२१५ से काठमांडू (नेपाल) के लिए प्रस्थान इमिग्रेशन मंजूरी ली और बाद में खुद को उतार दिया। पुलिस ने महेंथीराम सुरेखा,महिला सेलप्पा साहिल्ला और मरीमुथु सुब्रमण्यम को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में पता चला कि यात्री महेंथीराम सुरेखा ११ मार्च, २०२५ को २२ अप्रैल, २०२५ तक वैध पर्यटक वीजा पर भारत आई थी। वह आर.के. आश्रम इलाके में एक होटल में रुकी थी। उसकी माँ, जो श्रीलंका के जाफना में रहने वाली एक विवाह दलाल है, थारन नामक एक श्रीलंकाई एजेंट के संपर्क में आई, जिसने उन्हें आश्वासन दिया कि २५ लाख रुपये के भुगतान के बदले में सुरेखा को उसके बोर्डिंग पास को किसी अन्य यात्री सेलप्पा साहिल्ला के साथ बदलकर कनाडा भेजा जा सकता है। थारन के निर्देशों के अनुसार, सुब्रमण्यम मारीमुथु और साहिल्ला सेलप्पा ने सुरेखा की अवैध यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए बोर्डिंग पास की अदला-बदली को अंजाम देने में सहायता की। सेल्लाप्पा साहिल्ला १७ मार्च २०२६ तक वैध पर्यटक वीजा पर ३ मई २०२५ को भारत आई थी। वह दिल्ली के पहाडगंज में विवेक होटल में रुकी थी।

एक दोस्त ने उसे बताया था कि एजेंट थारन उसे ढाई हजार यूरो का भुगतान करेगा यदि वह सुरेखा को उसका बोर्डिंग पास बदलकर टोरंटो पहुंचने में मदद करती है। वित्तीय कठिनाइयों का सामना करते हुए, वह योजना के लिए सहमत हो गई। तीसरा आरोपी सुब्रमण्यम मारीमुथु २९ दिसंबर २०२५ तक वैध पर्यटक वीजा पर ३ अप्रैल २०२५ को भारत में आया था। एजेंट थारन के निर्देशानुसार घटना से लगभग १२ दिन पहले दिल्ली पहुंचने से पहले वह बेंगलुरु और चेन्नई में रुका था। श्रीलंकाई एजेंट थारन रामर नामक एक भारतीय सहयोगी के साथ मिलकर काम कर रहा था, जो आपराधिक साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था। एसएचओ सुशील गोयल के निर्देशन में पुलिस टीम ने रामर को उसके नई दिल्ली स्थित ठिकाने से पकड़ लिया।

## सड़कों की बदल रही सूरत, सफाई व सौंदर्यीकरण का दिखने लगा असर

**नई दिल्ली।** राजधानी में एनडीएमसी (नई दिल्ली नगरपालिका परिषद) के 'वन डे वन रोड' कार्यक्रम के तहत हर दिन एक सड़क को चिह्नित कर उसे संवारने और दुरुस्त करने का काम कर रहा है। इस योजना के माध्यम से न केवल सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है, बल्कि सौंदर्यीकरण, मरम्मत और अतिक्रमण हटाने जैसे कार्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। एनडीएमसी के अनुसार, कार्यक्रम की सफलता के पीछे उसकी प्लानिंग और विभागीय समन्वय एक बड़ी वजह है। हर सड़क को लेकर पहले से ही कार्य योजना बनाई जाती है, जिसमें सफाई कर्मचारियों की टीम, हाइड्रो जेट मशीन, पानी के टैंकर, ट्रिमिंग उपकरण और ट्रैफिक डाइवर्जन की व्यवस्था भी शामिल होती है। इस कार्यक्रम की सबसे अहम बात यह है कि हर दिन एक सड़क को प्राथमिकता देते हुए वहां गहन सफाई अभियान चलाया जाता है। सफाई का कार्य सिर्फ सतही नहीं, बल्कि पेड़ों व झाड़ियों की छंटाई, सड़कों और फुटपाथों की धुलाई, ग्रिल की पेंटिंग और रोड मार्किंग तक विस्तारित है। इससे न सिर्फ सड़कों की सुंदरता बढ़ रही है, बल्कि स्थानीय लोगों और आगंतुकों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित परिवेश भी मिल रहा है।

एनडीएमसी का कहना है कि वन डे वन रोड सिर्फ एक सफाई अभियान नहीं है, बल्कि यह एक समग्र इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और रखरखाव पहल है। इसमें सड़कों की मरम्मत, टूटे फुटपाथों की दुरुस्ती, रेलिंग और कर्बस्टोन की पेंटिंग, रैंप का निर्माण और सेंट्रल वर्ज का हरित सौंदर्यीकरण शामिल है।

# राज्यमंत्री ने पौधशाला का किया निरीक्षण

### पीपल का पौधा रोप कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन) केपी मलिक ने रविवार को धामपुर रेंज के अंतर्गत आने वाली पौधशालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने धामपुर-स्योहारा रोड स्थित मुन्नी देवी मंदिर परिसर में पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। राज्यमंत्री सबसे पहले धामपुर रेंज कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यालय परिसर, दस्तावेजों एवं रजिस्टरों का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने रेंज परिसर में संचालित पौधशाला (नर्सरी) का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। राज्यमंत्री ने साफ-सफाई एवं पौधों की गुणवत्ता को लेकर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद वह स्योहारा क्षेत्र स्थित खलीलपुर पौधशाला भी पहुंचे और वहां की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ताकि आगामी वृक्षारोपण अभियानों को और अधिक प्रभावी तरीके से संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान डीएफओ अभिनव राज, एसडीओ अंशुमन मित्तल, रेंजर गोविंदराम गंगवार, डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह, ज्ञान सिंह सहित वन विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। राज्यमंत्री ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से वृक्षारोपण व संरक्षण कार्य को मिशन मोड में लेकर चलने का आह्वान किया।

## एक नजर

### यूनिफाइड पेंशन योजना से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को होगा फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारियों और उनकी पत्नियों/पति के लिए यूनिफाइड पेंशन योजना की शुरुआत की है। यह योजना उन कर्मचारियों के लिए है जो ३१ मार्च २०२५ या उससे पहले राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत रिटायर हो चुके हैं। न्‍चै योजना का उद्देश्य ऐसे लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है जो अपनी जिंदगी के कई साल देश की सेवा में लगा चुके हैं। इस योजना के तहत तीन बड़े लाभ दिए जाएंगे। पहला लाभ है एकमुश्त भुगतान, जो अंतिम मूल वेतन और महंगाई भत्ते (क।) के आधार पर निर्धारित होगा। यह राशि हर छह माह की पूरी सेवा अवधि पर १/१० मूल वेतन + क। के अनुसार दी जाएगी। दूसरा लाभ है मासिक टॉप-अप राशि, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को छ्‍चै से मिलने वाली एन्युइटी और न्‍चै के तहत पात्र राशि के अंतर को हर महीने भरने के लिए अतिरिक्त सहायता मिलेगी। इससे उनकी मासिक पेंशन में वृद्धि होगी और जीवनयापन में सहूलियत मिलेगी।

### बांग्लादेशी मरीज की कंबाइंड रोबोट एसिस्टेड हार्ट बायपास सर्जरी सफल

**नई दिल्ली।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ मेडिकल मामले में सफलता हासिल करते हुए भारत में पहली बार जीवनरक्षक दोहरी सर्जरी को अंजाम दिया जिसमें हार्ट बायपास सर्जरी (कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग) और ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी (रेडिकल मेस्टेक्टॅमी) को ही एक ही सेशन में किया गया। बांग्लादेश की ७२-वर्षीय बुजुर्ग महिला की यह सर्जरी सफल रही। डॉ ऋत्विक राज भुयान, डायरेक्टर, एडल्ट कार्डियोथोरेसिक एंड वास्क्युलर सर्जरी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला रोड, डॉ अचित पंडित, डायरेक्टर, सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला रोड और डॉ विनीत गोयल, कंसल्टेंट, सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला रोड ने रोबोट-एसिस्टेड कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) के बाद कैंसरग्रस्त ब्रेस्ट और आसपास की ग्रंथियों को निकाला। सर्जरी करीब ११ घंटे चली और मरीज को १२ दिनों के बाद, स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दी गई।

### अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए यशपाल पांचाल



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (एबीवीवीएस) की रविवार को पश्चिम विहार स्थित महाराजा अग्रसेन भवन (ज्वालाहेडी मार्केट) में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा की बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अलावा अलग-अलग राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने शिरकत की। बैठक में विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अगले चुनाव कराने की घोषणा की और राष्ट्रीय कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने अपने तीन साल के कार्यकाल का आम सभा के समक्ष लेखा-जोखा भी पेश किया। इसके बाद हरवीर पांचाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर प्रक्रिया शुरू की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए मौजूदा अध्यक्ष के अतिरिक्त किसी भी सदस्य का नाम प्रस्तावित नहीं किया गया। राज्यों के अध्यक्षों की तरफ से यशपाल पांचाल के नाम के प्रस्ताव का समर्थन करनेष पर चुनाव अधिकारी ने उनको निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। उनका अगला कार्यकाल ३ साल के लिए रहेगा। इसके बाद उनको नए अध्यक्ष के रूप में प्रमाण पत्र भी सौंपा गया।

### 2030 तक 50 नए हिंदलैब्स सेंटर खोलने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** देश में बीमारियों के बढ़ते बोझ की समस्या को हल करने और भविष्य में होने वाली महामारियों से निपटने के प्रयास में भारत की क्षमता बढ़ाने के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम- एचएलएल लाईफकेयर लिमिटेड (एचएलएल), अपने हिंदलैब्स डायग्नॉस्टिक डिविजन में उल्लेखनीय विस्तार कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य देश भर में उच्च गुणवत्ता की किफायती डायग्नॉस्टिक्स सेवाओं का विस्तार करना है। एचएलएल, २०२५-२६ में अपने ६० सालों की सफल यात्रा का जश्न मना रहा है। इस बीच हिंदलैब्स मौजूदा मार्केट रेट से काफी कम कीमतों पर डायग्नॉस्टिक सेवाएं प्रदान करना जारी रखे हुए है, जिससे लाखों परिवारों पर आर्थिक बोझ को कम करने में मदद मिलती है। अजीत एन, डायरेक्टर ऑफ मार्केटिंग, एचएलएल लाईफकेयर ने कहा एचएलएल का डायग्नॉस्टिक्स सर्विसेज डिविजन भारत में डायग्नॉस्टिक सेवाओं में बदलाव लाने के लि प्रतिबद्ध है।

### एमराल्ड ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025 का भव्य समापन



**नई दिल्ली।** कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, सेक्टर ९ में आयोजित दो दिवसीय "८वीं एमराल्ड ताइक्वांडो चौम्पियन शिप २०२५" का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एमराल्ड मार्शल आर्ट्स एकेडमी की विभिन्न शाखाओं के ३ से १७ वर्ष आयु वर्ग के ५०० खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया। समारोह के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में सिटिजन अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरेन्द्र वर्मा; केबीडी के प्रबंध निदेशक रमेश गोयल; भाजपा चंडीगढ़ उत्तराखंड प्रकोष्ठ के चेयरमैन भूपिंदर शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ समाजसेविका मधुलिका स्याल उपस्थित थीं। आयोजक मास्टर शिवराज घर्ती (६वीं डैन ब्लैक बेल्ट, कोरिया) और मास्टर कविता राय घर्ती ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों की ऊर्जा, अनुशासन और खेल भावना की सराहना की और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु एकेडमी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

### टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो हुई खराब, लगी भारी भीड़

**नई दिल्ली।** बहादुरगढ़ से इंद्रलोक के बीच टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो खराब हो गई। जिसकी वजह से सुबह ऑफिस जाने वाले यात्रियों को परेशान हुई। वहीं दिल्ली मेट्रो की ओर से ३० मिनट बाद अनाउंसमेंट की गई। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो खराब हो गई, जिसकी वजह से ३० मिनट से इसी स्टेशन पर मेट्रो खड़ी रही।



दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने मॉडल टाउन क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने गोशालाओं के विकास से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए।

# विकास मंत्री ने किया मॉडल टाउन क्षेत्र का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने मॉडल टाउन क्षेत्र का दौरा किया, जहाँ उन्होंने गौशालाओं के विकास एवं गौवंश के पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ अहम् चर्चा की। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण सुझाव और माँगें भी मंत्री के समक्ष रखी गईं। बैठक में गौशालाओं के संचालन एवं रख-रखाव के लिए भूमि पट्टे (लीज) की अवधि बढ़ाने का और गौशालाओं को दिए जाने वाले चारे हेतु २० रुपए प्रति गौवंश की दर को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार वृद्धि करने का अनुरोध किया गया। मंत्री कपिल मिश्रा के समक्ष गौशाला संचालकों ने गाय के उत्पादों जैसे दूध, घी, पनीर के साथ ही उपले आदि की बिक्री की अनुमति देने का भी सुझाव दिया ताकि गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकें। मौजूदा समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गौशाला संचालकों ने सरकार को गोशालाओं से जुड़े नियमों में भी संशोधन करने की सिफारिश की।निराश्रित गौवंश के पुनर्वास के संबंध में मंत्री कपिल मिश्रा को दिल्ली सरकार के पशुपालन निदेशक ने अवगत कराया कि गौवंश के पुनर्वास का कार्य वर्तमान में दिल्ली नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।

उपरोक्त सभी पहलुओं की गंभीरता को देखते हुए मंत्री कपिल मिश्रा ने निर्देश दिया कि गौशालाओं के विकास एवं गौवंश के पुनर्वास को लेकर रोडमैप तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक जल्द ही आयोजित की जाए जिसमें आयुक्त, दिल्ली नगर निगम; विकास विभाग के आयुक्त, अतिरिक्त निदेशक (पशु चिकित्सा) तथा पशुपालन निदेशक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।इसके अलावा मंत्री कपिल मिश्रा ने निर्देश दिया कि गौशालाओं के सभी कार्यों की समीक्षा हेतु एक विशेष बैठक का आयोजन ५ जून २०२५ को किया जाएगा,जिसमें मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल भी उपस्थित रहेंगे और गौशाला संचालकों के सुझावों और मांगों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

पिछले हफ्ते ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी दिल्ली में गौशालाओं के विस्तार और नई गौशालाएँ बनाये जाने को लेकर तमाम दिशा निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिए थे। इसी क्रम में विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने आज मॉडल टाउन क्षेत्र का दौरा किया। इसको लेकर कपिल मिश्रा ने कहा, "दिल्ली की सड़कों पर जल्द निराश्रित गौवंश नजर आने बंद हो जायेंगे।

# कार्ड स्वैपिंग धोखाधड़ी का भंडाफोड़, दो धोखेबाज पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एटीएम कार्ड स्वैपिंग धोखाधड़ी का भंडाफोड़ कर दो सीरियल धोखेबाजों को पकड़ा है। आरोपी नकदी निकासी में मदद की पेशकश के बहाने एटीएम उपयोगकर्ताओं को निशाना बनाते थे।पुलिस ने उनके पास से विभिन्न बैंकों से चोरी किए गए ४१ डेबिट कार्ड और चोरी की गई स्कूटी जब्त की है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि २३ मई, को, एएसआई सतेंद्र को एक विश्वसनीय सूचना मिली कि लोनी के रहने वाले दो जाने-माने जालसाज-आसिफ (२५) और तालिब (२५) जो वाहन चोरी और एटीएम धोखाधड़ी में शामिल है।वे एक और धोखाधड़ी करने के लिए चोरी की गई स्कूटी पर शाहदरा-मौजपुर इलाके में आयेंगे। इस सूचना के मिलते ही एसीपी यशपाल सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर सुनील कुंडू के नेतृत्व में एसआई शैलेंद्र तिवारी, एएसआई सतेंद्र, हेड कांस्टेबल सुरजीत और चंद्र प्रताप की टीम ने अंबेडकर कॉलेज के पीछे कर्दमपुरी नाला रोड के पास अपना जाल बिछाकर आरोपी आसिफ और तालिब उर्फ कल्लू को पकड़ लिया।

पुलिस ने उनके पास से विभिन्न बैंकों से चोरी किए गए ४१ डेबिट कार्ड और चोरी की गई स्कूटी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने -विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों या भ्रमित दिखने वाले एटीएम उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने के लिए एक रणनीति तैयार की थी।उनमें से एक पीड़ित के पास जाता और एटीएम में मदद की पेशकश करता। मदद करने का नाटक करते हुए, वे चुपके से पीड़ित को अपना पिन दर्ज करते हुए देखते।

# हरिदास जी महाराज ने मनाया शनिजन्मोत्सव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कृष्णा नगर क्षेत्र में यमुना बचाओ यात्रा के प्रमुख संत श्री प्रीतम धाम दशमेश घाट चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक बाबा हरिदास जी महाराज ने साधू-संतो और आम नागरिकों के संग हर्षोल्लास के साथ 'एक शाम मां यमुना के नाम' मनाया शनि जन्मोत्सव, बाबा हरिदास जी ने कहा शनि ग्रहों में न्याय के ग्रह देव है जो कर्म के अनुसार फल देते है। जो अच्छा कर्म करता है उसे अच्छा फल देते है और जो खराब कर्म करता है उसे खराब फल देते है।

आमलोगों को शनि से डरने की जरूरत नही है बल्कि शनि को समझने की जरूरत है जिस रोज लोग शनि को समझ जाएंगे उस रोज लोग शनि को अपना दुश्मन नही मित्र मानने लगेंगे। हे मानव आप अपने कर्म पर हमेशा ध्यान रखें की आपका कर्म कहीं गलत न हो जाए। आप अपने मन, कर्म और वाणी से किसी को दुखी ना करे। आप हमेशा नदियों को गंदा ना करे, कमजोर, गरीब, बेजुबान पशु-पक्षी, पेड़ पौधों की सेवा करें लोक कल्याण कार्य करें शनि आप पर सदैव खुश रहेंगे और आपका जीवन सदैव शांति, स्वस्थ, सुख और आनंदमय रहेगा।

इस महोत्सव में सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य गौरव दुबे जी को आमंत्रित किया गया था जिन्होंने अपनी मधुर वाणी से सुंदरकांड पाठ से आए हुए सभी भक्तगणों का मन मोह लिया। ट्रस्ट के महामंत्री डॉ . आर पी सिंह ने बताया कि वैसे तो यह संस्था समय समय पर यज्ञ पद्धति,बेजुबानों की सेवा,पक्षी दाना,चींटियों का भंडारा, वृक्षा रोपण , ज्ञान दान ,अन्न दान, आरोग्य सेवा,जलवायु शुद्धिकरण के अलावा यमुना बचाओ पर भी काम कर रही है।

मीडिया प्रभारी डॉक्टर गोविंद पासवान ने बताया कि आज इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री १००८ राजेशानंद जी महाराज,श्री श्री १००८ साध्वी पूर्णिमा जी,संत शिरा. मणि योगी अमर नाथ जी,संत शिरोमणि योगी अशोकानंद जी ,योगी कैलाश नाथ अखाड़ापति के अलावा मुख्य सलाहकार एवं सचिव पंडित अनिल गजराज जी महाराज , श्री वाल्मीकि जी महाराज,डॉक्टर राजकुमार धीगया,अरुणा जी ,किन्नर समाज सेविका पूजा कुंडल , चित्रा विहार हनुमान मंदिर के संस्थापक विजय कुमार वर्मा अपने धर्म योद्धा के साथ शनि देव महोत्सव में अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर शनि देव जयंती पर सुंदर कांड पाठ का आनंद लिया।

# स्पोर्ट स्टाइल के बनाएंगे नए नियम शुभमन गिल हुए टीम ओकले में शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर, शुभमन गिल ओकले के अगले ब्रांड एम्बेसडर बन गए हैं। वो भारत में ''आर्टिफैक्ट्स फ्रॉम द फ्यूचर'' अभियान का चेहरा होंगे। शुभमन गिल क्रिकेट की दुनिया में सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। गिल ने अपने स्थिर प्रदर्शन, शानदार शॉट्स और दबाव में भी अच्छे खेल के साथ पूरी दुनिया में अपने फैन बना लिए हैं। वो खेल के सभी फॉर्मेट्स में एक उभरते हुए खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो गए हैं। उनकी उपलब्धियाँ और बेहतरीन सफर भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिससे दृढ़ निश्चय और उत्कृष्टता की शक्ति का प्रदर्शन होता है। इस गठबंधन के लिए उत्साहित शुभमन गिल ने कहा, ''मैं ओकले से जुड़कर बहुत उत्साहित हूँ। यह ब्रांड परफॉर्मेंस, प्रगति और जुनून का प्रतीक है। ये गुण मुझे बहुत प्रभावित करते हैं। जब भी मैं मैदान पर रहा हूँ, ओकले हर बार मेरे क्रिकेट के सफर का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहा। हर ओकले उत्पाद में उनकी इनोवेटिव लेंस और फ्रेम टेक्नोलॉजी मेरी परफॉर्मेंस बढ़ाने में मदद करती है। वो बहुत स्टाईलिश हैं, इसलिए मुझे बहुत पसंद हैं।''ओकले में सीनियर ब्रांड बिजनेस मैनेजर, साहिल जंदियाल ने कहा, ''खेल में ओकले की जड़ें बहुत गहरी हैं। यह खिलाड़ियों के समुदाय और संस्कृति के साथ परफॉर्मेंस की सीमाएं बढ़ाते रहने के लिए प्रेरित करता है। परफेक्शन और प्रगति की ओर निरंतर बढ़ते हुए शुभमन गिल ओकले की इसी भावना को आत्मसात करते हैं। मुझे विश्वास है कि यह साझेदारी लाखों लोगों को लगातार तब तक आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करेगी, जब तक वो सर्वश्रेष्ठ न बन जाएं... इससे आगे भी यह प्रेरणा जारी रहेगी।'

### प्रांतीय शिविर में लिया वीरांगनाओं ने प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस स्थित रघुमल आर्य कन्या विद्यालय में आर्य वीरांगना दल, दिल्ली प्रदेश की ओर से आर्य नेता ठाकुर विक्रम सिंह की अध्यक्षता में चरित्र निर्माण एवं आत्म रक्षण शिविर का आयोजन हुआ। संचालिका शारदा आर्या के अनुसार दिल्ली की विभिन्न बस्तियों की सौ वीरांगनाओं ने लाठी, तलवार, जूडो-कराटे, संगीत कलाओं का प्रशिक्षण लिया। व्यायाम प्रदर्शन के दौरान आर्य नेत्री वीणा आर्य, ज्योति सहगल, संध्या बजाज, रशिम वर्मा ने देश, धर्म, समाज व आत्मरक्षा की प्रतिज्ञाएं कराई। प्रांतीय मंत्रीणी विभा आर्य ने दीक्षांत समारोह में नवयुवतियों को वीरांगना बनने के गुण सिखाए। उन्होंने कहा- देश रक्षा हो या स्वास्थ्य सुविधाएं हर मोर्चे पर महिला शक्ति आगे है। आर्य वीरांगना साप्ताहिक शिविर की सफलता में विद्यालय की प्राचार्य किरण तलवार, प्रबंधक संजय आर्य, आर्य वीर दल के दिल्ली सचिव बृहस्पति आर्य, कौशल्या आर्या, हर्ष आर्या, विजय रानी, डॉक्टर लिपिका आर्या, अंजली आर्या का योगदान रहा।

### तेज आंधी और बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अभी मौसम मिलाजुला ही रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से धूल भरी तेज आंधी चलने और हल्की वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान तापमान सामान्य से कम या उसके आसपास ही रहेगा। दिल्ली की वायु गुणवत्ता अभी संतोषजनक श्रेणी में चल रही है। सोमवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान २५.२ डिग्री दर्ज किया गया।

# किसान के पीछे दौड़ा गुलदार

**अफजलगढ़।** खेतों पर मजदूरों से काम करा रहे किसान पर गुलदार ने हमला कर दिया। किसान ने ट्यूबवेल की कोठरी में छिपकर जान बचाई। शोर सुनकर मजदूरों ने गुलदार को जंगल की ओर खदेड़ दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला गौहर अली खां निवासी पूर्व सभासद खलील खान उर्फ पप्पू पठान के छोटे भाई अतीक अहमद खान सलावतनगर पंचायत के गांव भागिजोत स्थित अपने खेतों पर मजदूरों से काम करा रहे थे। इसी दौरान खेतों में घूमने के दौरान किसान अतीक अहमद खान पर गुलदार हमला करने की नियत से पीछे दौड़ पड़ा, जिससे किसान ने खेत में बनी ट्यूबवेल की कोठरी में छिपकर जान बचाई। खेतों में काम कर रहे व बाग में रखवाली कर रहे मजदूरों जावेद, ताहिर, सन्दीप, महिपाल, रमेश आदि ने शोर सुनकर गुलदार को जंगल की ओर खदेड़ दिया।किसान पूर्व सभासद खलील खान उर्फ पप्पू पठान सहित पास के किसानों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की ताकि कोई जनहानि ना हो।

### हॉस्पिटैलिटी को नई परिभाषा देने का प्रयास



**नई दिल्ली।** वोको होटल टाइम्स स्क्वेयर के विकास की घोषणा की है एवेन्यू और वेस्ट ४८वीं स्ट्रीट, मैनहट्टन में स्थित एक नया ४२२-कमरों वाला हाई-राइज होटल। २०२१ के जोनिंग परिवर्तनों के कारण यह टाइम्स स्क्वेयर में बनने वाला अंतिम होटल होगा। होटल का उद्घाटन७४ २०२५ में निर्धारित है। इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं अनुभवी साझेदार: स्टीफन (चिप) वीस जूनियर, एंड्रयू बी. वीस, विनोद के. चांद, और राज गुरु। इनकी संयुक्त विशेषज्ञता निर्माण, विकास और एसेट प्रबंधन में दशकों तक फैली हुई है, विशेष रूप से न्यूयॉर्क सिटी की जटिल रियल एस्टेट दुनिया में। वोको होटल में तीन प्रीमियम फूड एंड बेवरेज वेन्यू होंगे, जिनमें टाइम्स स्क्वेयर के मनोहारी दृश्यों वाला इनडोर/आउटडोर रूफटॉप बार शामिल है ।

### सॉल्व फॉर टुमॉरो चैलेंज आयोजित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास करते हुए, लिंग्याज लालिता देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेज ने सैमसंग के वैश्विक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी इनिशिएटिव ष्सॉल्व फॉर टुमॉरोष चैलेंज का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम आईआईटी दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के समाधान हेतु नवाचार और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत को २०४७ तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की प्रतिबद्धता को बल मिला। इस आयोजन में प्रमुख संसाधन व्यक्तियों में आईआईटी दिल्ली की ओर से वनीता वासुदेवा और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के सुजीत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन एलएल डीआईएमएस के निदेशक प्रो. (डॉ.) प्रणव मिश्रा ने किया, जिन्होंने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रों को इस पहल में पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

शाह टाइम्स


स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# अधिवक्ता अरूण राघव बने अंतर्राष्ट्रीय कॉउंसिल ऑफ जुरिस्ट्स के सदस्य

## क्षेत्रवासियों ने दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित अधिवक्ता अरूण कुमार राघव को अन्तरराष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त संस्था इंटरनेशनल कौंसिल ऑंफ जुरिस्टस (लंदन) द्वारा विशिस्ट सदस्य के रूप मे वर्ष 2025 से 2030 तक के लिए औपचारिक रूप से नामित किया गया है। यह सम्मान विधिक क्षेत्र मे उनके दीर्घकालिक योगदान, समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्वता और न्यायिक दृष्टिकोण मे उनकी गहन समझ को ध्यान मे रखते हुए प्रदान किया गया है। इस महत्वपूर्ण पदनाम की घोषणा संस्था के तथा आल इंडिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ0 आदिश सी0 अग्रवाला और संस्था के निदेशक सारा जे0 मार्चिंगटन द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। इंटरनेशनल कौंसिल ऑंफ जुरिस्टस (लंदन) एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की विधिक संस्था है, जो दुनियाभर के न्यायविदो, विधिक विशेषज्ञो एवं न्यायाधीशो को एक मंच पर लाकर वैश्विक कानून व्यवस्था मे सहयोग को बढावा देती है। सर्वविदित है कि मोदीनगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण राघव लंबे समय से जनहित और सामाजिक न्याय से जुडे कई मुकद्दमो मे सक्रिय रूप से भूमिका निभाते आ रहे है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी यह नियुक्ति मोदीनगर के लिए गर्व का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियो, अधिवक्ताओ, शिक्षाविदो और समाजसेवियो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती पर प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक भोजपुर में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अहिल्याबाई होलकर जी के अद्वितीय योगदान, प्रशासनिक दक्षता, धार्मिक सहिष्णुता तथा समाजसेवा के लिए उनके प्रेरणादायी जीवन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश त्यागी (प्रदेश प्रवक्ता) रहे। चौधरी चैनपाल सिंह (जिलाध्यक्ष, जिला गाजियाबाद) की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम आयोजक माननीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने अपने वक्तव्य में कहा कि अहिल्याबाई होलकर जी का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। उनके कार्य आज भी शासन, समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के आदर्श उदाहरण हैं। हमें उनके सिद्धांतों पर चलकर जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, अशोक माहेश्वरी, दिनेश सिंघल, नितिन मित्तल, देवेंद्र चौधरी, सतेन्द्र त्यागी, राजेन्द्र वाल्मीकि, नवीन जायसवाल, कुमुदी चौधरी, जीतेन्द्र चित्तोडा, आकाश शर्मा, दीपक गुर्जर, सचिन त्यागी, रोहित तोमर, बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन से प्रेरणा लेने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

# कंडेरे करन समाज कल्याण संगठन ने मनाई अपनी 40वीं वर्षगांठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कण्डेरे करन समाज कल्याण संगठन दिल्ली प्रदेश ने अपना 40वीं वर्षगांठ अपनी निर्माणाधीन धर्मशाला के पास नत्थूपुरा चौक बुराड़ी में मनाई। जिसके तहत बिस्कुट केले और मीठे शरबत का वितरण किया। इस संगठन ने इन चालीस वर्षों में काफी काम किए हैं जैसे कि:-समाज को गौरवान्वित करने वाला उपनाम देना -तेहरवीं में एक रुपया का नियम लाना -आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं का विवाह करना -आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की आर्थिक मदद करना -पारिवारिक विवादों को सुलझाना -समाज के लोगों के सरकारी प्रमाण पत्र बनवाना -समाज के हर व्यक्ति के साथ हर समस्या में सहयोग करना -गोवर्धन में धर्मशाला का निर्माण करना -बुराड़ी में निर्माणाधीन धर्मशाला का निर्माण कराना (कोर्ट केस के कारण निर्माण कार्य अधूरा है) संगठन के संयोजक एवम् संस्थापक सदस्य कंछी लाल ने संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों और समाज बंधुओं को बधाई दी संगठन अच्छे कार्य करे सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को संकल्प दिलाया। संगठन के अध्यक्ष धर्मपाल ने कहा कि संगठन भविष्य में समाज से जुड़े अच्छे कार्य करता रहेगा। संगठन के युवा उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार(योगी) ने कहा कि बुराड़ी धर्मशाला का निर्माण कराना, समाज एकता करना, शिक्षित समाजऔर समाज तरक्की ही हमारा लक्ष्य है। संगठन के कार्यकारी महासचिव सूरज प्रकाश ने कहा कि संगठन पूरे समाज को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करने के लिए समर्पित है। गाजियाबाद से भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार कंडेरे ने संगठन के चालीस वर्ष से समाज सेवा के लिए बधाई दी और कहा कि संगठन ऐसे ही काम करता रहे। इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। राजेंद्र निर्वाण कल्याण सिंह गिरिराज नरेश नितिन त्रिलोक राम रतन संजय संजीव दिनेश देवेंद्र दिनेश रणबीर करन समाज कल्याण संगठन (पश्चिमी दिल्ली दिल्ली प्रदेश) अध्यक्ष गजराज सिंह महासचिव दीवान सिंह सतीश चंद्र नानक मुकेश गौड़ उमाशंकर सोनू (प्रचारमंत्री) और काफी संख्या में समाज बंधुओं ने अपना योगदान दिया और इस पावनवेला के हिस्सा बने।

## बेसिक शिक्षा विभाग ने किए कार्य सराहनीय: मयंक गोयल

# आगामी वर्ष में हर विद्यालय को निपुण बनाना हमारा लक्ष्य: अभिनव गोपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण / शिलान्यास / शुभारंभ किए जाने हेतु समारोह का आयोजन लोक भवन लखनऊ में किया गया। जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण जनपद स्तर पर हिंदी भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भाजपा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओवपीव यादव, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक, एसवआरवजी, एवआरवपीव, सभी ब्लॉकों के शिक्षक संघ के नेतागण, परिषदीय विद्यालय अध्यापकगण, विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में सभी विकासखंड/ नगर क्षेत्र से आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास, निपुण विद्यालय के एक-एक अध्यापकों एवं समर कैंप के एक-एक अनुदेशक अथवा शिक्षामित्र को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मयंक गोयल द्वारा इस वर्ष आयोजित बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम में बालिकाओं की उपलब्धियां की प्रशंसा की साथ ही सभी को खूब पढ़ने एवं बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि मोदी जीख्रयोगी के नेतृत्व में ख्बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किये गये कार्य सराहनीय हैं।

अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अपने प्रेजेंटेशन में जनपद गाजियाबाद में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यों एवं नवीन उपलब्धियां के बारे में चर्चा की गई। साथ ही बेसिक शिक्षा के क्षेत्र मे सत्र 2025-26 में और क्या कुछ किया जाना है इस पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि आगामी वर्ष में हर विद्यालय निपुण होगा यह हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया इस कार्यक्रम का मंच संचालन पूनम शर्मा एसआरद्वारा किया गया।

# ओरा स्पोर्ट्स क्लब के 12 खिलाड़ियों ने अशीहारा कराटे बेल्ट एग्जाम किया पास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पंचकूला लाल कुआं पर स्थित मार्शल आर्ट अकादमी में आयोजित बेल्ट एग्जाम में खिलाड़ियों का फिजिकल मौखिक और अनुशासन का एग्जाम हुआ। मुख्य प्रशिक्षक सुमित शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया की सभी खिलाड़ियों ने अपनी अच्छी प्रतिभा दिखाकर बेल्ट एक्जाम को पास किया। बेल्ट एग्जाम के ऑल ओवर टॉपर्स में प्रथम स्थान अनन्या शाक्य ने ब्राउन तृतीया बेल्ट टेस्ट को पास करके प्राप्त किया और दूसरे स्थान पर वरुण राघव ने ऑरेंज बेल्ट को पास करके स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर दर्श ने ब्लू बेल्ट को पास करके स्थान को प्राप्त किया। बेल्ट विजेताओं के नाम -

जिसमें रेड बेल्ट के प्रथम विजेता गनिशा दूसरे विजेता तन्मय तीसरे विजेता युवाम ने इस बेल्ट टेस्ट को पास किया। ऑरेंज बेल्ट के प्रथम विजेता वरूण राघव रहे। ब्लू बेल्ट के प्रथम विजेता दर्श दुसरे विजेता सौरभ और तीसरी विजेता रिद्धि शर्मा रही। येलो बेल्ट के प्रथम विजेता सुमित यादव ने इस बेल्ट टेस्ट को पास किया। ग्रीन प्रथम बेल्ट के प्रथम विजेता तनु सारस्वत दूसरे विजेता अमन सारस्वत तीसरी विजेता सार्थक ने इस बेल्ट टेस्ट को पास किया। ब्रांउन तृतीय के प्रथम विजेता अनन्या शाक्य ने इस बेल्ट टेस्ट को पास किया। बेल्ट एग्जाम के मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह ने बच्चों को बेल्ट और मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और बेल्ट एग्जाम में नैतिक, यथार्थ, विराट आर्य ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। ओरा स्पोर्ट्स क्लब के प्रशिक्षक सेंसई सुमित शाक्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सतीश नेहरा बने जाट समाज मोदीनगर के पुन: निर्विरोध अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** जाट समाज मोदीनगर की एक मीटिंग में सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल बढाते हुए सतीश नेहरा को पुन: अध्यक्ष व लक्ष्मण राठी को महासचिव नियुक्त किया गया। मीटिंग का आयोजन जाट समाज के कार्यालय के एन मोदी काम्पलेक्स में हुआ। अध्यक्ष सतीश नेहरा ने सभी उपस्थित समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों को आश्वस्त किया कि वे समाज के हित के लिए सकारात्मक सोच के



साथ निरन्तर कार्य करते रहेंगे उन्होंने अपने विगत तीन वर्षों के कार्यकाल में किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यो से सभी उपस्थित व्यक्तियों को अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक पूर्व प्रधानाचार्य चौ० सुखबीर सिंह बीडीओ चौ० नेपाल सिंह, चौ० जगबीरपाल सिंह सोहनवीर मास्टर, प्रो. सत्यवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, किसान नेता नेता चौ० धर्मेन्द्र नेहरा, बाबा परमेन्द्र आर्य बाबा रामनारायण संजीत नेहरा सतीश तेवतिया. सोविन्द्र चौ० अरविन्द सुनील नेहरा, अनिल नेहरा, सरलपाल राठी शोकेन्द्र मास्टर, सरखपाल चौ० ओमपाल सिंह आदि जाट समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव हुए सम्पन्न



### अंकुर मित्तल राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रिन्स कंसल बने महामंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भारतवर्ष के समस्त वैश्य उपवर्गों के राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए जिसके अलीगढ़ निवासी अंकुर मित्तल लगातार चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए मोदीनगर जनपद गाजियाबाद के निवासी प्रिंस कंसल राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हरदुआगंज निवासी हृदयेश मित्तल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद पर आसीन हुए!

अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में निर्वाचित हुए पदाधिकारियों में उपरोक्त सभी के साथ इंदौर मध्य प्रदेश निवासी डॉ संजय बिन्दल अलीगढ उत्तर प्रदेश के विशाल गर्ग बीडीके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर सूरत गुजरात से विश्वनाथ पचेरिया हाथरस उत्तर प्रदेश के निवासी ललतेश गुप्ता अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से विनय कुमार अग्रवाल महामंत्री के पद पर योगेश वार्ष्णेय शानू व जीतेन्द्र गोविल संगठन मंत्री एवं गौरव गोदानी व मनीष अग्रवाल सचिव पद पर निर्वाचित हुए!

अखिल भारतीय वैश्य समाज संगठन की चुनाव प्रक्रिया के उपरांत अलीगढ स्थित राष्ट्रीय कार्यालय की ओर से सम्पन्न हुई राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह में पधारे संगठन के मार्गदर्शक एवं पूर्व विधानसभा सदस्य विवेक बंसल व मुख्य अतिथि अलीगढ़ नगर निगम के महापौर प्रशांत सिंघल ने निर्वाचित हुए सभी पदाधिकारियों को बधाइयां देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की! राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक व शपथ ग्रहण समारोह का शुभारम्भ भारत माता व आराध्य देवी माँ लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ववलित कर किया गया! कार्यक्रम में अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के मार्गदर्शक एवं पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा कि वैश्य समाज हमेशा से ही भारतवर्ष का अग्रणी समाज रहा है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल के नेतृत्व और कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से वैश्य समाज नित नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा!

कार्यक्रम का संचालन निर्वाचित महामंत्री ललतेश गुप्ता व प्रांतीय महामंत्री ताराचंद माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से किया राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक व शपथ ग्रहण समारोह में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व अतिथियों का स्वागत संगठन का पटका पहनाकर व स्मृतिचिन्ह देकर किया गया शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपरोक्त सभी के साथ मनोनीत राष्ट्रीय सचिव अतीत अग्रवाल तरुण पंकज राष्ट्रीय सलाहकार समिति के संयोजक राजकुमार कंसल मीडिया फॉर यू के सम्पादक नीरज गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर बंसल प्रांतीय महामंत्री ताराचंद महेश्वरी क्षेत्रीय संयोजक विनय गुप्ता जिला अध्यक्ष मनोज गोयल एडवोकेट प्रवीण अग्रवाल सहित वैश्य वर्ग के तमाम वर्गो व उपवर्गो के प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

## एक नजर

# उत्तर प्रदेश बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन 29 मई से



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश बैडमिन्टन एसोशिएशन द्वारा प्रथम मेजर सब जूनियर स्टेट टूर्नामेन्ट के आयोजन का दायित्व गाजियाबाद बेडमिन्टन। एसोशिऐसन सौपा गया है। प्रतियोगिता का आयोजन सिटी क्लव गोल्फ लिंक, (लैन्डक्राफ्ट) के बैडमिन्टन एरीना में तीन कोर्टस पर आयोजित होगा।

29 मई से 31 मई तक आयेजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 200 बालक-बालिका खिलाडियों के प्रतिभाग करने की सम्भावना है। टूनामेन्ट का संचालन यू०पी०बी०ए० से नियुक्त टेक्निकल टीम करेगी, जिसमे चीफ रेफी गोरखपुर से अजय सिंह, दूनमिन्ट कन्ट्रोलर कानपुर के अरशद अहमद के साथ महाराज गंज, कानपुर, उन्नाव, अलीगढ़, हापुड व गाजियाबाद के एम्पायर होगें।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ 29 मई को प्रात: 9 बजे से होगा, तथा इस विशाल प्रतियोगिता के उद्घ्द्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अजीत पाल त्यागी, विधायक मुरादनगर होगे एवं समारोह की अध्यक्षता गाजियाबाद बैडमिन्टन एसोशिऐसन के अध्यक्ष ललित जायसवाल करेगें।प्रतियोगिता नाक आउट आधार पर आयोजित है तथा विजेताओं को कैश प्राइज मनी एक लाख निर्धारित है। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में योनेक्स ए०एस०-2 शटल प्रयोग की जायेगी।

# केंद्रीय विद्यालय आर्डिनेंस फैक्ट्री में चल रहे सीएटीसी, 123 कैंप के सातवें दिन का आरम्भ योग से किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर!** यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में चल रहे सी ए टी सी,123 कैंप के सातवें दिन का आरंभ योग से किया गया। सभी एनसीसी कैडेट को योग के फायदे व योग से हम किस प्रकार अपने शरीर व मस्तिष्क में परिवर्तन लाकर स्वस्थ रह सकते हैं इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

तत्पश्चात डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया ने आर्मी इतिहास पर अपना व्याख्यान दिया। इसके बाद लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ ने सिविल डिफेंस के बारे में एनसीसी कैडेट को समझाया। तत्पश्चात पी आई स्टाफ द्वारा कैडेट को शस्त्र प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। सायं काल में एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार व एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता के निर्देशन मे कैडेट की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें एनसीसी कैडेट ने आतंकवाद, वृक्ष लगाओ, पानी बचाओ विषय पर अपनी कल्पनाओं के द्वारा तूलिका व रंगो के माध्यम से सुंदर चित्र को कागज पर उकेरा। इसके बाद लेफ्टिनेंट नगेंद्र कुमार व लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ के निर्देशन में खेलकूद प्रतियोगिता का फाइनल कराया गया।

कैंप की प्रत्येक गतिविधि का निरीक्षण कैंप कमांडेंट कर्नल पी के सिंह ने किया।इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया, सूबेदार मेजर परमानंद ,जीसीआई सोनिया, केयर टेकर कोमल, सूबेदार निर्दोष थापा, सूबेदार सूर्यमान गले, सूबेदार अफतार हुसैन, हवलदार पंकज कुमार, हवलदार संजीत कुमार ,हवलदार संतोष कुमार यादव, हवलदार पवन, हवलदार भूपराम, मनोज कुमार ,विनय, विपिन कुमार, फरजंद अली, चंद्रवीर आदि लोग उपस्थित थे।

# विकास दीक्षित के चमत्कार से एलबी शास्त्री क्लब चैम्पियन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच मे विकास दीक्षित अविजित 53 रन व 04-02-12-04 के बल्ले व गेद से चमत्कारिक प्रदर्शन द्वारा एलबी शास्त्री क्लब, दिल्ली ने एचसीए पायनियर क्लब को 14 रनो से हरा कर बाडीकेयर कप पर कब्जा कर लिया। टास जीत कर एचसीए पायनियर ने वर्षा बाधित मैच मे निर्धारित 20-20 ओवर मुकाबले मे पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया तथा आईपीएल खिलाड़ी राजन कुमार की कसी गेंदबाजी 04-01-10-03 से एलबी शास्त्री क्लब को 136 रनो पर रोक दिया केवल विकास दीक्षित ने अविजित 53 रन 43 गेद व सूरज 45 रन 56 गेद ने ही तूफानी गेंदबाजी का प्रतिरोध कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलबी शास्त्री को यथार्थ सिंह ने पहले ओवर मे ही 2 विकेट लेकर जबरदस्त नुकसान किया मात्र गौरव तोमर 63 रन 42 गेद ने साहसिक प्रयास किया परन्तु विकास दीक्षित की फिरकी गेंदबाजी ने 4 विकेट लेकर टीम को 122 रनो पर रोक कर टीम को चौम्पियन बना दिया। मुख्य अतिथि प्रवीण त्यागी सीएमडी वीवीआईपी ग्रुप व संजय डाबर डायरेक्टर बाडीकेयर ने विकास दीक्षित को मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द टूर्नामेंट, अरनव बुगा को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, व विवेक तिवारी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के पुरस्कार के साथ विजेता कप्तान मोहित एहलावत को बाडीकेयर कप व उपविजेता टीम कप्तान विजन पांचाल को ट्रॉफी प्रदान की तथा दोनो ही टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 1-1 किट,किटबैग,जूते,चश्मे, व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# टीआरएम स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक उत्कृष्टता व अभिनंदन समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित टी0आर0एम (तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल)में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी की प्रेरणा से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में कक्षा दसवीं व 12वीं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि व निर्देशक गौरव माहेश्वरी व शैक्षिक निर्देशिका राधिका माहेश्वरी ने 'शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार' व 'पदक' देकर सम्मानित किया।

सर्वप्रथम विद्यालय के नन्हे बच्चों ने मुख्य अतिथि को तिलक लगाकर व पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। तदुपरांत मुख्य अतिथि गौरव माहेश्वरी, राधिका माहेश्वरी, प्रधानाचार्या रजनी ओहरी ने सामूहिक





रूप से दीप प्रज्वलित कर सरस्वती मां को फूल माला अर्पित की । कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं के स्वागत गीत से हुआ। देवेंद्र चौधरी ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों व पत्रकारों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसी बीच अंजू शर्मा ने मुख्य अतिथि के बारे में कार्यक्रम में बताया कि वे किस तरह समय-समय से विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं।

कक्षा 12वीं के विज्ञान वर्ग में -रिदम अग्रवाल 93.2%, रुद्र प्रताप सिंह 92% ,नील गुप्ता 90.2%. अंक प्राप्त किए ।

वाणिज्य वर्ग में -पार्थ गुप्ता 95.2% ,शुभांगी अग्रवाल 94.8%,काव्य गोयल 94.2%, ध्रुव अग्रवाल 92.8%

शगुन यादव 89.8% ,भानू 89.6% अंक प्राप्त किए।

कक्षा दसवीं में -अंशिका गुप्ता 97.8% ,दिया 92.4%, मानसी शर्मा 92.2%,

आयुष कुमार 89.8% ,सौम्या सिंह 89.6% अंक प्राप्त किए।

विज्ञान विषय में कक्षा दसवीं की अंशिका गुप्ता ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

अंग्रेजी विषय में कक्षा 12वीं के काव्य गोयल ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

विद्यालय की प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को शिक्षा के क्षेत्र में शानदार व सराहनीय प्रदर्शन करके विद्यालय को गौरवान्वित करने पर बधाई दी। गौरव माहेश्वरी व राधिका माहेश्वरी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भविष्य की प्रगतिशील यात्रा की शुरुआत है। आप इसी तरह उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करते रहें। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी ओहरी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं की इस अद्भुत उपलब्धि पर विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपके बच्चों के शानदार प्रदर्शन और स्कूल की प्रगति में आपके योगदान के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूं। आपकी सकारात्मक सोच और सहयोग से हमारे स्कूल की प्रति छवि और अधिक उज्ज्वल हो रही है।

विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों व अध्यापक- अध्यापिकाओं को प्रधानाचार्या ने बधाई देते हुए कहा कि ष्यह वास्तव में एक शानदार उपलब्धि है, यह दर्शाता है कि आपने कितनी मेहनत और लगन से पढ़ाई की है। प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि व कार्यक्रम में आए अभिभावकों , पत्रकारों व अन्य अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम आपके समय, सहयोग और प्रेरणा के लिए आभारी हैं। आपकी उपस्थिति ने हमें अपनी प्रतिभा और मेहनत का प्रदर्शन करने का मौका दिया। मंच का संचालन सरिता गुलाटी व कवल भूटानी ने बड़ी कुशलता से किया।

# डीग जंगल की गुफा में हथियार बनाने की फैक्टरी मिली

**दिल्ली-एनसीआर के गैंगस्टरों व उनके गुर्गों को सप्लाई होते हैं कमशीन पर हथियार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजस्थान के डीग जिल के जंगलों में बनी पहाड़ों की एक चोटी पर स्थित एक गुफा में अवैध रूप से पिस्टल कारतूस आदि बनाने की फैक्टरी लगी थी। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मौके पर पहुंचकर हथियार बनाने और हथियार बेचने वाले पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरविंदर सिंह,सोनू सिंह,शेर मोहम्मद उर्फ शेरू और जुबैर के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से १० अत्याधुनिक पिस्टल और एक लंबी राइफल (१२ बोर) सहित कुल ११ अवैध हथियार,१७ राउंड कारतूस आदि सामान जब्त किया है। गैंग दिल्ली और एनसीआर में स्थित कुख्यात विकास लगरपुरिया गिरोह सहित एनसीआर में अपराधियों और गिरोहों को हथियार बेच रहे थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले काफी समय से हथियार बनाने वालों के बारे में अपराध शाखा की टीमें काम कर रही थी। जिसमें हथियार तस्कर जुबेर उर्फ जुबैर के बारे में पता चला था कि वह पहाड़ी, डीग, राजस्थान के अभेद्य घने जंगलों अवैध रूप से हथियार बना रहा है। एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने राजस्थान के जिला-डीग में विभिन्न स्थानों (एक ही समय में चार गांव) में छापे मारे। तकनीकी निगरानी के बार मुबीन, शेर मोहम्मद उर्फ शेरू, हरविंदर सिंह और सोनू सिंह को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से हथियार और हथियार बनाने का सामान भी जब्त किया।

पूछताछ करने पर पता चला कि उसका अपने परिवार के साथ संपत्ति से संबंधित कुछ पारिवारिक विवाद था। परिवार की रक्षा के लिए हथियार की तलाश में था। उसे मुबीन और जुबेर के बारे में पता चला, जो हथियार की आपूर्ति का काम करते हैं। इसलिए, उसने अवैध हथियार खरीदने के लिए जुबेर से संपर्क किया। उसके बाद, उसने निर्माताओं से अवैध हथियार खरीदना शुरू कर दिया और अपराधियों और गैंगस्टरों को आपूर्ति करना शुरू कर दिया। जुबेर के निर्देश पर, वह अपने चचेरे भाई सोनू सिंह के साथ जुबेर के पते पर पहुंचा, जहां उसकी मुलाकात मुबीन से हुई और उसने ०३ देशी पिस्तौल खरीदी और मोटरसाइकिल से ०३ कारतूस बरामद किए, जिसे वह अवैध हथियार खरीदने के लिए आरोपी जुबेर के पते पर ले गया। उसने अवैध आग्नेयास्त्रों की आपूर्ति के लिए दिल्ली स्थित गिरोहों के साथ संबंध भी विकसित किए हैं। आरोपी सोनू सिंह ने हरिंदर सिंह के साथ अवैध हथियार खरीदने और इसे ऊंचे दामों पर सप्लाई करने का काम शुरू किया। आरोपी मुबीन ने वर्ष २०१३ में एक फत्ते से अवैध हथियार बनाने का काम सीखा था। फत्ते की वर्ष २०१७ में मृत्यु हो गई। देसी कट्टा बनाने में ०३-०४ दिन लगते हैं और इसे दस से १२ हजार रुपये में बेचा जाता है। जबकि राइफल को २५ से ३० हजार रुपये में बेचा जाता है। अवैध हथियार बनाने के पुर्जे कामा क्षेत्र के कबाड़ी डीलरों से खरीदे गए थे। आरोपी शेर मोहम्मद उर्फ शेरू राजस्थान के पहाड़ी इलाके में अवैध हथियार बनाता है।

उसने अवैध हथियार बनाने का काम वर्ष २०१० में उटावड़ नंगला, यूपी में सीखा था। अवैध हथियार बनाने के पुर्जे कामा इलाके के कबाड़ी से खरीदे थे। आरोपी मुबीन उसका रिश्तेदार (जीजा) है, जिसके साथ वह निर्माता के रूप में काम कर रहा था। जबकि जुबेर पेशे से लोहार है। मुबीन (मामले में गिरफ्तार) उसका चाचा है और शेर मोहम्मद उर्फ शेरू उसका मामा है। उसने उनसे हथियार बनाने की तकनीक सीखी। उसके बाद, उसने सप्लायर के रूप में काम करना शुरू कर दिया और उसे अवैध हथियारों के लिए दो हजार से तीन हजार रुपये का कमीशन मिलता था। वह अवैध हथियार बेचता है और अधिकारियों से अपनी अवैध गतिविधियों को छिपाने के लिए अपने गांव में कृषि उपकरणों की दुकान भी चलाता है।

# तीन अंतर्राज्यीय वाहन चोर धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस की एएटीएस ने तीन अंतरराज्यीय वाहन चोर को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से छह चोरी के वाहन बरामद किए गए हैं।आरोपी अपराध करने के लिए पार्क किए गए दोपहिया वाहनों को चुराते थे और बाद में उन्हें बेच देते थे।वे नशे और शराब की लत को बनाए रखने और जल्दी पैसा कमाने के लिए आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गए थे।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया ९ मई, को एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एएटीएस ने एक कुख्यात ऑटो-लिफ्टर,सलमान उर्फ सलीम खान उर्फ छोटू उर्फ घ्घ्राहुल,(३५) को शीश महल पार्क, हैदरपुर नहर, के पास चोरी की गई हुंडई कार के साथ पकड़ा था। उसके खुलासे के आधार पर, दो अन्य ज्ञात वाहन चोर अकरम खान, (३९)और धर्मेंद्र उर्फ जॉन (३५) को पकड़ लिया गया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी सलमान ने बताया कि वे चोरी करने के लिए आसानी से सुलभ वाहनों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर पांच अतिरिक्त चोरी के वाहन बरामद किए गए, जो जामिया नगर थाना, शकूरपुर थाना, उत्तरी रोहिणी थाना, राजौरी गार्डन थाना और मॉडल टाउन थाना क्षेत्रों में दर्ज चोरी के मामलों से जुड़े पाए गए। अन्य आपराधिक मामलों में उनकी संलिप्तता स्थापित करने के लिए आगे के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी सलमान उर्फ सलीम खान उर्फ छोटू उर्फ राहुल, चोरी, घर में चोरी, झपटमारी, डकैती और आर्म्स एक्ट के ४२ जबकि आरोपी अकरम खान चोरी के १८ मामलों में पहले भी शामिल रहा है।

## गैंगस्टर एक्ट में शामिल बदमाश पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ३६ से ज्यादा वारदातों को अंजाम देने वाले एक वांछित बदमाश नवीन उर्फ गोल्डी को गिरफ्तार किया है। वह बरेली (यूपी) में एक गैंगस्टर मामले में भी दोषी है। आरोपी नवीन नंद नगरी पुलिस को घोषित बदमाश भी है। उसके पास से लूट का सामान भी जब्त किया है। वह लूट का सामान कहां और किसको बचा करता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ करके उनको भी पकड़ने की कोशिश कर रही है।

# किशनगढ़ में दरिंदगी करने वाला रायबरेली से हुआ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** किशनगढ़ स्थित कटवारिया सराय इलाके में दंपती पर हथौड़े से हमला कर घायल पत्नी के साथ दुष्कर्म करने वाला सनकी राय बरेली से गिरफ्तार।

२० मई को हमला करने के बाद दोनों को मरा हुआ समझकर कातिल ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। पति की हत्या कर लहूलुहान महिला से दुष्कर्म किया और भाग निकला। पुलिस ने दंपती को एम्स ट्रामा सेंटर भेजा, जहां डॉक्टरों ने पति को मृत घोषित कर दिया, जबकि पत्नी की हालत गंभीर है। हत्यारोपी अखिलेश (४०) को ७०० किलोमीटर तक पीछाकर रायबरेली से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, पड़ोसी महिला पर गलत नजर रखने पर जब उसके पति ने टोका और पत्नी से दूर रहने की हिदायत दी तो यह बात आरोपी अखिलेश को नागवार गुजरी। इससे नाराज अखिलेश ने २१ मई की तड़के दंपती पर हथौड़े से वार किया।

कमरे में खून ही खून होने पर भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ तो हैवानियत की हद पार करते हुए लहूलुहान महिला से दुष्कर्म किया। पुलिस पूछताछ में भी हत्यारोपी ने दुष्कर्म की बात कबूली है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह दंपती को सबक सिखाना चाहता था। भारी-भरकम हथौड़े से पहले उसने महिला के पति के सिर पर वार किए फिर महिला पर हमला किया। हत्या के बाद भी जब संतुष्टि नहीं मिली तो उसने अपनी हवस मिटाने के लिए महिला से हैवानियत की। सूचना पर पहुंची पुलिस को महिला की हालत देखकर शक हुआ तो उसने मेडिकल कराया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपती यूपी के झांसी के रहने वाले थे। इनके चार बेटियां और एक बेटा है। बड़ी दो बेटियों की शादी हो चुकी है। बाकी बच्चे गांव में रहते हैं। कुछ साल पहले गुरुग्राम में रायबरेली के रहने वाले अखिलेश की मुलाकात झांसी निवासी व्यक्ति से हुई।



आम आदमी पार्टी की महिला विंग की दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी के नेतृत्व में बढ़ते पानी संकट को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ मटका फोड़ प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

# 'आप' ने किया भाजपा के खिलाफ मटकाफोड़ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार के खिलाफ मटका फोड़ प्रदर्शन किया है।

आम आदमी पार्टी की महिला विंग की दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी ने कहा कि यह मटके इसलिए तोड़े गए हैं कि राजेंद्र नगर विधानसभा समेत पूरी दिल्ली में पीने के पानी की बहुत ज्यादा दिक्कत है। पॉश इलाकों से लेकर गांवों तक पानी की सप्लाई नहीं है। बहुत थोड़ी देर के लिए पानी आता है और फिर चला जाता है। राजेंद्र नगर विधानसभा के नरायणा गांव में बहुत ही खराब गुणवत्ता का पानी सप्लाई किया जा रहा है। पानी बहुत गंदा है, जिसे पी नहीं सकते हैं। ऐसा लगता है कि यह सीवर का पानी है।

सारिका चौधरी ने कहा कि हर व्यक्ति के लिए पानी एक मूलभूत सुविधा है। हर व्यक्ति को स्वच्छ पानी प्राप्त करने का लोकतांत्रिक अधिकार है। हर व्यक्ति को साफ पानी मिलना चाहिए। लेकिन दिल्ली की जनता को भाजपा सरकार स्वच्छ पानी तक मुहैया नहीं करा पा रही है। राजेंद्र नगर विधानसभा के नरायणा गांव में पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है। अभी तो भीषण गर्मी शुरू नहीं हुई है। जुलाई अगस्त में पानी का क्या हाल होगा।

## बवाना नहर में डूबने से युवक की मौत

**नई दिल्ली।** पिछले चार दिनों से बवाना नहर में कोई न कोई युवक डूब रहा है। चौथे दिन भी एक युवक की डूबने से मौत हुई और उसके शव को गोताखोरों ने बाहर निकाला गया। वोट क्लब के अधिकारी हरीश कुमार बताते हैं कि हर साल बवाना नहर में दर्जनों युवा डूब जाते हैं। दोनों तरफ से नहर खुली होने के कारण युवा आसानी से इसमें नहाने आते हैं और गहने पानी में जाने से डूब जाते हैं। इसको लेकर सरकार को कुछ करना चाहिए। अगर दोनों तरफ ऊंची दीवार हो जाए या फिर पुलिस की गश्त हो तो शायद हादसे रूक भी सकते हैं।

# विकासपुरी विधानसभा में सफाई अभियान को लेकर मंत्री ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य और परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस महत्वपूर्ण बैठक में मंत्री ने शहरी बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के साथ ही विकासपुरी विधानसभा और आसपास के इलाके में चल रहे सभी तरह के विकास कार्यों और सफाई अभियान की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में विकास कार्यो से जुड़े संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़कों के हालात सुधारने, बरसात से पहले जलभराव की समस्याओं को हल करने और नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विशेष तौर पर जोर देने का सख्त निर्देश दिया। बैठक के दौरान मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को साफ-साफ निर्देश दिया है कि विधानसभा क्षेत्र विकासपुरी और आसपास के पूरे इलाके में चल रहे सफाई अभियान समेत सभी विकास कामों के बारे में एक हफ्ते के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नांगलोई-नजफगढ़ रोड की मरम्मत करने के साथ साफ-सफाई करवा कर गंदगी और मलबा तुरंत हटाने के सख्त निर्देश भी दिए। और पूरे इलाके में रोजाना सफाई अभियान चलाने और स्वच्छता को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। भारी बारिश होने पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए डॉ. सिंह ने मानसून शुरू होने से पहले नांगलोई-नजफगढ़ रोड के साथ पूरी विकासपुरी विधानसभा की सीवर और नालों की सफाई कर जल निकासी की सुचारू व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने अधिकारियों को सुपर सोकर मशीनों के जरिए सभी सीवर और नालों की साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही विकासपुरी इलाके में फुटपाथों की हालात सुधार कर नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने के भी निर्देश दिए हैं। स्वास्थय मंत्री सिंह ने विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों को तत्काल गड्ढा मुक्त करने के लिए मरम्मत का काम तेज गति से चलाने पर भी बल दिया।

# दिल्ली में बढ़ रहे कोरोना के मामले एक्टिव मरीजों की संख्या हुई 104

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर से कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। राजधानी में पिछले एक सप्ताह में कोरोना के ९९ मामले आए हैं। इस दौरान २४ मरीज ठीक हुए हैं और अभी १०४ सक्रिय मरीज हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह डाटा जारी किया है। बता दें कि वर्ष २०२० से कोरोना वायरस की वजह से दुनिया भर में लाखों लोगों की जान गई है। साइबर सिटी गुरुग्राम में सोमवार को कोरोना के दो नए मरीज सामने आए। शहर में कोरोना के मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। इससे पहले, पिछले पांच दिनों में कोरोना के चार मरीजों की पुष्टि हुई थी। इन ४ मरीजों में एक ३१ वर्षीय महिला, एक ६२ वर्षीय बुजुर्ग, ४५ वर्षीय पुरुष और ३३ वर्षीय पुरुष शामिल है। महिला कुछ दिनों पहले मुंबई घूमकर वापस आई थी। वहीं, बुजुर्ग को कई दिनों से बुखार आ रहा था। जांच के दौरान चारों मरीजों की कोरोना रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। विभाग ने मरीजों के सैंपल को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए लैब भेजा है। सिविल सर्जन डॉ. अलका सिंह का कहना है कि चिंता करने की बात नहीं है। सर्दी, खांसी या बुखार होने की स्थिति में दूसरों से दूरी बनाए रखें।

## एनआईए ने सीआरपीएफ जवान को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीआरपीएफ के एक एएसआई को जासूसी के आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे ६ जून तक हिरासत में भेज दिया गया। केंद्रीय अर्धसैनिक बल ने इस मामले में अपने एएसआई मोतीराम जाट को बर्खास्त कर दिया है। सीआरपीएफ नियमों के साथ भारत के संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोपी को २१ मई से बर्खास्त किया गया है। सीआरपीएफ के मुताबिक, प्रोटोकॉल के उल्लंघन के बाद सीआरपीएफ कर्मी को बर्खास्त किया गया है। यह मामला एनआईए को भेजा गया था।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान :** S&T वर्क इन कनेक्शन विथ अपग्रेडेशन ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर एट ई.एम.यू. कार शेड गाजियाबाद पोस्ट मर्जर ऑफ शेड्स डिपार्चर लाइन इंटू 4th मेन लाइन बिटवीन दादरी एंड चिपयाना बुजुर्ग। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 84,37,124.89/- | |
| **धरोहर राशि :** रु. 1,68,800.00/- | |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 26.05.2025/ निविदा खुलने का दिनांक 17.06.2025, 15.00 बजे तक | |
| **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| सं.: 558-Sig-16-M-TENDER-1445 दिनांक: 26.05.2025 | 1542/2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



विकासपुरी विधानसभा में सफाई अभियान व विकास कार्यों को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री समीक्षा बैठक करते हुए।

# दिल्ली में 12 हजार से अधिक अवैध बोरवेल सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम व उत्तर-पश्चिमी जिला प्रशासन ने बीते कुछ महीनों में १२ हजार से अधिक अवैध बोरवेल सील किए गए हैं। यही नहीं, कुछ अवैध बोरवेल पर पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है, जबकि कई के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है।

एनजीटी को रिपोर्ट के जरिए बताया गया है कि दक्षिण-पश्चिम इलाके में जहां कुल ६,९२६ अवैध बोरवेल में से ५,८८६ को सील किया। वहीं, उत्तर-पश्चिम इलाके में कुल ९,१२८ अवैध बारवेल में से २,६४४ बोरवेल सील किए गए। वहीं, पूर्वी दिल्ली में कुल १,४७ अवैध बोरवेल में से १२८ को सील किया गया। जिला प्रशासन की तरफ से २३ मार्च २०२५ को एनजीटी की तरफ से सीलिंग की कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट पेश करने के आदेश के तहत दाखिल की गई है। एनजीटी ने कहा था, ऐसे में जबकि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने बोरवेल की पहचान अवैध के रूप में कर चुकी है। लेकिन, अब भी सील करने की कार्रवाई पूरी नहीं हुई।

ऐसे में जिला प्रशासन बोरवेल के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट पेश करें। दक्षिण-पश्चिम जिला प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया कि डीजेबी की तरफ से दी गई सूची के अनुसार नजफगढ़ व द्वारका में ५२६ स्थानों पर अवैध बोरवेल होने की पहचान की गई थी, लेकिन मौके पर टीम को कोई बोरवेल नहीं मिले।

**श्रीराम फाइनेन्स लिमिटेड**

SHRIRAM Finance
SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

**(पहले श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**
**पंजीकृत कार्यालय:** 14ए, श्री टॉवर्स, साऊथ फेज औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई- 600032,
**शाखा कार्यालय:** सॉलिटेयर कॉर्पोरेट पार्क, बिल्डिंग नंबर 10,1062, 6वीं मंजिल, गुरु हरगोविंदजी मार्ग, चकला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400 093 . **website: www.shriramfinanec.in**

**माँग सूचना पत्र**

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30-11-2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

जैसा कि यहां नीचे उल्लेखित कर्जदारों/सह-कर्जदारों/जमानतियों ने श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता ग्रहण की थी। हमारा कहना है कि वित्तीय सहायता ग्रहण करने के बावजूद, कर्जदारों/जमानतियों ने नियत तिथियों के अनुसार ब्याज तथा मूलधन के पुनर्भुगतान में विभिन्न चूक की है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार खाते को नॉन फॉर्मिंग आस्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण पुनर्गठन एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) में प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में निम्नलिखित कर्जदारों/जमानतियों/बंधककर्ताओं से सूचनाओं में उल्लेखित राशि पर अनुबंध के अनुसार दर से एवं भविष्य की ब्याज व अन्य आकस्मिक व्ययों, लागत, प्रभारों, राशि सहित सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने को कहते हुए सरफैसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लेखित संबद्ध तिथियों पर मांग सूचनाएं जारी की थी।
उनके अन्तिम ज्ञात पते पर सूचनाएं भेजी गयी थी, किन्तु वे बिना प्राप्ति के वापस कर दी गयी। अत: उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उसी प्रकार सूचित किया गया है।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता/बंधक का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता (ओं) / सह-उधारकर्ता (ओ) का नाम | बकाया राशि | सुरक्षित संपत्तियों की संपत्ति का पता |
|---|---|---|
| 1) मैसर्स ए जे ट्रेडर्स ........... उधारकर्ता सुश्री अंजलि सूरी द्वारा प्रतिनिधि, प्रथम तल, 163-बी, मेन रोड, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली - 110027. इसके अलावा: जे-173, द्वितीय तल, राजौरी गार्डन, पश्चिमी दिल्ली - 110027. इसके अलावा: प्लॉट नंबर डी-3254, सुशांत सिटी, कस्बा करनाल गांव - कंबोपुरा गांव दादुपुर, रंगराम, करनाल हरियाणा-132001<br>2) श्रीमती अंजलि सूरी ....(सह-उधारकर्ता/गारंटर) जे-173, द्वितीय तल, राजौरी गार्डन, पश्चिमी दिल्ली - 110027.<br>3) श्री जसमिंदर सिंह (सह-उधारकर्ता/गारंटर) जे-173, द्वितीय तल, राजौरी गार्डन, पश्चिमी दिल्ली 110027.<br>एनपीए की दिनांक - 05-05-2025<br>मांग सूचना की तिथि: 12-05-2025 | रु. 36,62,230/- (रू. छत्तीस लाख बासठ हज़ार दो सौ तीस मात्र) दिनांक 07-मई 2025 तक ऋण खाता नं. RSSDLLP221 1050005<br>**ऋण धनराशि**<br>रु. 40,00,000/- (रुपये चालीस लाख मात्र) | प्लॉट नंबर डी-3254, एरिया क्षेत्रफल 199 वर्ग गज, आवासीय कॉलोनी में, जिसे सुशांत सिटी के नाम से जाना जाता है, और कस्बा करनाल गांव - कंबोपुरा और गांव दादुपुर, रंगराम, करनाल हरियाणा<br>उक्त सीमाऐं:-<br>पूर्व: 59.5, प्लॉट नंबर 3255<br>पश्चिम: 59.5, प्लॉट नंबर 3253<br>उत्तर: सड़क<br>दक्षिण: अन्य का प्लॉट |

उपर्युक्त परिस्थितियों में एतद्द्वारा उपर्युक्त कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा/अथवा जमानतियों (जो भी प्रयोज्य हो) को ऊपर उल्लेखित के अनुसार भावी ब्याज तथा प्रयोज्य प्रभारों सहित बकाया राशि का इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसमें कथित 60 दिनों की समाप्ति के पश्चात असफल होने पर वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) एवं उसके तहत प्रयोज्य नियमों के अन्तर्गत कर्जदारों तथा बंधककर्ताओं की प्रतिभूत आस्तियों पर कब्जा लेने सहित प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
**कृपया ध्यान दें कि कथित अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत कोई भी कर्जदार प्रतिभूत लेनदार की पूर्व सहमति के बिना इस सूचना में सन्दर्भित किसी भी प्रतिभूत आस्ति को पट्टे, बिक्री या अन्यथा विधि से हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा।**
**स्थान:- दिल्ली/करनाल**
**दिनांक:- 27/05/2025**
**हस्ताक्षर- अधिकृत अधिकारी**
**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।**

## दीपक गाबा को शाहदरा जिला भाजपा अध्यक्ष मनोनीत करने पर खुशी जताई



**नई दिल्ली।** आज भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा, राष्ट्रीय उपाध्क्ष व दिल्ली प्रदेश प्रभारी वैजयंत जय पांडा और भारत सरकार में शामिल केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मलहोत्रा द्वारा भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा को मनोनीत किया गया। भाजपा शाहदरा जिला कार्यालय १ विज्ञान लोक पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इकट्ठा हो गए। ढोल नगाड़ों के साथ फूल मलाई एवं पुष्प कुछ लेकर नाचते गाते उन्हें सभी ने बधाई दी। भाजपा शाहदरा जिला चुनाव अधिकारी प्रीति गोयल और विक्रम बिधूड़ी द्वारा उनकी घोषणा की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से आशीर्वाद देने भारत सरकार में केंद्रीयराज्यमंत्री हर्ष मलहोत्रा उपस्थित रहे, उनके साथ प्रदेश मंत्री सारिका जैन, जिला प्रभारी ड्रा अनिल गुप्ता, सह प्रभारी किशन शर्मा,विधायक अभय वर्मा, जिला महामंत्री गीता शर्मा, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़,महेंद्र आहूजा, जोन चेयरमैन संदीप कपूर, सभी मण्डल अध्यक्ष, सभी निगम पार्षद, जिला पदाधिकारी के साथ सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इकट्ठा होकर जश्न मनाया और नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष दीपक गाबा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।' हर्ष मल्होत्रा ने पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष दीपक गाबा का स्वागत किया और मुंह मीठा करा कर बधाई दी।

# 11 जिलों में मिनी सचिवालय बनाने की योजना पर विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आने वाले समय में लोगों को सरक.ारी विभागों से संबंधित कार्यों के लिए अलग-अलग इलाकों में नहीं भटकना पड़ेगा। दिल्ली सरकार सभी ११ जिलों में मिनी सचिवालय बनाने की योजना पर विचार कर रही है। जिसमें डीएम कार्यालय में एक ही छत के नीचे जनता से जुड़े कई विभागों के जिला कार्यालय हो सकेंगे। जिससे लोगों को अपनी शिकायतों से संबंधित मामलों को लेकर इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) को इन मिनी सचिवालयों के लिए जिले के भीतर स्थान की पहचान करने के लिए कहा गया है, जिससे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), राजस्व विभाग और समाज कल्याण विभाग आदि एक ही छत के नीचे आ सकेंगे। इस योजना का उद्देश्य दिल्ली के लोगों को विभिन्न सेवाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाने की आवश्यकता को कम करना है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निर्देश दिया है कि मिनी सचिवालयों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान की जाए, ताकि सार्वजनिक सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाया जा सके। दिल्ली में वर्तमान में ११ राजस्व जिले हैं, जो सभी डीएम के अंतर्गत आते हैं, हर डीएम के अंतर्गत अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार और उप-रजिस्ट्रार व प्रशासनिक कार्यालय आते हैं। ये कार्यालय मजिस्ट्रेट और राजस्व मामलों से लेकर संपत्ति पंजीकरण और वैधानिक दस्तावेजों के जारी करने तक के व्यापक कार्यों को संभालते हैं। आइटीओ,सिविल लाइंस, कश्मीरी गेट और अन्य स्थानों पर स्थित कार्यालयों में जनता से जुड़े विभागों को बढ़ाकर इन्हें लघु सचिवालयों में बदलकर अधिक स्थानीयकृत और एकीकृत शासन सुनिश्चित होने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एजेंसियों की बहुलता के कारण कई निवासी भ्रमित और परेशान हो जाते हैं। उदाहरण के लिए कोई व्यक्ति एमसीडी में अवरुद्ध नाली की रिपोर्ट करने के लिए जाता है, लेकिन पता चलता है कि यह डीजेबी के अंतर्गत आता है।

# सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** भाजपाइयों ने सैनिकों के सम्मान में सोमवार को तिरंगा रैली निकाली। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डा. संजीव बालियान, जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह और दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने दौराला चौराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरणसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सैनिकों के सम्मान में देशभक्ति जयकारों के साथ हाथो में तिरंगा लेकर निकाली जा रही तिरंगा रैली का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डा.संजीव बालियान ने कहा कि भाजपा सरकार में आतंकवाद का करारा जवाब दिया जा रहा है। आतंकियों और उनके आकाओ के ठिकानो पर उनकी ही भाषा में जवाब दिया जा रहा है। भाजपा सैनिकों का सम्मान करती है। भाजपा के दौराला मंडलाध्यक्ष मनिंदर विहान ने बताया कि सैनिक सम्मान तिरंगा यात्रा दौराला तिरंगा चौक से आरंभ होकर लावड़ रोड होते हुए लावड़ पहुंचेंगे और वहां से फलावदा पहुंचेगी। इस दौरान चेयरमैन देवेन्द्र पाल सिंह,गन्ना समिति चेयरमैन भूपेन्द्र अहलावत, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र अहलावत, सहकारी समिति चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन रविंद्र अहलावत,भारत चौधरी, प्रधान जोन धनकड़, मोहन सैनी, रवि पुनिया, सूरज अहलावत, इंदर शर्मा,जिला पंचायत सदस्य प्रताप लोइयां रामवीर सिंह, मोनू धनकड़, प्रदुमन जैन, प्रशांत अहलावत, प्रदीप शर्मा, विपिन सरसावा, मोनू सरसावा, मोहित दीक्षित, रूपक चौधरी आदि मौजूद रहे।



# पार्षदों ने प्रभारी मंत्री को सौंपे दो ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** सर्वदलीय पार्षद दल के सदस्यों ने सोमवार को प्रभारी मंत्री से मुलाकात कर दो ज्ञापन सौंपे जिसमें पहला नगर निगम के दलित मालिन अल्पसंख्यक वार्डों में सुचारू रूप से कर्मचारियों की व्यवस्था करने व दूसरा ऐतिहासिक मेला नौचंदी की भूमि पर अवैध कब्जा और भूमिया पर कार्रवाई की मांग करना था। इससे पूर्व में भी मेले की भूमि पर पार्षदों ने आवाज उठाई थी जिसमें नगर निगम व जिला पंचायत पर भूमाफ़ियाओं से साठ गांठ के आरोप लगाए थे। पार्षद ने बताया है कि नगर निगम के 90 वार्डों में कर्मचारियों की समान नियुक्ति नहीं की गई। मुख्य वार्डों में वीआईपी दर्जे के नाम पर किसी वार्ड में 100 कर्मचारियों से ऊपर हैं तो किसी वार्ड में 40 से 50 कर्मचारी नियुक्त हैं। मलिन, दलित, अल्पसंख्यक वार्डों में 15 से 20 कर्मचारी हैं। जबकि सफ़ाई व्यवस्था सुचारू रूप से किये जाने हेतु समान रूप से कर्मचारी नियुक्त होने चाहिये। नगर निगम द्वारा भेदभाव कर कर्मचारियों को नियुक्त किया जाता है। वार्डों में सफाई व्यवस्था देखने वाले सफाई नायक अधिकतर कार्यवाहक नियुक्त किये गये हैं जिनमें अधिकांश सफाई नायक अपना कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। मलिन, दलित, अल्पसंख्यक बस्तियों में समान रूप से स्फ़ाई कर्मचारी नियुक्त किए जाए। इसी के साथ दूसरे ज्ञापन में नौचंदी मेले की भूमि पर अवैध निर्माण में भूमाफिया पर कार्रवाई करने की मांग की है उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है पर कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान फजल करीम, अब्दुल गफ्फार, दिलशाद सैफी, महसर गुड्डू, अफजाल चौधरी समेत कई पार्षद उपस्थित रहे।

# आजाद समाज पार्टी छोड़ कई हुए सपा में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेल रोड स्थित समा. जवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को कैंट प्रभारी पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि ने कैंट विधानसभा की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया। कहा कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाए और कैंट विधानसभा को मजबूत करें। जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता जल्द से जल्द बीएलए की लिस्ट बनाकर पार्टी कार्यालय में जमा करे। इसी के साथ कई लोगों ने आजाद समाज पार्टी को छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थामा है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह पूर्व मंत्री मुकेश सिद्धार्थ, किशन जाटव, ओम प्रकाश खटीक, रविंद्र प्रेमी, संजय यादव, रियाज खान, राजेंद्र सिंह यादव, सुधीर वाल्मीकि, इरशाद अहमद, डॉ. मो. हसिन खान, नूर मोहम्मद रहमानी, असलम मंसूरी, सुमित बौद्ध, अजय सागर, प्रधान विनोद जाटव, गौरव गुर्जर, वीरेंद्र कुमार प्रजापति, तालिब सैयद फरोज नईम, इरफान अंसारी, फिरोज कस्सार, सतपाल यादव, अल्केश जाटव, मोहित जाटव आदि उपस्थित रहे।




## 28 मई को डॉ. हिमानी अग्रवाल सर्किट हाऊस तथा मवाना तहसील में करेंगी महिला जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से उ.प्र. राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा 28 मई को प्रात: 11 बजे सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की जाएगी। उसके उपरांत दोपहर एक बजे से मवाना तहसील में जनसुनवाई की जायेगी।

# गांव में शत-प्रतिशत पानी की सप्लाई हो सुनिश्चित: धर्मपाल सिंह

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास कार्यों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** सोमवार को विकास भवन सभागार में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशनध्प्रभारी मंत्री मेरठ उ.प्र. धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ पेयजल, दुग्ध विकास, राशन वितरण, स्वच्छता, वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग पेंशन तथा विवाह अनुदान, विद्युत आपूर्ति, संक्रामक रोग नियंत्रण, गौ संरक्षण, हरा चारा भूसा पेयजल आदि की व्यवस्था के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव के संतृप्तिकरण की समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि गांव में शत-प्रतिशत पानी सप्लाई सुनिश्चित हो, जिन गांवो में परियोजना का कार्य अधूरा है उनको समन्वय स्थापित कर पूर्ण किया जाये यह भी सुनिश्चित किया जाये कि पानी सप्लाई में पानी का अपव्यय न हो इसके लिए लोगो को जागरूक किया जाये। नगर निगम को निर्देशित किया कि बरसात के दौरान समस्त नालो की साफ-सफाई सुनिश्चित करते हुये आवश्यक कार्यवाही करें। वॉटर ट्रीटमेंट एवं कूड़ा प्रबंधन में आवश्यक कार्यवाही करते हुये शहर को स्वच्छ बनाने में अन्य संबंधित विभागो से समन्वय बनाते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। अवैध कालोनी के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। मंत्री ने कहा कि हाल ही में आई आंधी के कारण बड़ी संख्या में विद्युत विभाग के तार, ट्रांसफार्मर, पोल क्षतिग्रस्त हुये है। अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि विद्युत विभाग पूरी टीम को लगाते हुये युद्धस्तर पर कार्यवाही करें तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति शत-प्रतिशत सुचारू रूप से सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि सड़कों का निरीक्षण करें तथा बरसात के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक कराना सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि बरसात में संक्रामक रोगो के दृष्टिगत संचारी रोग अभियान के अंतर्गत टीकाकरण, एंटीलार्वा, फॉगिंग आदि कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि गौशालाओं पर भूसा, चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाये तथा चारागाह की भूमि पर हरा चारा बोया जाये। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा जनप्रति. निधियो को भी अपने साथ विजिट कराते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाये। समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत पुत्री के विवाह हेतु धनराशि दी जाती है, इस योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ पात्र लाभार्थियो को दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाये। पूर्ति विभाग को निर्देश दिये गये कि रिक्त दुकानों का आवंटन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि तीन माह की कार्य योजना बनाते हुये उसके अनुरूप कार्यवाही करें। डीएम डॉ. वीके सिंह ने कहा कि बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जो भी निर्देश दिये गये हैं उसका समस्त विभागीय अधिकारी शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे तथा मंत्री जी को आश्वस्त किया गया कि विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी अश्वनी त्यागी, जिला. धिकारी डा. वीके सिंह, एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी सहित गणमान्य व्यक्ति व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकास भवन सभागार में देखा गया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को विकास भवन सभागार मेरठ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ व लोकार्पण का सजीव प्रसारण एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि आज माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा कक्षा तीन से 12 तक के बच्चों के निपुण आकलन हेतु निपुण प्लस, बच्चों की यूनिफॉर्म, जूता -मोजा आदि हेतु डीबीटी कार्यक्रम का शुभारंभ, 38 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों तथा 66 अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का शिलान्यास, 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण, राज्य शैक्षिक संस्थान लखनऊ में स्थापित ब्रॉडकास्टिंग स्टूडियो का शुभारंभ, एससीईआरटी द्वारा तैयार पुस्तकों का विमोचन आदि कर शिक्षा विभाग को नवीन व सुदृढ़ आयाम प्रदान किए गए। उक्त कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का आयोजन मेरठ में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशनध्प्रभारी मंत्री मेरठ उ.प्र. धर्मपाल सिंह, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य अश्वनी त्यागी, विधायक सिवालखास गुलाम मोहम्मद की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने पौधा प्रदान कर तथा शाल ओढ़ा कर सभी उपस्थित गणमान्यों का स्वागत किया। सजीव प्रसारण के उपरांत जनपद स्तर पर प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह के कर कमलों द्वारा जनपद के प्रत्येक विकास खंड के निपुण आंकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों, स्मार्ट क्लास संचालित करने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों, समर कैंप का उत्कृष्ट संचालन करने वाले शिक्षामित्र व अनुद. ेशकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। मंत्री ने सभी को संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा में निरंतर प्रयास व नवाचार से हम नवीन आयाम को छू सकते हैं। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे ड्रॉप आउट ना हो ऐसा हमारा प्रयास हो तथा प्रत्येक विद्यालय में छात्र संख्या के अनुरूप शिक्षक अवश्य हों ताकि प्रत्येक बच्चे को उचित शिक्षा प्राप्त हो सके। इस अवसर पर महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी अश्वनी त्यागी, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, जिलाधिकारी डॉ. वी. के. सिंह, एसएसपी विपिन ताडा, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रदीप कौशिक उपस्थित रहे।



# स्कूल से लौट रही छात्रा के कपड़े फाड़े

## छेड़छाड़ के विरोध पर भड़का शोहदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्कूल से घर जा रही नाबालिक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करते हुए आरोपी युवक ने छात्रा का हाथ पकड़ लिया और फिर कपड़े भी फाड़ दिए। इसके बाद आरोपियों ने छात्रा के घर पर चढाई कर दी घर मे घुसकर नाबालिक छात्रा और उसके भाई के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। इस पूरे मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का आरोप है कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिक बेटी पास के ही दूसरे गांव में एक इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। स्कूल से आते-जाते समय गांव का ही रहने वाला मनीष उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करता है। घटना बीती 20 मई की हैं जब 14 वर्षीय नाबा. लिक छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी इसी दौरान रास्ते मे गांव के ही रहने वाले मनीष ने उनकी बेटी का हाथ पकड़ लिया और कपड़े फाड़ दिये इसके बाद उसी दिन मनीष अपने परिजनों व अन्य संजीव, आकाश, अनुज, विनेश और खुशी के साथ घर आया घर मे घुसकर उनके बेटे व बेटी के साथ गालीगलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर पास का ही रहने वाला युवक बचाने आया तो उसपर फाबड़े से वार कर घायल कर दिया। नाबालिक छात्रा की माँ ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर गांव के ही रहने वाले मनीष, संजीव, आकाश, अनुज, विनेश और खुशी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# विधवा के आधार कार्ड पर लिया एक लाख 12 हजार का लोन

## पूर्व राशन डीलर समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** पूर्व राशन डीलर ने विधवा के बैंक कर्मियों से साठगांठ कर विधवा के आधार कार्ड पर 50 हजार की जगह एक लाख का ऋण निकाल लिया। विधवा को मात्र पचास हजार रूपये दिये गये। बेटी को साथ लेकर बैंक पहुंची विधवा हकीकत जानकर सदमें में है। जबकि उसका पति व बेटा भी आर्थिक तंगी से परेशान होकर फांसी लगाकर जान दे चुके है। पुलिस ने पूर्व राशन डीलर समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रहरा निवासी कमलेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 जून वर्ष 2016 को उसके बेटे की शादी के लिए आधार कार्ड पर पूर्व राशन डीलर नन्हें से ऋण के लिए सिफारिश की थी। पूर्व राशन डीलर कमलेश को बैंक ले गया तथा आधार कार्ड पर पीड़िता का अंगूठा लेने के बाद उसे घर भेज दिया। कुछ समय बाद पूर्व राशन डीलर नन्हें ने विधवा को पचास हजार रूपये दे दिये। अचानक वह अपनी बेटी के साथ गैस सब्सिडी के रूप में आये पैसे लेने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक पहुंची तो उसे मैनेजर द्वारा बताया गया कि जो धनराशि आयी थी वह केसीसी के लोन में कट गयी है। यह सुनकर कमलेश हक्का बक्का रह गयी। कमलेश की बेटी ने कहा कि उनके पास कोई सम्पत्ति नहीं है न ही उसके पति जयवीर के नाम कोई जमीन है। तभी मैनेजर द्वारा जयवीर के नाम से सत्य प्रतिलिपि प्रार्थनी को दी। जो मात्र अभिलेख में दर्ज है। इस पर प्रार्थिनी का कब्जा भी नहीं था। जब उसने यह बात अपने पति को बतायी तो वह सदमे में पड़ गया तथा उसने चकबंदी अधिकारियों से जमीन की पैमाइश की मांग की परन्तु उसकी बात को अनसुना कर दिया गया। आर्थिक तंगी के कारण दो माह पूर्व जंगल में जाकर जयवीर ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली जबकि एक साल पहले उसका बेटा भी फांसी लगाकर जान दे चुकी है। पीड़िता ने मामले में हल्का लेखपाल, बैंक कर्मचारियों व पूर्व राशन डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रार्थिनी के चक के पूर्व सरकारी अभिलेख में दर्ज खाता संख्या 19 व गाटा संख्या 50 है बैंक मैनेजर द्वारा बताये गये खेत के अभिलेख के अनुसार पीड़िता ने अधिकारियों से ऋण की राशि माफ करने की गुहार भी लगायी है।

**■ आर्थिक तंगी से परेशान पति व बेटा दे चुका है जान**

# आबकारी सिपाही ने सेल्समैन को धमकाया

## बीयर फ्री न देने पर दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सरकारी शराब की दुकान के सेल्समैन ने आबकारी विभाग में तैनात सिपाही पर बियर ना देने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाही न करने पर सेल्समेन द्वारा नाराज की जाहिर की गई है।

सरकारी शराब की दुकान पर कोतवाली क्षेत्र के गांव झकड़ी निवासी गजेंद्र पुत्र नरेश सेल्समेन का कार्य करता है। सेल्समैन के अनुसार रविवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे हसनपुर आबकारी विभाग में तैनात एक सिपाही की कॉल आई और बियर भेजने को कहा जिस पर उसके द्वारा दुकान बंद करने की बात कही गई। जिससे नाराज आबकारी सिपाही ने नगर स्थित एक पेट्रोल पंप पर अपने साथियों के साथ पहुंचकर सेल्समेन गजेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे सेल्समेन घायल हो गया। कुछ व्यक्तियों द्वारा बीच बचाव किया गया। इसके बाद आरोपी सिपाही सेल्समैन को फिर से पीटने एवं शराब की तस्करी के आरोप में जेल भेजने की धमकी देता हुआ चला गया। पीड़ित सेल्समैन द्वारा बताया गया कि पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। सोमवार की सुबह पीड़ित सेल्समैन हसनपुर कोतवाली पहुंचा ओर आरोपी आबकारी सिपाही के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा कि मामला संज्ञान में है विभागीय जांच कराई जा रही है जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# रामलीला कमेटी के विशाल बने अध्यक्ष

## शारदुल अग्रवाल को मंत्री, विनीत को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी का विशाल गोयल को अध्यक्ष, शारदुल को मंत्री व कुंवर विनीत अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

बिजनौर रोड स्थित बैंकेट हाल में श्री धार्मिक रामलीला कमेटी की बैठक हुई। सबसे पहले श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। इस दौरान अगले तीन साल के लिए कमेटी का विशाल गोयल को अध्यक्ष, शारदुल अग्रवाल को मंत्री, विनीत अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष विशाल गोयल ने कहा कि पिछले 80 वर्षो से इसी संस्था के नीचे नगर में रामलीला होती आयी है। आदर्श रामलीला महोत्सव 2025 धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी शुरूआत 23 सितम्बर से होगी। यह कार्यक्रम में तीन अक्टूबर तक चलेगा। इस मौके पर अजय चतुर्वेदी, सौरव गुप्ता, रमेश कलाल, अवनीश सरन बंसल, चैन सुख गोले, मनोज अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मनोज माहेश्वरी, विकास प्रजापति, मनोज वर्मा, संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## ब्लाक एवं मनरेगा कार्यालय का उद्घाटन

**हसनपुर।** नवनिर्मित ब्लॉक एवं मनरेगा कार्यालय का प्रभारी मंत्री केपी मलिक द्वारा फीता काट कर उद्घाटन कर जनता को समर्पित कर दिया गया। भाजपा सरकार की उपलब्धियों के विषय में भी विस्तार से बताया। नगर के विकासखंड परिसर स्थित ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर के दिशा निर्देशन में ब्लॉक एवं मनरेगा कार्यालय भवन का निर्माण कराया गया है। जिसका उद्घाटन सोमवार को जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचते ही प्रभारी मंत्री का जिला अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, विधायक एवं पालिकाध्यक्ष द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद प्रभारी मंत्री द्वारा ब्लाक परिसर में पौधारोपण भी किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री द्वारा भाजपा सरकार की उपलब्धियो के विषय में विस्तार से बताया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी,विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन राजपाल सैनी, सीडीओ अश्वनी कुमार,एसडीएम विभा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## रिपब्लिकन पार्टी उठा रही शोषितों की आवाज

**उझारी।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया शोषित समाज को उनका हक दिलाने के लिए प्रयासरत है। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाना आवश्यक है। जिससे पार्टी का जन आधार बढ़ सके। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता जैसे ही उझारी पहुंचे तो जिला अध्यक्ष नजीर अब्बास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम लोग संविधान को मानने वाले लोग हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान में सभी को समानता का अधिकार प्रदान किया है। पार्टी का भाजपा सरकार से गठबंधन है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामदास आठवाले लगातार शोषित वर्ग को न्याय दिलाने के लिए अग्रसर रहते हैं। सरकार में रहते अनेक कार्य किए हैं जिससे समाज का विकास हो सके। यही वजह है कि आज बड़ी संख्या में लोग रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़ रहे हैं। आने वाले चुनाव में उत्तर प्रदेश में भी पार्टी मजबूत होकर उभरेगी। सभी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहचाने का कार्य में जुट जाएं। लो. कतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है।

# गाजियाबाद में सिपाही की हत्या कर हिस्ट्रीशीटर को छुड़ाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गाजियाबाद में बदमाशों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। सिपाही की हत्या कर हिस्ट्रीशीटर को छुड़ा ले गए। रविवार रात साढ़े 12 बजे नोएडा पुलिस की टीम हिस्ट्रीशीटर को पकड़कर ले जा रही थी, तभी उसके साथियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवालों ने गाड़ी रोकी और भागकर जान बचाई।

मौका मिलते ही हिस्ट्रीशीटर कादिर भाग गया। फिर उसने साथियों के साथ मिलकर पुलिस पर गोलियां बरसा दीं। दोनों ओर से 20 से 25 राउंड फायरिंग हुई। सूत्रों के मुताबिक, कादिर की गोली सिपाही सौरभ के सिर में लग गई। यह देखकर कादिर अपने साथियों के साथ वहां से फरार हो गया।

हालांकि, रविवार सुबह पुलिस ने 24 साल के हिस्ट्रीशीटर कादिर को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ हत्या, लूट जैसे 24 से ज्यादा केस दर्ज हैं। हमले के बाद पुलिसकर्मी सिपाही को ऑटो से अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




पूरा मामला दिल्ली-लखनऊ हाईवे से 5 किलोमीटर दूर नाहल गांव का है। यह मुस्लिम बहुल गांव है। जांच में सामने आया है कि नोएडा पुलिस ने गाजियाबाद पुलिस को दबिश की जानकारी नहीं दी थी।

**सिपाही की मां बदहवास, पत्नी बेसुध, गांव में पसरा मातम:** 30 साल के सिपाही सौरभ कुमार शामली के रहने वाले थे। उनकी मौत की खबर सुनते ही उनके पैतृक गांव में मातम छा गया। पत्नी आयुषी रोते-रोते बेसुध हो गईं। मां कला देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वह बेटे को याद कर बीच-बीच में चीखने लगती हैं।

बगल में बैठी महिलाएं उन्हें ढांढस बंधा रही हैं। पिता ने बताया- सौरभ ने रात में पत्नी को आखिरी बार कॉल किया था। कहा था- आकर खाना खाता हूं। लेकिन कुछ ही घंटों बाद यह खबर आई कि सौरभ की मौत हो गई है।

**दरोगा समेत छह पुलिसवाले हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने पहुंचे थे:** नोएडा पुलिस के मुताबिक, थाना फेज-3 में 21 मई को विकास नाम के युवक ने मुकदमा दर्ज कराया। इसमें कहा- 2 मई की रात 9 बजे उन्होंने कार गढ़ी चौखंडी के पास खड़ी की थी। सुबह देखा तो कार से म्यूजिक सिस्टम चोरी हो गया था। पुलिस जांच में हिस्ट्रीशीटर कादिर उर्फ मंटा का नाम सामने आया।

रविवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि हिस्ट्रीशीटर कादिर उर्फ मंटा गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव में छिपा है। इसके बाद दरोगा सचिन कुमार समेत 6 पुलिसकर्मी रविवार रात साढ़े 12 बजे नाहल गांव में दबिश देने पहुंचे। कादिर को उसके घर से पकड़ लिया।

**पुलिसवालों ने भागकर बचाई जान:** पुलिस कादिर को गाड़ी में बैठाकर थाने के लिए रवाना हुई। रात का सन्नाटा था। हल्की-हल्की बारिश हो रही थी। गांव से करीब 300 मीटर दूर खेतों की आड़ में कादिर के साथी पहले से घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही पुलिस की गाड़ी वहां पहुंची, अचानक चारों ओर से पथराव शुरू हो गया। पुलिसकर्मियों को कुछ समझ नहीं आया। उन्होंने तुरंत गाड़ी रोकी और किसी तरह भागकर जान बचाई।

**सिपाही को गोली लगी तो बदमाश भाग गए:** इसी अफरातफरी के बीच कादिर गाड़ी से भाग गया और खेतों की तरफ दौड़ गया। इसके बाद कादिर ने साथियों के साथ अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। फायरिंग के दौरान एक गोली सिपाही सौरभ के सिर में जा लगी। वह वहीं गिर पड़े। यह देखकर बदमाश वहां से फरार हो गए।

**गांव में लोगों से पूछताछ, घरों की तलाशी:** पुलिसवाले सिपाही को गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से जुड़ा 53 सेकंड का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि सड़क पर बड़ी संख्या में लोग खड़े हैं, तभी एक ऑटो रिक्शा आता है। 4-5 लोग सिपाही सौरभ को उठाकर ऑटो में डालते हैं, उन्हें अस्पताल लेकर जाते हैं।

वीडियो के बैकग्राउंड में एक महिला कह रही है- एक्सीडेंट नहीं हुआ है, गोली मारी गई है। उसकी आवाज सुनाई दे रही है। घटना की जानकारी मिलते ही क्ब्च समेत कई अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस की कई टीमें गांव पहुंचीं। एक-एक घर की तलाशी ली गई। ग्रामीणों से पूछताछ की गई। सुबह च्ब तैनात कर दी गई।

**2019 में सिपाही की हुई थी शादी:** पिता उत्तम कुमार ने बताया- सौरभ ने शामली के सेंट फ्रांसिस स्कूल से 10वीं और सिल्वर बेल्ट स्कूल से 12वीं की पढ़ाई की। इसके बाद सिल्वर मैनेजमेंट कॉलेज से बीकॉम किया। 2017 में उसका चयन पुलिस की स्पेशल टीम में हो गया था। सौरभ की शादी 2019 में हुई थी। वह पत्नी के साथ नोएडा में रहते थे।

पुलिस प्रशासन ने सिपाही को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई देने की तैयारी शुरू कर दी है। गाजियाबाद से पार्थिव शरीर को शामली के देव गांव लाया जाएगा, जहां सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# फार्मा कंपनी कार्यालय से लाखों का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र गढ़ी चौखंडी में फार्मा कंपनी के कार्यालय से चोर लाखों का सामान चोरी कर ले गए। 15 मई की रात हुई चोरी की वारदात कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। दो चोरों के चेहरे फुटेज में दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित राइज फॉरेस्ट फ्लोर्स सोसाइटी में रहने वाले प्रभात कुशवाह ने पुलिस को बताया कि उनकी दो कंपनियां सस्ता स्टोर (साझेदारी) और एआईकेएम फार्मा प्राइवेट लिमिटेड हैं।

दोनों कंपनियों के कार्यालय गांव गढ़ी चौखंडी में गैस एजेंसी के निकट हैं। 16 मई की सुबह वह कार्यालय पर पहुंचे तो उसमें रखा सामान बिखरा पड़ा था। कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी तो 15 मई की रात 1.15 बजे दो चोर कार्यालय में घुसते दिखाई दे रहे हैं। वह कार्यालय में रखा कंप्यूटर, सीपीयू, बारकोड स्कैनर, माउस, कैश बोर्ड, रिसीवर आदि चोरी कर ले गए। उन्होंने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। कैमरों की फुटेज की मदद से चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# बेसमेंट में पानी के रिसाव से सोसाइटियों के टावरों को खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** तेज आंधी और बारिश की वजह से ग्रेटर नोएडा में एक महिला और बच्चे की मौत के बाद से अन्य सोसाइटियों में भय का माहौल व्याप्त है। अधिकतर हाईराइज सोसाइटियों में एक्सपेंशन ज्वाइंट की समस्या होने पर बेसमेंट में लगातार पानी का रिसाव होता रहता है। इससे बेसमेंट के पिलर कमजोर हो रहे हैं। उनके प्लास्टर झड़ रहे हैं और सरिये बाहर निकल रहे हैं।

निवासियों का कहना है कि यदि बेसमेंट ही मजबूत नहीं होगा तो ऊपरी टावरों को खतरा बना रहेगा। समस्या के निस्तारण के लिए सोसाइटी निवासियों ने स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की है।

सेक्टर 151 स्थित जेपी अमन सोसाइटी का हाल तेज आंधी पानी में सामने आ चुका है। सोसाइटी के फ्लैट की खिड़कियां और शीशे तक बाहर निकल आए थे। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ है। सोसाइटी के एओए अध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि सोसाइटी के बेसमेंट में एक्सपेंशन ज्वाइंट की समस्या होने की वजह से लगातार पानी का रिसाव होता रहता है। यह समस्या करीब चार साल से बनी हुई है। इससे दिन प्रतिदिन बेसमेंट के पिलर कमजोर हो रहे हैं ऐसे में हमने स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की है।

सेक्टर 143 स्थित गुलशन इकेबाना सोसाइटी निवासी नरेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि फ्लैट के अंदर बनी नालियों के पानी का सही निकास न होने की वजह से बेसमेंट में लगातार जलभराव रहता है। यहां पर कुछ पाइप भी फटे हुए हैं और एक्सपेंशन ज्वाइंट से पानी रिसकर बेसमेंट में आता है। पिछले ढाई साल से यह समस्या है। इससे बेसमेंट के पिलर कमजोर हो रहे हैं। सेक्टर 78 स्थित सिक्का कार्मिक ग्रीन सोसाइटी निवासी कुनाल ने बताया कि पिछले छह साल से सोसाइटी के बेसमेंट की हालत ठीक नहीं है। यहां पर जलभराव बना रहता है। ऐसे में निवासियों की ओर से पिछले तीन साल से स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की जा रही है। तीन साल बाद हमारी मांग का नोएडा प्राधिकरण ने संज्ञान लिया है और स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए कार्रवाई शुरू करने की बात कही है।

**स्ट्रक्चरल ऑडिट में 50 फीसदी कमजोर मिले थे पिलर:** पिछले दिनों सेक्टर 119 स्थित गौर ग्रैंड्योर सोसाइटी के बेसमेंट का बुरा हाल था तो सोसाइटी निवासियों की ओर से निजी कंपनी के सहयोग से स्ट्रक्चरल ऑडिट करवाया गया था जिसमें पता चला था कि कुछ पिलर भार सहन करने की 50 फीसदी क्षमता खो चुके हैं। इससे टावरों को खतरा बना हुआ था। दरअसल यहां पर पानी के रिसाव की वजह से बेसमेंट के पिलरों की हालत जर्जर हो चुकी थी।

हालांकि बाद में मरम्मत का कार्य करवाया गया। बता दें कि शहर की अधिकतर हाईराइज सोसाइटियों में एक्सपेंशन ज्वाइंट की समस्या होने की वजह से बेसमेंट में जलभराव होता है। यदि बारिश होती है या बाहर लगी बागवानी में सिंचाई की जाती है तो पानी रिसकर बेसमेंट में आता है। यही नहीं, नालियों की निकासी सही न होने की वजह से भी पानी बेसमेंट में आता है।

## एंबुलेंस चालकों ने सेवा की शपथ ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एंबुलेंस पायलट दिवस पर सोमवार को 102 और 108 एंबुलेंस चालकों ने मरीजों की सेवा की शपथ ली। इसके लिए जिला अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एंबुलेंस सेवा के जिला प्रभारी जितेंद्र सिसोदिया ने बताया कि सभी चालकों का यही प्रयास होता है कि मरीज को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाकर इलाज शुरू कराया जाए। मरीजों की सेवा के लिए चालक तत्पर रहते हैं।

## एक नजर

### युवाओं को देश की रक्षा और विकास में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया

**नोएडा।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा में स्वदेशी का योगदान व आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। शारदा विश्विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को देश की रक्षा और विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने स्वदेशी तकनीकों, रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह विचार प्रमुख डॉ राजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैन्य बल पर निर्भर नहीं करती, बल्कि तकनीकी, आर्थिक और औद्योगिक आत्मनिर्भरता भी उसकी मजबूत नींव है।

स्वदेशी को बढ़ावा देकर हम न केवल राष्ट्र की सुरक्षा को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि आर्थिक समृद्धि की ओर भी कदम बढ़ाते हैं। वहीं वायु सेना के पूर्व अधिकारी डॉ॰दीपक शर्मा ने अपने अनुभव और आज की परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनना ही होगा और उसका मार्ग स्वदेशी जागरण से होकर ही जाएगा। इस दौरान कपिल नारंग ने स्वदेशी जागरण मंच की वैचारिक यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शारदा विवि के एसोसिएट डीन रिसर्च डॉ मोहित साहनी, गिरीश कोटनाला, डॉ ऋचा तोमर, डॉ नीरज कौशक, डॉ गौरव, डॉ दिव्या त्रिपाठी, डॉ अमित अत्रि, डॉ सुरेंदर, डॉ सुशांत, डॉ अंशु, डॉ तरुण वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

### सेक्टर-18 मार्केट में बन रहे 18 स्क्वायर अगले महीने पूरा हो जाएगा काम

**नोएडा।** शहर का कनाट प्लेस कहे जाने वाले सेक्टर-18 मार्केट में नोएडा प्राधिकरण 18 स्क्वायर बनवा रहा है। इसमें तिकोना पार्क और जी ब्लॉक के बीच बन रही नो-कार लेन के किनारे 999 वर्ग फुट की एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है। प्राधिकरण ने पीपीपी मॉडल पर इस परियोजना के लिए चिनार इम्पैक्स नाम की एजेंसी का चयन किया है। एजेंसी ने मौके पर काम भी शुरू करवा दिया है।

स्क्रीन पर शाम के वक्त गाने दिखा करेंगे। क्रिकेट मैच का प्रसारण भी होगा। इसके साथ ही इसे लगाने वाली एजेंसी विज्ञापन भी चलाया करेगी। परियोजना में लागत करीब 2.50 करोड़ रुपये अनुमानित है। करार के मुताबिक एजेंसी अगले 8 साल में इस होर्डिंग से नोएडा प्राधिकरण को 8 करोड़ रुपये का राजस्व भी देगी। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि मौके पर काम शुरू हो गया है। जून में इसका निर्माण पूरा करवाकर शुरू कराने का लक्ष्य रखा गया है। यहां पर प्राधिकरण इस सड़क पर नो-कार लेन भी बनवा रहा है जिसका काम भी करीब 80 प्रतिशत पूरा हो गया है।

**पहले नोएडा स्क्वायर बनाने की थी योजना, लेकिन धरातल पर नहीं उतरी:** इसके पहले कई वर्षों तक नोएडा प्राधिकरण की योजना सेक्टर 18 मार्केट में टाइम्स स्क्वायर की तर्ज पर नोएडा स्क्वायर बनाने की थी। इसमें करीब 10 हजार वर्ग फुट की की स्क्रीन लगाई जानी थी। पहले इसके लिए मल्टीलेवल पार्किंग का चयन प्राधिकरण ने किया था। लेकिन इसके लिए प्रचार-प्रसार विभाग एजेंसी का चयन नहीं कर पाया, लिहाजा योजना धरातल पर नहीं उतरी। आखिर में उस मॉडल को छोटे रूप में अब जगह बदल कर उतारा जा रहा है।

### भाजपा ने किया सेक्टर 116 में सह-भोज कार्यक्रम का आयोजन

**नोएडा।** नोएडा महानगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय, सेक्टर 116, नोएडा में एक विशेष सह-भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नोएडा जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने की, जिसमें नोएडा के लोकप्रिय विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने मुख्य रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। इस सह-भोज का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करना एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श करना रहा। साथ ही, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुँचाने के लिए रणनीति बनाई गई। विधायक पंकज सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, ष्संगठन की मजबूती और सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाना ही हम सभी का प्राथमिक दायित्व है। ऐसे कार्यक्रम हमें एकजुट करते हैं और कार्यों की दिशा को स्पष्ट करते हैं।ष जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने अपने संबोधन में कहा, ष्भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, और ऐसे आयोजनों से हमारे कार्यकर्ताओं को एक साथ बैठकर चर्चा करने, सुझाव देने और संगठन की दिशा तय करने का अवसर मिलता है। सह-भोज केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि पार्टी के परिवार की एकता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आने वाले समय में हम सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए और अधिक सक्रियता से कार्य करेंगे।

इस अवसर पर डिंपल आनंद, चंदगीराम यादव, मनीष शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, गिरिजा सिंह, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, देवेंद्र सिंह भदौरिया, विपुल शर्मा, रामनिवास यादव, अर्पित मिश्र, शिवांश श्रीवास्तव, मल्लिकेश्वर झा के साथ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रमुख उपस्थित रहे।

# नशे में धुत होकर महिला ने काटा बवाल, दिखाया सही ठिकाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नशे में धुत होकर एक महिला ने नोएडा में सरेआम बवाल मचा दिया। नशे में धुत महिला इस कदर पागल हो चुकी थी कि उसने पुलिस वालों के साथ भी मारपीट तक कर डाली। नोएडा पुलिस ने नशे में बवाल करने वाली महिला को उस महिला का सही ठिकाना दिखा दिया है। नशे में बवाल काटने वाली महिला के के दो खास चेलों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

बता दें कि 25 मई 2025 की रात्रि में एक महिला ने नोएडा के सेक्टर-113 में जाने के लिए कैब बुक की थी। बुकिंग के आधार पर कैब चालक ने महिला को कैब में बैठा लिया। उस महिला के साथ उसके दो चेले (मित्र) भी कैब में बैठ गए। उन मित्रों के नाम अमर तथा आयुष हैं। कैब चालक का कहना है कि तीनों ने ही लिमिट से ज्यादा शराब पी रखी थी। कैब में बैठकर तीनों सिगरेट पीने लगे। जब कैब चालक ने सिगरेट पीने से मना किया तो तीनों ने कैब चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। कैब चालक ने इस घटना की सूचना नोएडा पुलिस को दी। नोएडा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई।

**पुलिस के साथ भी भिड़ गई शराबी महिला:** नोएडा पुलिस की मीडिया सेल ने बताया कि रात्रि को एक महिला अपने पुरुष साथियों अमर, आयुष के साथ कैब में कहीं जा रही थी तथा काफी मादक पदार्थ का सेवन की हुई थी, कैब में धूम्रपान कर रही थीं जिस पर कैब वाले ने धूम्रपान करने से मना किया तो कैब चालक के साथ गाली-गलौज व बदतमीजी करने लगी तथा आक्रोशित होकर गाली-गलौज व मारपीट करने लगी जिसकी सूचना कैब ड्राइवर द्वारा पीआरवी को दी गई।

## एफएनजी पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांव यूसुफपुर चकसाबेरी निवासी रमेश चंद ने पुलिस को बताया कि 23 वर्षीय बेटा देव सेक्टर-63 स्थित जेबीएल कंपनी कंपनी में काम करता था। 25 मई की रात करीब 10 बजे वह पड़ोसी सोनू के साथ बैठकर अपने घर आ रहा था। सेक्टर-63 क्षेत्र में ही एफएनजी मार्ग पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए देव को टक्कर मार दी। हादसे में देव को गंभीर चोट आई। सोनू ने देव को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना सोनू ने परिजन को दी। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने देव को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान रात में ही चिकित्सकों ने देव को मृत घोषित कर दिया।

# 25 हजार का इनामी गैंग लीडर गिरफ्तार

## ग्रेटर नोएडा में बर्तन और दवा बेचने के बहाने करता था ठगी, राजस्थान से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपए के इनामी गैंग लीडर को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। थाना बीटा-2 पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। आरोपी मोहम्मद चांद को कोटा झील के पास से पकड़ा गया।

मोहम्मद चांद 2022 से गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहा था। वह एक सक्रिय गिरोह का लीडर है। उसका साथी आरिस अभी भी फरार है। दोनों ने 2021 में बीटा-2 क्षेत्र में दो बड़ी वारदातें की थीं।

पहली वारदात में बर्तन का पाउडर बेचने के बहाने एक महिला के कानों के कुंडल और गले का पेंडल लूट लिया। दूसरी वारदात में



दवाई बेचने और इलाज करने का बहाना बनाकर एक घर में घुसे। वहां से 5 लाख रुपए की ठगी की। 2022 में दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस आरिस की तलाश कर रही है।

बीटा 2 थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि यह गिरोह बड़े ही शातिर किस्म का है। यह लोग महिलाओं को निशाना बनाते थे और ठगी की वारदात को अंजाम दिया करते थे।

## समर कैंप में बच्चों ने गतिविधियों में भाग लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले भर के विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन समर कैंप के पांचवे दिन बच्चों के लिए गिनतारा और संगीत की गतिविधियां कराई गई। समर कैंप में शिक्षिकाओं ने बच्चों को गिनतारा के माध्यम से संख्याओं और गणित के सिद्धांतों को सिखाया और संगीत की गतिविधियों से बच्चों को नृत्य, गीत और योग प्राणायाम का अभ्यास कराया। कैंप में बच्चों ने कागज से विभिन्न तरह के खिलौने बनाने सिखे। वही, छात्रों को मिट्टी के खिलौने बनाना, रंगोली बनाना , चित्रकला, पोस्टर निर्माण, नाटक, योग, संगीत गायन व वादन, लोकगीत, कहानी सुनाना आदि सिखाया। जनपद के उच्च अधिकारियों ने भी अलग-अलग ब्लॉक में उपस्थित छात्रों के साथ मिलकर कार्य भी किया।

# सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने की पूरे श्रद्धा भाव से वट वृक्ष की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर नोएडा के विभिन्न मंदिरों और वट वृक्ष स्थलों पर सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने पूरे श्रद्धा भाव से वट वृक्ष की पूजा की। यह व्रत विशेष रूप से पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना हेतु किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन सती सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और भक्ति के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। तभी से यह दिन सुहागिनों के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है। नोएडा के सेक्टर-18, 19, 20, 62 और 107 के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा



की, धागा बांधा और व्रत कथा सुनी। मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश ख्र त्रिदेवों का वास होता है। इस वृक्ष की पूजा कर महिलाएं अपने पति के स्वास्थ्य, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की बधाइयां दीं और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष आयोजन और कथा प्रवचन भी हुए।

## मुख्य सचिव मनोज सिंह के समक्ष रखीं उद्योगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में औद्योगिक विकास और उद्यमियों की चुनौतियों पर आधारित एक बैठक मुख्य सचिव प्रदेश सरकार मनोज कुमार सिंह ने एनईए सभागार में उद्यमी संगठन एनईए के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें पुलिस आयुक्त गौतमबुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह भी मौजूद रहीं।

एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने कहा कि नोएडा में प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में अगर एक प्रतिशत की भी शेयर होल्डिंग बदलनी हो तो नोएडा विकास प्राधिकरण और स्टांप विभाग चार्ज वसूलता है, जिसे खत्म किया जाना चाहिए। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को एलएलपी में बदलने पर भी कंपनी का नाम वहीं रहता है, डायरेक्टर वहीं रहते हैं, इसके बाद भी स्टांप विभाग रजिस्ट्री चार्ज वसूलता है। इस प्रक्रिया में रजिस्ट्री की अनिवार्यता को खत्म कर केवल डिक्लियरेशन डीड लागू करने की मांग की। उद्योगों में कामर्शियल गतिविधि चलाने पर धारा 10बी के तहत जारी नोटिस 2021 के पूर्व शपथ पत्र देने पर वापस ले लिया जाता था, लेकिन अब प्राधिकरण ऐसे प्रकरणों में कमेटी गठित कर एक प्रतिशत चार्ज जमा कराने व इकाई जाकर सर्वे का काम भी जोड़ दिया है।

यह गलत है। इसके लिए पूर्व की व्यवस्था को लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण पहलू रक्त संबंधी मामलों में परिवार की आवासीय संपत्ति के बंटवारे में स्टांप ड्यूटी शुल्क 5000 रुपये की भांति इस व्यवस्था को औद्योगिक भूखंडों व मामलों के बंटवारे में भी लागू करने की मांग रखी गई।

## आंधी ने आम के बाग मालिकों की तोड़ी कमर, 50 फीसदी फल हुए खराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मई महीने में लगातार आई आंधी और पानी से बागानों को काफी नुकसान हुआ है। ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर क्षेत्र में आम के बागान करने वाले किसानों का कहना है कि लगातार आ रही आंधी के कारण कच्चे फल ही टूटकर गिरे जा रहे हैं। जिनकी कीमत अभी बाजार में न के बराबर मिल रही है। किसानों का कहना है कि अभी तक आई सात बार आंधी में करीब 50 फीसदी फल खराब हो चुके हैं। जिस कारण हुए नुकसान को लेकर बाग मालिकों और मालियों के बीच तनातनी का माहौल बन गया है।

बिलासपुर-दनकौर क्षेत्र में छोटे बड़े को मिलाकर लगभग 4000 बीघा में आम के बागान फैले हैं। इन बागों के मालिकों का कहना है कि इस प्रकार की आंधी कई दशकों के बाद देखी गई है। आम के इन बागों को साल दर साल मालिक लगान पर दे देते हैं।

जिसको माली कमाते है और पैसे किस्तों में देते हैं। इस क्षेत्र में अशोक राजीव ,राजवीर, धर्मवीर, फकरू, रियाज , प्रमोद, लख्मी आदि आम अमरुद बेर के बागों को ठेके पर लेते हैं परंतु इस बार लगातार 6 से 7 बार तेज आंधी ने आम के बागों की स्थिति खराब कर दी। समय से पहले पेड़ से आम टूटने के कारण वह किसी उपयोग का नहीं रहा यदि वह कुछ मोटा हो जाता तो उसकी पाल लगाई जा सकती थी आंधी के कारण आम कच्चा टूटकर फट गया जिसका मंडी में भाव मंत्र 5 से 6 रुपये प्रति किलो प्राप्त हुआ है । अगर यह मोटी हो जाती तो 20 रुपये प्रति किलो उनको प्राप्त होता।

# कोरोना संक्रमित आठ नए मरीज मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कोरोना संक्रमित आठ नए मरीजों की पुष्टि सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने की। सभी मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। बीमारी की पुष्टि के सात दिन बाद इनकी दोबारा जांच की जाएगी। अब कुल मरीजों की संख्या नौ हो गई है। आठ नए मरीजों में से सेक्टर-119 निवासी 43 वर्षीय एक मरीज 21 मई को चेन्नई से वापस आया है। अन्य सभी मरीज नोएडा और ग्रेटर नोएडा में ही थे। कोरोना संक्रमित मरीजों में पांच महिला और तीन पुरुष हैं। इनकी उम्र 24 से लेकर 71 साल है। इनके संपर्क में आने वाले किसी भी व्यक्ति में कोरोना संक्रमण के लक्षण नहीं हैं।

लिहाजा, इनकी जांच के लिए नमूने नहीं लिए गए हैं। लक्षण आने की स्थिति में इनकी भी कोरोना संक्रमण की जांच की जाएगी। सभी में



बीमारी की पुष्टि निजी लैब या अस्पताल ने की है। इन मरीजों में से एक मरीज दो दिन तक निजी अस्पताल में भर्ती था। अब वह भी होम आइसोलेशन में है। दो दिन पहले शनिवार को एक 55 वर्षीय महिला कोरोना संक्रमित मिली थी। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि सभी मरीजों का इलाज घर में चल रहा है। जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए निजी अस्पतालों से संक्रमित मरीजों के एक एक नमूने मांगे गए हैं। इन मरीजों के नमूने दिल्ली या लखनऊ भेजे जाएंगे, ताकि कोरोना वायरस के वेरिएंट के बारे में जानकारी मिल सके। सात दिनों के बाद मरीजों की दोबारा जांच की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार मरीजों के आगे का इलाज चलेगा। सभी ऑक्सीजन प्लांट दुरुस्त जिले के सरकारी अस्पतालों में लगाए गए सात ऑक्सीजन प्लांट दुरुस्त हैं। करीब एक महीने पहले ही मॉक ड्रिल में इनकी जांच की गई थी। ये ऑक्सीजन प्लांट दादरी, बिसरख, जेवर के सामुदायिक केंद्र में हैं। इनके अलावा जिला अस्पताल, जिम्स, ईएसआईसी अस्पताल और चाइल्ड पीजीआई में भी ऑक्सीजन प्लांट हैं। कोरोना की दूसरी लहर के बाद 2022 में ये बनाए गए थे। जिला अस्पताल से एक संदिग्ध का नमूना भेजा जिला अस्पताल से कोरोना संदिग्ध एक मरीज के नमूना जांच के लिए चाइल्ड पीजीआई भेजा गया है। वर्तमान में जिला अस्पताल में ही कोराना के संदिग्ध मरीजों के नमूने लिए जाएंगे। यह निशुल्क होगा। वहीं निजी अस्पताल और लैब में पहले से ही इसकी जांच की जा रही है। जरूरत पड़ने पर वार्ड बनेगा कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में वार्ड बनाया जाएगा। इसका प्रवेश और निकास अलग से होगा। जहां से सिर्फ कोरोना संक्रमित मरीजों को ही ले जाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि वार्ड एक दिन में तैयार कर लिया जाएगा।

# डेयरी और कपड़ा उत्पादन का केंद्र बनेगा हाथरस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हाथरस में विकसित होने वाला नया शहर डेयरी व कपड़ा उत्पादन का केंद्र बनेगा। इसके अलावा ब्रास के उत्पाद भी तैयार किए जाएंगे। प्राधिकरण की हाथरस के अधिसूचित क्षेत्र में विकसित होने वाले नए शहर में इस प्रकार की कंपनियां लाने की तैयारी है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र छह जिलों तक फैला हुआ है। प्राधिकरण जहां मथुरा में प्रमुख तौर पर हेरीटेज सिटी विकसित कर रहा है, वहीं टप्पल में लॉजिस्टिक हब बनाने जा रहा है, इसी तरह आगरा में भी पर्यटन और धरोहर को तवज्जो दी गई है।

अब प्राधिकरण ने हाथरस में विकसित होने वाले नए शहर का मास्टर प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए एजेंसी का चयन करने के लिए आरएफपी निकाली जाएगी।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# ज्येष्ठ गंगा दशहरा की तैयारियों को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को डीएम अभिषेक पांडेय ने आगामी ज्येष्ठ गंगा स्नान दशहरा पर्व के आयोजन की तैयारी को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ गंगानगरी ब्रजघाट गेस्ट हाउस के सभागार में बैठक आयोजित की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को मेले की तैयारी में किसी प्रकार की लाप. रवाही न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन पार्किंग, बिजली, पीने के पानी की व्यवस्था, घाटों पर नहाने की व्यवस्था, ड्रोन सीसीटीवी कैमरे , साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल आदि को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने मोबाइल टॉयलेट, चेंजिंग रूम की साफ-सफाई हेतु स्विफ्टबार 50-50 सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने गंगा किनारे पर्याप्त मात्रा में बैरिकेडिंग एवं सांकेतिक चिन्ह लगाने हेतु भी निर्देशित किया। डीएम द्वारा अनावश्यक कटों को बंद करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए। डीएम ने गंगा स्नान घाटों पर होमगार्ड की तैनाती करने हेतु भी पुलिस क्षेत्राधिकार एवं होमगार्ड कमांडेंट को निर्देश दिए। उन्होंने नाव संचालक को रेट लिस्ट चस्पा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नाव में क्षमता से अधिक व्यक्तियों को न बैठाया जाए तथा कोई भी नाविक शराब पीकर नाव नहीं चलाएगा। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले के दौरान अस्थाई दुकानें स्थापित की जाए तथा दुक. नों में साफ सफाई का ध्यान रखें तथा निरंतर खाने-पीने की चीजों की चेकिंग करते रहे। गंगा स्नान करने वाले घाटों पर बैरिकेडिंग समय से ही लगा दी जाए तथा बैरिकेडिंग के दूसरी ओर कोई भी श्रद्धालु स्नान करने के लिए ना जाए इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहे एवं गोताखोरों की भी तैनाती की जाए। इसके बाद डीएम द्वारा ब्रजघाट गंगानगरी का निरीक्षण भी किया गया।





# परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सोमवार को मोनाड विश्वविद्यालय में छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर परीक्षा की तिथियों में बार-बार बदलाव का आरोप लगाया।

छात्रें का कहना है कि सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय द्वारा फर्जी अंक तालिका वितरण की खबरें सामने आई हैं। इसके बाद से परीक्षाओं की तिथियों में लगातार परिवर्तन किया जा रहा है। छात्रों ने मांग की है कि मामले के सुलझने तक परीक्षा स्थगित की जाए। साथ ही उन्हें दूसरे कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाए। छात्रों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय अधिकारी अनीता चौहान और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया। प्रदर्शन में विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र शामिल थे। इनमें बीबीए, एलएलबी, पॉलिटेक्निक, बीसीए, बीपीटी, डी फार्मा, इलेक्ट्रिकल, सिविल, बी फार्मा और कृषि पाठ्यक्रम के छात्र शामिल थे।



# प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ की ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम ने बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में सात स्थानों पर अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में अफरा तफरी मची रहीं।

प्राधिकरण की टीम ने बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर नया बाईपास पर जितेंद्र लविश और मंजू की 25000 वर्ग मीटर, गांव बछलोता में सतेंद्र व धर्मपाल आदि की 15000 वर्ग मीटर, जहीर सलमानी की 7500 वर्ग मीटर, बागड़पुर रोड चक्रसेनपुर में योगेंद्र, रणवीर और श्यामसुंदर की 18000 वर्ग मीटर, नया बाईपास बागड़पुर रोड पर नृपेंद्र राणा और कासिम अली की 8500 वर्ग मीटर, किठोर रोड शावेज की 200 गज ढग, जरोठी रोड पर कपिल कुमार की 40 गज दुकान को सील किया गया जबकि प्लाटिंग को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया गया। सभी स्थानों पर मानचित्र स्वीकृत नहीं था। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा. नीतिन गौड़ ने बताया कि जिले में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध निर्माण को तोड़कर ध्वस्त किया जाएगा। किसी भी हाल में अवैध निर्माण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान में प्रभारी प्रवर्तन राकेश सिंह तोमर, वीरेश राणा, अवर अभियंता पीयूष जैन, अजय सिंघल एवं प्राधिकारी का सचल दस्ता शामिल था।





# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र के बस स्टैंड पर पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षो के बीच जमकर मारपीट शुरू हो हुई। दोनों पक्षो में मारपीट होता देख आसपास के लोगों में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया और पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार धौलाना थाना क्षेत्र के बस स्टैंड पर पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया और पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुट गई है। धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र का माहौल बिगड़ने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा।



# दो पक्षो में हुई मारपीट के मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने ग्राम सैना में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सैना में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों चाँद मौहम्मद पुत्र अल्लामेहर और मोहस. ीन पुत्र अल्लामेहर निवासी ग्राम सैना थाना सिम्भावली जनपद हापुड को नया हाईवे से नया बांस की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की वैधानिक कार्यवाही में जुट गई है।



# हिस्ट्रीशीटर बदमाश को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार की देर रात बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के होशदारपुर गढ़ी में हिस्ट्रीशीटर बदमाश को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली बदमाश के कान के पास लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाश को नज़दकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव होशियारपुर गढ़ी निवासी हिस्ट्रीशीटर बदमाश बाबी उर्फ बोबिंदर रविवार की देर रात अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गोली बदमाश के कान के पास लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाश को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां बदमाश की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि घायल बदमाश बदमाश बाबी उर्फ बोबिंदर हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। जिसके खिलाफ तीस से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश के पिता राजेंद्र ने अज्ञात हमलावारो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश का मामला सामना आया है। फिलहाल संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायलय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है।

पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायलय से फरार चल रहे वारंटी नासिर पुत्र जब्बार निवासी ग्राम कमालपुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया है।

### महिलाओं व लड़कियों पर अश्लील फब्तीयां कसने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस की एन्टीरोमियो टीम ने लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड़ नगर की एन्टीरोमियो टीम द्वारा लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले आरोपी फरमान पुत्र मोहम्मद सुलेमान निवासी ग्राम जमाईपुरा थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को टैम्पू स्टैण्ड के पास दिल्ली रोड से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किया गया आरा. ेपी युवक रास्ते में आती जाती लड़की और महिलाओं पर अश्लील फब्तीया कसता था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के तत्वाधान में यज्ञ का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत देश की प्रगति के लिए किए जा रहे पूजन यज्ञ श्रृंखला में नीलकंठ महादेव मंदिर, रेलवे कॉलोनी आरपीएफ बैरक में दोपहर 2 बजे से वसुधैव कुटुंबकम भावना से हापुड़ जिले व जनसमाज के स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि, शान्ति हेतु पंचकुण्डीय यज्ञ मुख्य आचार्य डा. वासुदेव शर्मा पंडित ओमप्रकाश पोखरियाल, पंडित आशीष पोखरियाल व पंडित अजय पाण्डेय के मार्गदर्शन में मुख्य यजमान महासभा अध्यक्ष पंडित केसी पाण्डेय व अनिशा सोनी पाण्डेय के साथ विद्वानों ने पूजन के साथ किया भव्य यज्ञमंडप में महासभा विद्वानों द्वारा किए गए। एक साथ लय में स्वस्तिवाचन ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया तथा विधि विधान से पूजन के साथ ही वेद मंत्रो द्वारा हवन किया गया। प्रत्येक मंत्रो द्वारा हवन चक्र पूर्ण होने पर शंखवादन किया गया। भिारत में ज़ब एक बार् पुनः कोरोना की दस्तक सुनाई पड़ रही है और मेरा अनुभव रहा हैं कि जिस भी घर, स्थान में हवन होता है हवन के प्रभाव वाले स्थान में कोरोना का असर नहीं होता। इस मौके पर पंडित अजय पाण्डेय, पंडित शैलेन्द्र मिश्रा शास्त्री, ललित शर्मा, ब्रज भूषण पाराशर, पंडित अजय पाण्डेय, मोक्ष शर्मा, अंकित शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम पर अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा के सैकड़ो पदाधिका. रियों ने भगवान परशुराम पर अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर युवक से मारपीट करने के मामले में पीड़ित तरूण शर्मा को न्याय दिलाने को लेकर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और डीएम को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा के पंडित बिजेंद्र शर्मा अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश ने बताया की उन्हें सूचना मिली कि ग्राम श्यामपुर, निकट ददायरा, थाना हापुड़ अंतर्गत तरूण शर्मा नाम के एक युवक को भगवान परशुराम के संबंध मे सोशल मीडिया पर फेक फेसबुक एकाउंट द्वारा की जा रही अभद्र टिप्पणियों का विरोध करने पर गढ़ रेलवे फाटक पर लगभग 40 से 50 अपराधी किस्म के लोगों ने ड्यूटी पर जाते समय तमंचा लगाकर अपहरण किया। साथ ही जबरन उसको एलएन पब्लिक स्कूल के पास ले गए और उसके साथ लोहे की रॉड, डंडे, धारदार हथियार और अवैध तमंचे की बट से जमकर मारपीट की। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि आरोपी पीड़ित युवक से मोबाईल व 5500 रूपये भी लूटकर लें गए। परिजनों ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। आरोप है कि करीब एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पीड़ित युवक की वर्तमान स्थिति चलने फिरने की नही है और आरा. ेपी जेल मे होने की बजाय खुले मे घूम रहे हैं क्योंकि पुलिस ने मुकदमे मे उचित धाराएं लगाने के बजाय मामूली धारा लगाई जिससे अपराधी बिना जेल जाए ही जमानत पर आ गए जिसके बाद सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा के सैकड़ो पदाधिकारी और कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। डीएम अभिषेक पांडेय ने संबंधित मामले में आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष पंडित विजेंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पश्चिम प्रदेश संयोजक अनुज शर्मा, महिला पश्चिम प्रदेश संयोजक सुशीला शर्मा, जिला अध्यक्ष हापुड़ वेद प्रकाश शर्मा, गौरव शर्मा, सतीश शर्मा, बबली शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# बंदरों के आतंक का शिकार हुई छात्रा, छत से गिरकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** थाना धौलाना क्षेत्र के मोहल्ला कुरेशियां में रविवार देर रात एक हृदय विदारक हादसे में बीए द्वितीय वर्ष की छात्र की जान चली गई। मोहल्ले के दिलशाद की पुत्री गुलनाज छत पर बैठकर सोमवार की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान अचानक बंदरों का झुंड वहां आ धमका। छात्र बंदरों को देखकर घबरा गई और बचने के प्रयास में छत से नीचे सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है।

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि मोहल्ले में लंबे समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। छात्रा की मौत के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए।



# भाजपा की एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे हैं अभियान के निमित्त भाजपा किसान मोर्चा की एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा व जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल व अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नितिन चौधरी द्वारा की गई।

बैठक में मुख्य वक्ता पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव तोमर का उद्बोधन (एक देश एक चुनाव) को लेकर हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे जिला अध्यक्ष नितिन चौधरी ने कहा कि अब सरकार द्वारा देश में एक चुनाव क़ानून को लेकर जगह-जगह जनता के साथ आम राय मशविरा किया जा रहा है एवं सभी अन्य पार्टियों से राय मशवरा कर एक राष्ट्र एक चुनाव कानून को देश में भी लाने की तैयारी जोरों पर है जिससे सरकार का व्यय विकास कार्यों में देरी और बार बार चुनाव से जनता को परेशान ना होना पड़े। ऐसा कानून जिससे देश में केवल एक बार ही चुनाव हो और 5 साल तक स्थिर रूप से सरकार अपना कार्य कर सके। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह यादव जिला मंत्री सचिन मलिक, सोनू माया मंडल अध्यक्ष सुनील मेवला, अमरदीप प्रधान, कंवरपाल, कपिल, हरपाल राठी, प्रिंस शर्मा पार्टी पदाधिकारी वतन चौहान, भारत धामा कपिल धामा, अमरजीत प्रधान अन्य सभी सम्मानित पदाधिकारी गण मौजूद रहे।




# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में ज़िलें के थानों पर गठित एंटी रोमियो टीमों/महिला सुरक्षा दल द्वारा बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु गांव-गांव, मौहल्ला, शिक्षण संस्थानों इत्यादि स्थनों पर चौपाल लगाकर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, महिला हेल्प डेस्क, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वीमेन पावर लाइन-1090 व आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड़ टच, बैड टच एवं कल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया।



## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां
जिला प्रभारी, शाह टाइम्स
जनपद हापुड़

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव, तीन दिन से आ रही थी दुर्गंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी में एक मकान के अंदर युवक तीन दिन से फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। कमरे से बदबू आने पर आसपास के लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोल और देखा कि युवक फांसी के फंदे पर लटका था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस जांच में जुट गई है।



थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के भगवतपुरा में मृतक युवक अंकित पुत्र राजवीर सिंह आठ वर्ष से मकान मालिक मनोज के घर के एक कमरे में अकेला रहता था। मृतक अंकित की मां सरला ने बताया कि मेरे पांच बच्चे हैं और अंकित पांच में सबसे छोटा है। अंकित को 8 साल पहले लादावा करके घर से निकाल दिया था। वहीं लोगों का कहना कि मृतक युवक काफी कर्ज में था। मृतक युवक ब्रह्मपुरी क्षेत्र के फूल मंडी के पास पाल डेरी पर मजदूरी करता था। सोमवार को मृतक अंकित के कमरे में से बदबू आने लगी आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा कि युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना ब्रह्मपुरी प्रभारी ने बताया कि तीन दिन से कमरे में बदबू आ रही थी लेकिन सोमवार दोपहर को लोगों ने ज्यादा बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## गोकशी का आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अभी करीब दो माह पूर्व जानी थाना क्षेत्र के गांव भूपगढ़ी में अज्ञात व्यक्तियों ने गो. कशी की घटना को अंजाम दिया था जिसमें पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी। वहीं एक आरोपी का नाम प्रकाश में आया था। वहीं सोमवार को पुलिस ने युसूफ पुत्र यूनुस हाल निवासी हापुर सिंघावली का रहने वाला है जो गोवंश लाकर यहां पर कटान करता था और आसपास के शहर व गांव में सप्लाई करता था। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौड़ व सिवाल खास चौकी इंचार्ज अंकित चौहान ने सोमवार को मुखबीर की सूचना पर नहर पटरी सिसौला मार्ग से दबोच लिया। आरोपी के पास एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ। आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया।

# जीटीबी स्कूल में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उदेश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच और ज्ञान को बढ़ावा देना था, साथ ही उन्हें विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर चर्चा और अनुसंधान के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा 12 के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसको दो टीम में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता में चार राउंड और कुल 75 प्रश्न थे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित थे और गलत उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग थी। टीम ए ने 63 अंक प्राप्त किए, जबकि टीम बी ने सबसे अधिक प्रश्नों का सही उत्तर देते हुए 96 अक प्राप्त कर प्रतियोगिता में जीत हासिल की। विजेताओं को 501 रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता का आयोजन अमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया वरूण राजपूत, विवेक सिरोही और स्वाति गोयल का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और आयोजन समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करती हैं।



# बुर्का पहनकर जा रही महिला को बीच रास्ते में बाइक सवार युवक ने किया किस, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में बुर्का पहनकर जा रही महिला को बीच रास्ते में रोककर बाइक सवार युवक ने किस कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद थाना पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी। थाना लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के अहमद नगर में एक वीडियो आज सामने आया है जिसमें बीच रास्ते में शोहदे ने महिला को किस किया। बुर्का में महिला एक लड़की के साथ गली से गुजर रही थी। तभी सामने से बाइक सवार एक युवक आया। महिला के पास आकर उसने बाइक रोकी और उसके बाद किस किया आरोपी युवक कमेंट करते हुए फरार हो गया। महिला घटना के बाद महिला एकदम से चौंक जाती है। चीखते हुए आरोपी को गाली देती है। तब तक आरोपी तेज रफ्तार में भाग जाता है। युवती अहमदनगर में गली के रास्ते

**■ वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने युवक को लिया हिरासत में**

कहीं जा रही थी। तभी लख्खीपुरा थाना लिसाड़ी गेट के गली नंबर 16 का रहने वाला सोहेल बाइक से वहां पर आता और लड़की को जबरदस्ती रास्ते में रोक लेता बुर्का में महिला अपने आप को बचाने का प्रयास करती है लेकिन युवक ने जबरदस्ती करता नजर आ रहा है। आरा. पी की बाइक पर नंबर प्लेट नहीं था और पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के जरिए लड़के की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। लड़के का कान पकड़कर माफी मांगने का वीडियो भी सामने आया है। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने युवक गिरफ्तार कर लिया है और कार्यवाही कर जेल भेजा जाएगा।



# नौचंदी मेला पांच जून से शुरू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते दिनों मेरठ जनपद में आई आंधी तफूान व तेज बारिश से नौचंदी ग्राउंड का बुरा हाल है। पानी भर जाने के कारण लोगों का निकलना तक दूभर हो गया है। ऐसे में दुकानदारों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। उन्होंने नौचंदी मेले की तिथि को आगे बढ़ाने का प्रार्थना पत्र कमिश्नर महापौर व विकास मंत्री को सौंपा है जिसमें उनका कहना है कि दो दिन की वर्षा होने से रास्ता बहुत ज्यादा खराब हो गया है जिसमें मेले में आने वाली जनता को कीचड़ व दलदल का सामना कर परेशानी सहनी पड़ेगी। मेला में अभी भी दुकान एवं झूले नहीं लग पाए हैं जिसमें समस्त मेला नौचंदी के दुकानदारों एवं खेल तमाशा वालों का यह प्रस्ताव है कि मेले का शुभारंभ जून से जुलाई तक किया जाना ही जनहित में उचित होगा। दुकानदारों ने कहा कि मेले में अभी अधिकतर रास्ता ऐसा है जिसमें इंटरलॉकिंग टाईल नहीं लगी हैं रास्ता ठीक होना जरूरी है। इसके अलावा मेले का कार्यक्रम पांच जून से समापन पांच जुलाई तक कराया जाए।



## गंगानगर में ई-रिक्शा चालक ने फांसी लगाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** गंगानगर थाना क्षेत्र के लाल पार्क में रहने वाले ई-रिक्शा चालक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में लटका मिला। पुलिस की जांच में घरेलू विवाद के चलते युवक द्वारा यह कदम उठाने का मामला सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय मोनू ई-रिक्शा चलाने का काम करता था। वह गंगानगर थाना क्षेत्र के लाल पार्क कॉलोनी में रह रहा था। रविवार रात में उसका किसी बात पर परिजनों से विवाद हुआ और वह अपने कमरे में जाकर सो गया। सोमवार की सुबह कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने खिड़की से देखा तो मोनू का शव फंदे पर लटका था। उसने अंगोछे से फंदा लगाया हुआ था। परिजनों के द्वारा थाना गंगानगर में सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों से पूछताछ में आत्महत्या का कारण घरेलू विवाद सामने आया। मृतक के कपड़ों की तलाशी में उसकी जेब से कुछ रुपए और कागज मिले। घटना की परिजनों द्वारा तहरीर नहीं दी है।

## तमंचे व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जब से थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार सिंह ने जानी थाने का चार्ज संभाला है तब से अपराधियों की खैर नहीं है। इसी के चलते सोमवार को पीआरबी पुलिस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थी तभी एक व्यक्ति संदिग्ध दिखाई दिया जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुए। आरोपी किसी घटना की फिराक में था। आरोपी की पहचान वंश पुत्र भूपेंद्र निवासी ग्राम कुसेढ़ी के रूप में हुई। आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र में कोई आरोपी बक्शा नहीं जाएगा।

# मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सौर ऊर्जा उत्पादन से 'क्लीन और ग्रीन एनर्जी' के उपयोग को बढ़ावा देते हुए एनसीआरटीसी ने मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित किया है। यह एनसीआरटीसी के स्टेशनों, डिपो और सब-स्टेशनों को सौर ऊर्जा उत्पादन के केंद्रों में बदलने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो इस सिस्टम के कार्बन फुटप्रिंट्स को काफी कम करता है।

वर्तमान में नमो भारत कॉरिडोर के साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई नमो भारत स्टेशन एवं दुहाई डिपो स्टेशन और डिपो बिल्डिंग के अलावा गाजियाबाद और मुरादनगर आरएसएस पर सोलर पावर प्लांट पहले से स्थापित हैं। अब इस कड़ी में मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन स्टेशन भी जुड़ गया है। मेरठ साउथ स्टेशन की छत पर लगे संयंत्र की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 717 किलोवाट पीक है।

मेरठ साउथ स्टेशन की छत पर 1304 सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक पैनल की कैपेसिटी 550 वाटपीक है। यह ऊर्जा संयंत्र अनुमा. नित तौर पर प्रति वर्ष लगभग 8,15,000 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करेगा। मेरठ साउथ स्टेशन के सोलर प्लांट से अनुमानित तौर पर सालाना 750 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है। एनसीआरटीसी ने दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को अपनाते हुए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। इस प्रक्रिया में स्टेशनों, डिपो और रिसीविंग सब-स्टेशनों की छतों पर

**■ 717 किलोवाट पीक की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी**

सौर पैनल स्थापित किए गए हैं। दिल्ली-मेरठ के बीच 82 किमी लंबे सम्पूर्ण नमो भारत कॉरिडोर पर इससे 11 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन करने का लक्ष्य है, जिससे सालाना 11,500 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है। गाजियाबाद स्टेशन का रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र सबसे अधिक क्षमता का प्लांट है, जिसमें लगभग 1 मेगावाट (965 किलोवाट) की सोलर ऊर्जा उत्पादन करने की क्षमता है। नमो भारत के अन्य स्टेशनों पर भी सोलर प्लांट की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। इस संयंत्र के परिचालित होने के साथ ही, वर्तमान में नमो भारत कॉरिडोर के संचालित खंड से 4.7 मेगावाट पीक इन-हाउस सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है और इससे सालाना 4900 टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लाने के लिए योगदान हो रहा है। एनसीआरटीसी द्वारा अपनाई गई सौर नीति का लक्ष्य अपने सिस्टम में अधिक सौर ऊर्जा उत्पन्न कर नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाना है। यह पहल राष्ट्रीय सौर मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप है और क्षेत्र व राष्ट्र को लाभ पहुंचाने के लिए स्वच्छ, सतत ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने में एनसीआरटीसी की भूमिका को मजबूत करती है। एनसीआरटीसी अपने सभी विद्युत् सब स्टेशनों, नमो भारत स्टेशनों एवं डिपो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, हरित क्षेत्र, एलईडी बल्ब, प्राकृतिक रौशनी का प्रयोग भी सुनिश्चित कर रहा है। साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और मेरठ साउथ ये सभी स्टेशन 'कार्बन न्यूट्रल' हैं और इन स्टेशनों पर बिजली आपूर्ति इनपर लगे सोलर प्लांट से ही हो रही है

एनसीआरटीसी के सतत विकास के प्रयासों को मान्यता भी मिल रही है और साहिबाबाद तथा गुलधर नमो भारत स्टेशनों को प्रतिष्ठित आईजीबीसी नेट-जीरो एनर्जी (ऑपरेशंस) रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह पहली बार है जब देश के किसी स्टेशन को नेट जीरो एनर्जी (ऑपरेशंस) रेटिंग से सम्मानित किया गया है। एनसीआरटीसी द्वारा स्वच्छ और हरित वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में सतत विकास को प्राथमिकता देने का लक्ष्य, सार्वजनिक परिवहन के अधिक से अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही एनसीआरटीसी कुशल ऊर्जा खपत के लिए भी प्रतिबद्ध है। नमो भारत ट्रेनें अत्याधुनिक रीजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम से लैस हैं जो ब्रेकिंग के दौरान ट्रेन की गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करती हैं। रीजेनरेटिव ब्रेकिंग के परिणामस्वरूप पहियों, ब्रेक पैड और रोलिंग स्टॉक के अन्य संबंधित गतिमान ब्रेक-गियर पुर्जों की टूट-फूट भी कम होती है, जिसके परिणामस्वरूप ट्रेन के रखरखाव जीवन चक्र के दौरान इन स्पेयर पार्ट्स/वस्तुओं की खपत में काफी कमी आएगी। वर्तमान में दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच 55 किमी का सेक्शन संचालित है, जिसमें 11 स्टेशन हैं।

## थूक कर रोटी परोसने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जानी पुलिस ने भेजा जेल

**जानी खुर्द।** सोमवार को व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल वीडियो में जिसमें एक व्यक्ति रोटी बनाते वक्त थूकते हुए दिखाई दे रहा है जिसके संबंध में थाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को दबोच लिया। आरोपी एक शादी समारोह में थूक की रोटी परोस रहा था। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शोएब पुत्र मेहरबान निवासी ग्राम कुराली के रूप में हुई आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया।

# प्रदेश के 14 शहीद व्यापारियों को दी पुष्पांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विष्णु दत्त पाराशर के शास्त्री नगर स्थित कार्यालय पर व्यापारी शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 14 शहीदों को पुष्पांजलि देकर नमन किया गया। जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त पाराशर ने बताया कि लखनऊ के निवासी लाल विशंभर दयाल की अध्यक्षता में एवं कानपुर निवासी पं श्याम बिहारी मिश्रा के विशेष प्रयासों से प्रदेश के व्यापारियों की एक बैठक 1973 बनारस में संपन्न हुई जिसमें छोटे बड़े व्यापारियों एवं उद्यमियों को एक मंच पर लाने के लिए उनको संगठित करने के लिए व्यापार मंडल का गठन किया। व्यापार मंडल बनने के उपरांत बिक्री कर की जटिलताओं से व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न व शोषण बंद हो। उनके विरोध में प्रदेश में जगह-जगह धरने प्रदर्शन किए गए बिक्री कर के छापे से व्यापारी बहुत परेशान था। इसके विरोध में 26 मई 1979 में एक बड़ा आंदोलन किया गया जिसमें लखनऊ के 24 वर्षीय युवा व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल पुलिस की गोली से शहीद हो गए। इसी क्रम में बुलंदशहर के हरिशंकर अग्रवाल और नित्यानंद कोशिश भी शहीद हो गए थे और अब तक 14 व्यापारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, तब से हर वर्ष 26 मई को व्यापारी शहीद दिवस मनाया जाता है। इन 14 शहीद व्यापारियों को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में विष्णु दत्त पाराशर, तरुण शर्मा, विनोद त्यागी, नौशाद अहमद, मनीष शर्मा, दीपक गर्ग, सरित बंसल, सुधांशु पाराशर, कपिल सैनी, नरेश कुमार, कश्यप संजीव, पुंडीर अमर शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# एसएस पब्लिक स्कूल में पूल पार्टी का आयोजन, बच्चों ने मचाया धमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर में स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के गेम खेलें जिसमें मुख्य रूप से कबड्डी व क्रिकेट मैच बहुत ही रोचक रहा। वहीं छोटे बच्चों ने भी पूल पार्टी का मजा लिया जिसमें बच्चों ने जमकर धमाल मचाया और ठंडे फल तरबूज, खरबूजा आदि खाकर गर्मी से निजात पाई। स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के झूले भी लगाए गए जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने खूब जम्पिंग की और सभी बच्चों को विद्यालय परिवार की तरफ से पार्टी दी गई। विद्यालय के एमडी रवि मावी तथा प्रधानाचार्या नेहा मावी ने कहा कि बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम कराने चाहिए इससे उनके अंदर आत्मविश्वास और उत्साह पैदा होता है। वहीं बच्चों के चेहरे पर खुशी देखकर उन्हें भी बहुत खुशी का एहसास हुआ। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।




# सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव झुनझुनी बाईपास पर एक किविड कार में बाइक पर सवार तीन मजदूरों को पीछे से अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें तीनों मजदूर घायल हो गये। कार में सवार चालक कार को लेकर भागने लगा लेकिन ग्रामीणों ने उसका पीछा करते हुए नगर के अंबेडकर पार्क तिराहे पर पकड़ लिया। लेकिन चालक ने मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले ली है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पीड़ित की तरफ से कोई तहरीर थाने पर नहीं पहुंची थी। बताते चले कि सोमवार की सुबह करीब 9 बजे झुनझुनी निवासी टोनी पुत्र फूल सिंह तथा सेवकराम अभिषेक पुत्रगण विनोद बाइक पर सवार होकर मजदूरी करने के लिए बहसूमा की ओर आ रहे थे। जैसे ही जुन्नूरैन हलवाई के खेतों के सामने आए तो मेरठ की ओर से आ रही क्विड कर संख्या यूपी16 सीजेड 7385 चालक नाम पता अज्ञात ने नियंत्रित होकर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये। लेकिन कार चालक कार को लेकर भागने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों ने उसका पीछा करते हुए नगर के मोहल्ला बसी अंबेडकर पार्क तिराहे पर पकड़ लिया। लेकिन चालक ने होशियारी करते हुए भीड़ का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर थाने ले आये। थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने बताया कि कार को कब्जे में ले ली गई है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आते ही कार्रवाई की जाएगी।

# आंधी और तूफान से बिजली विभाग को बड़ा झटका जंगल के विद्युत पोल पर काबू पाना हो रहा है मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** हाल ही में आए तेज आंधी और तूफान से पूरे प्रदेश में ग्रामीण इलाकों में बिजली विभाग का काफी नुकसान बताया जा रहा है वहीं जानी ब्लॉक और मोदीनगर फीडर के गांव रसूलपुर धौलडी पतला निवाड़ी खिदोडा मतोर में बिजली के खंभे ट्रांसफार्मर और जंगल में 33 हजार की लाइन पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है जिससे बिजली विभाग को काफी बड़ा नुकसान हुआ है और इसको पूर्ण रूप से सुचारू करने के लिए बिजली विभाग का कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर कड़ी मेहनत कर रहा है लेकिन उसके बाद भी जल्द हालात सुधरने में नहीं आ रहे हैं क्योंकि आंधी और तूफान से इतना ही नहीं ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभे जमीन से उखाड़े गए हैं और शिफ्टिंग में लाइट को सुचारु किया जा रहा है। वहीं अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय से इस संबंध में बात हुई तो उन्होंने कहा कि बिजली का हर कर्मचारी हर गांव और जंगल में लाइन को पूर्ण रूप से चालू करने में लगा हुआ है और जल्दी ही इस पर काबू कर लिया जाएगा। बिजली विभाग को काफी नुकसान हुआ है।



# सिसौला में संगीनों के साए में हुआ राशन डीलर का चुनाव

## प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में दीपक ने 40 वोट से प्रवीण को दी पटखनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार को सिसौला खुर्द में राशन डीलर का चुनाव संगीनों के साए में हुआ। प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में दीपक ने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रवीण को 40 वोट से हराकर परचम लहराया। सिसौला खुर्द में राशन डीलर की शिकायत के बाद रिक्त हुए पद पर आम सहमति न बनने पर चुनाव कराने का निर्णय लिया गया था। आज हुए इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव को संगीनों के साए व सीओ सरधना संजय जायसवाल व पुलिस फोर्स के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया। इस चुनाव में दीपक को 267 मत व प्रतिद्वंद्वी परवीन को 227 मत प्राप्त हुए। इस चुनाव में विजय हुए दीपक ने 40 वोट से प्रवीण को पटखनी दी है। वहीं गांव में खुशी की लहर है और निशुल्क राशन पाने वालों ने कहा कि पिछला राशन डीलर काफी कालाबाजारी करता था जिसमें गरीबों का हक भी खा जाता था, इसीलिए ग्रामीणों ने इसका जवाब वोट से दिया।



# इकाना में आरसीबी से भिड़ेगी लखनऊ

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मंगलवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अंतिम लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स पर जीत हासिल करने के लिए शीर्ष दो में जगह बनाने मैदान में उतरेगी। वहीं लखनऊ सम्मानजक विदाई के लिए पुरजोर कोशिश करेगी। रजत पाटीदार की अगुआई वाली आरसीबी ने सीजन के आखिरी चरण में अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत दर्ज करके शीर्ष पर है, जबकि लखनऊ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। आरसीबी यहां जीत हासिल कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है और प्लेऑफ में उसे अतिरिक्त जीवनदान मिल सकता है। एलएसजी टूर्नामेंट में सम्मान के साथ विदाई के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करनी होगी। आरसीबी के जीत के अभियान को विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी से बल मिला है। विराट ने इस सत्र में 548 रन बना लिए हैं और विस्फोटक बल्लेबाज फिलिप साल्ट के साथ शीर्ष पर हैं। मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा और पावर-हिटर टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड की मौजूदगी वाली उनका बल्लेबाजी क्रम लखनऊ की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाने मैदान में उतरेगी। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने बहुत देर से फॉर्म हासिल किया। हालांकि पिछले हफ्ते मिशेल मार्श की 117 रनों की तूफानी पारी और विलियम ओ'रुरके के शानदार स्पेल ने उन्हें गुजरात टाइटन्स पर 33 रनों की जीत दिलाई, लेकिन टीम के बल्ले और गेंद दोनों से संघर्ष ने पूरे अभियान में उन्हें भारी कीमत चुक. ानी पड़ी। स्पिनरों की मदद करने वाली इकाना पिच मध्यम स्कोर बनने के आसार है। पिछले पांच मैचों में से चार में टीमों ने सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा किया है, इसलिए टॉस फिर से महत्वपूर्ण होगा और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर सकते हैं।

## पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ नूर हुए आगे

● चेन्नई के नूर अहमद ने खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट लिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद कल खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट झटकर गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ते हुए पर्पल कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। टूर्नामेंट में नूर के पास अब और मौका नहीं जबकि प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध के पास आगे मैचों में फिर से बेहतर प्रदर्शन कर आगे निकलने का अवसर है। प्रसिद्ध कृष्णा ने अब तक 14 पारियों में 23 विकेट हैं। हालांकि जीटी के प्लेऑफ में पहुंचने के कारण प्रसिद्ध के पास आगे और भी मैच हैं, जबकि सीएसके का सफर समाप्त हो चुका है। मुबई इंडियंस के ट्रेंट बोल्ट 19 विकेटों के साथ तीसरे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जॉश हेजलवुड 18 विकेटों के साथ चौथे स्थान पर हैं। जीटी के साई किशोर भी 14 मैचों में 17 विकेट लिए है। कोलकाता नाइट राइडर्स के वरुण चक्रवर्ती भी टूर्नामेंट की 13 पारियों में 17 विकेट ले चुके है। क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर है।



## खेल विशेष

## मुंबई ने पंजाब को 185 रन का टारगेट दिया

**जयपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने आईपीएल 2025 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 185 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 39 बाल पर 57 रनों की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान हार्दिक पंड्या 26, रोहित शर्मा 24 और रायन रिकलटन 27 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन और विजयकुमार वैशाख ने 2-2 विकेट झटके। हरप्रीत बरार को 1 विकेट मिला। जवाबी पारी में पंजाब ने 4 ओवर में बिना नुकसान के 34 रन बना लिए हैं। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह क्रीज पर हैं। प्रियांश आर्या ने पहले ओवर में ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके मारे। फिर दीपक चाहर ने मेडन ओवर डाला। दीपक चाहर ने पारी का दूसरा ओवर मेडन डाला। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह को ओवर की सभी 6 बाल डाट कराई। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 10 रन रहा। प्रियांश आर्या ने नई बाल से पहला ओवर डाल रहे ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके लगाए। उन्होंने पहली और आखिरी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने दो विकेट झटके हैं। उन्होंने महज 3 रन दिए। अर्शदीप ने पहली बाल पर नमन धीर को प्रियांश आर्या के हाथों कैच कराया। नमन 20 रन ही बना सके। छठी बाल पर सूर्यकुमार यादव को पगबाधा आउफट किया। सूर्या 39 बाल पर 57 रन ही बना सके। 19वां ओवर डाल रहे विजयकुमार वैशाख ने 23 रन दिए। नमन धीर ने उनके ओवर की शुरुआती दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। फिर सूर्यकुमार यादव ने चौथी बाल पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

## आयरलैंड को हरा विंडीज ने सीरीज बराबरी पर रोकी

**डबलिन, वार्ता।** केसी कार्टी (170) की शतकीय, कप्तान शाई होप (75) और जस्टिन ग्रीव्स (50) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद जेडेन सील्स (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे वर्षा बाधित मुकाबले में आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस स्टर्न पद्धति से 97 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर है। केसी कार्टी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। रविवार रात खेले गए मुक. ाबले में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। ब्रैंडन और एविन (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शाई होप ने ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। केसी कार्टी और शाई होप ने तीसरे विकेट के लिए 147 गेंदों पर 137 रन की साझेदारी की।

## प्रणॉय-लक्ष्य, सिंधु सिंगापुर बैडमिंटन ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती



■ टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य और प्रणॉय खेलेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

महिला एकल रैंकिंग में पीवी सिंधु के साथ वह मालविका बंसोड़, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा के टीम का हिस्सा हैं। सिंधु इस जनवरी में इंडियन ओपन के बाद से लय में नहीं दिख रही और उन्हें लगातार संघर्ष करना पड़ा रहा है। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी सात्विक-चिराग ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी और चिराग की पीठ की चोट के कारण यह दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल पाये थे। टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय पुरुष एकल में खेलेंगे। किदांबी श्रीकांत ने पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद इस टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया है। महिला युगल में काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी खेलेंगी।

## बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन शोषण केस खत्म

■ नाबालिग पहलवान ने कहा था: बहकावे में आ गई, पूर्व सांसद बोले-दूसरा मामला भी क्लोज होगा



**गोंडा, वार्ता।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह को नाबालिग पहलवान से यौन शोषण मामले में बरी कर, केस क्लोज कर दिया। पिछली सुनवाई में नाबालिग अपने बयान से पलट गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने ये निर्णय लिया। यौन शोषण का मामला क्लोज होने के बाद गोंडा में जश्न का माहौल है। नाबा. लिग ने 1 अगस्त, 2023 को बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान कहा था कि उसने किसी राजनीतिक या भावनात्मक दबाव में आकर ये आरोप लगाए थे। ऐसी कोई घटना नहीं घटी थी। जिसमें वह खुद को पीड़िता मानती हो। इस बयान के बाद कोर्ट ने इसे शगंभीर परिवर्तनीय साक्ष्यश माना था। बृजभूषण बोले कि मामले में सच्चाई नहीं कोर्ट के निर्णय पर दैनिक भास्कर ने पूर्व सांसद बृजभूषण से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह बजरंगबली और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद है कि मुझे इस मामले में पहली बड़ी जीत मिली है। कथित पहलवानों के भड़कने से नाबालिग पहलवान ने मेरे ऊपर आरोप लगाया था। लेकिन जब उसको सच्चाई पता चली, तो उसने सही बयान दिया था। जिसके आधार पर कोर्ट ने उस मुकदमे को खत्म कर दिया है। कल मैं सबसे पहले अयोध्या पहुंच कर बजरंगबली का आशीर्वाद लूंगा। उसके बाद अपने नंदिनी नगर माता मंदिर पहुचूंगा, जहां आशीर्वाद लेकर अपने घर जाऊंगा। जल्द ही जो अन्य महिला पहलवानों के मामले चल रहे हैं, उसको लेकर हम हाईकोर्ट गए हुए हैं, वह मुकदमा भी जल्द खत्म होगा। उनमें कोई सच्चाई नहीं है।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को उरुग्वे को 3-2 से हराकर चार देशों के टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए सोनम ने (21वें) और कनिका सिवाच ने (46वें, 50वें) मिनट में गोल किए। जबकि उरुग्वे के लिए मिलग्रोस सेगल ने (तीसरे) और अगस्टिना मैरी ने (24वें) मिनट में गोल दागे। उरुग्वे की मिलग्रोस सेगल के तीसरे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दूसरे क्वार्टर में भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर (1-1) से बराकर कर दिया। हालांकि तीन मिनट बाद ही उरुग्वे ने अगस्टिना मैरी के गोल की बदौलत फिर से बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के कोई गोल नहीं हुआ लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को जीत दिला दी। उन्होंने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया, उसके बाद 50वें मिनट में मैदानी गोल करके भारत की जीत पक्की कर दी। भारत का अगला मुकाबला 28 मई को अर्जेंटीना से होगा।



## लाहौर कलंदर्स ने जीता पीसीएल

### कुसल परेरा बने मैच विनर, नाबाद 62 रन की पारी खेली

**कराची, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स ने क्वेटा ग्लैडिएटर्स को 6 विकेट से हरा कर तीसरी बार पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीता। पीसीएल के 10 वें सीजन का लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में क्वेटा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 201 रन बनाए। लाहौर कलंदर्स ने एक गेंद बाकी रहते हुए 204 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल परेरा (62) और लोकल बल्लेबाज मोहम्मद नईम (46) ने लाहौर की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, शाहीन अफरीदी ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए।

क्वेटा की ओर से हसन नवाज ने 76 रन की पारी खेली क्वेटा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की। क्वेटा की ओर से हसन नवाज टाप स्कोरर रहे। उन्होंने 43 गेंदों में 76 रनों की पारी खेली। शाहीन ने 3 और सलमान- हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए लाहौर कलंदर्स की ओर से कप्तान शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए। सलमान मिर्जा, हारिस रउफ ने 2-2 विकेट लिए। अफरीदी ने 4 ओवर में 24 रन दिए। सलमान ने 51 और रउफ ने 2 विकेट लिए। इसके अलावा सिकंदर रजा ने 1 ओर राशिद हुसैन ने भी एक विकेट लिए। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स की अच्छी शुरुआत 202 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स को फखर जमान और मोहम्मद नईम ने बेहतर शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी हुई।

## नए टेस्ट कप्तान पर पुजारा की बेबाक प्रतिक्रिया

### दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी ने कहा:गिल के पास टैलेंट की कमी नहीं, सिलेक्टर्स के पास ऑप्शन नहीं था



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने एक सवाल पर कहा कि शुभमन गिल के अलावा टीम इंडिया के पास कैप्टन के लिए कोई और आप्शन नहीं था। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में भारत की कप्तानी करना शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए एक चुनौती होगी।

उनके पास अपने को साबित करने का अच्छा मौका है। गिल को शनिवार को रोहित शर्मा की जगह नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। रोहि. हत और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत खेल के सबसे लंबे प्रारूप में नए युग की शुरुआत करेगा। रोहित और कोहली ने इस महीने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। पुजारा ने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक शसोनी स्पोर्ट्स नेटवर्कश के आयोजित एक आनलाइन बातचीत में भास्कर के शुभमन गिल को कप्तानी सौंपने के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि गिल का विदेशी धरती पर प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

वहीं, इससे पहले आस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें खराब प्रदर्शन की वजह से कुछ मैचों में प्लेइंग इलेवन में भी जगह नहीं मिली थी। पर, जसप्रीत बुमराह खुद ही कह चुके हैं कि इंग्लैंड में पांचों मैच नहीं खेल पाएंगे। वहीं उनकी फिटनेस एक बड़ी समस्या है। ऐसे में गिल के अलावा भारत के पास कैप्टन के लिए दूसरा कोई आप्शन नहीं है। वह 24 साल के हैं, ऐसे में टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। अभी यह कहना कि टीम मैनेजमेंट का डिसीजन सही है या नहीं, मुश्किल होगा। हालांकि, गिल के पास अच्छा मौका है, उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। गिल में प्रतिभा की कमी नहीं, बतौर बल्लेबाज सफल होंगे पुजारा ने कहा कि बल्लेबाज के तौर पर भी उन पर बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन मुझे यकीन है कि जिस तरह की प्रतिभा उनमें है वह इंग्लैंड में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि जब आप शीर्ष स्तर पर बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे होते हैं तो आप कभी यह नहीं सोचते कि आप कप्तान हैं या खिलाड़ी, आप हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। आपको इसे अलग रखना चाहिए। जब आप मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो आपको कप्तानी के बारे में सोचने के बजाय बल्लेबाज के तौर पर सोचना चाहिए। 37 साल के पुजारा ने टेस्ट क्रिकेट से अभी संन्यास नहीं लिया है। उन्होंने भारत के लिए टेस्ट मैच जून 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेला था। उसके बाद वह टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी टेस्ट टीम में वापसी का सपना देखते हैं, लेकिन अपने करियर की दिशा को लेकर उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है (भारत के लिए फिर से खेलने का), तो मुझे बिल्कुल भी आपत्ति नहीं है। वह सबसे अच्छी बात होगी। लेकिन साथ ही, मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो वर्तमान में जीना पसंद करता है और जो कर रहा हूं, उसमें लगा रहता हूं। अब तक का करियर शानदार रहा है, मुझे कोई पछतावा नहीं है।

## प्रियांक पंचाल ने लिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

### प्रियांक 17 वर्ष से अधिक समय तक गुजरात का हिस्सा रहे

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात क्रिकेट टीम के दाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांक पंचाल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने सोमवार प्रियांक पंचाल के क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की जानकारी दी। प्रियांक पंचाल सलामी बल्लेबाज के रूप में 17 वर्ष से अधिक समय तक गुजरात की घरेलु टीम का हिस्सा रहे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका शानदार प्रदर्शन रहा और उन्होंने भारत ए टीम के लिए कप्तानी की। उन्होंने गुजरात ओर से 99 रणजी ट्रॉफी मैचों सहित 127 प्रथम श्रेणी मैच खेले। जिसमें उन्होंने 29 शतक और 34 अर्द्धशतक के साथ 45-18 की औसत से 8856 रन बनाए। उनका सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर (नाबाद 314) था। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रियांक पंचाल को उनके शानदार करियर के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

## रेबेका को हराकर इगा फ्रेंच ओपन के अगले दौर में पहुंची

● इगा ने रेबेका को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराया

**पेरिस, वार्ता।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को स्लोवाकिया की रेबेका श्रामकोवा को हराकर फेंच ओपन के अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां कोर्ट फिलिप-चैटियर पर खेले गये मुक. ाबले में पोलैंड की स्वियाटेक ने आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन दूसरे दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी स्वियाटेक ने पहले सेट में जल्दी ही ब्रेक लिया। मैच के दौरान उन्होंने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और मजबूत सर्विस के साथ गेम में अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि इस दौरान श्रामकोवा ने आक्रामक प्रदर्शन किया लेकिन वह मिले अवसरों को भुनाने में किल रही। दूसरे सेट में भी यही कहानी रही, स्विएटेक ने दो बार और ब्रेक लिया। उन्होंने एक घंटे और 31 मिनट में तक चले मुक. ाबले में स्लोवाकिया खिलाड़ी पर जीत दर्ज की। स्विएटेक की फेंच ओपन में यह लगातार 22वीं जीत है। फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में स्विएटेक का मैच ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से होगा।



# सम्पादकीय

मंगलवार, 27 मई 2025

## अटकलों को विराम

सोमवार को संसदीय समिति की बैठक में सरकार ने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर अपनी रणनीति साझा की। जिसमें उसने कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद की सलाहकार समिति को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद को केंद्र थे। उन्होंने माना कि इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल को भारी चोट लगी, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। उन्होंने यह भी साफ किया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ स्तर पर दी गई थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाक को यह सूचना हमलों के बाद दी गई थी। उन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प के सीजफायर में हस्तक्षेप की बात से भी इन्कार किया और कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं वह निराधार हैं। उन्होंने तमाम अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का निर्णय भारत में पाकिस्तान की ओर से आए अनुरोध के बाद द्विपक्षीय स्तर पर लिया और इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। उनके कहने का मतलब साफ था कि पाक डीजीएमओ द्वारा संघर्ष विराम की मांग के बाद ही यह सैन्य कार्रवाई रोकी गई। साथ ही यह भी साफ किया कि भारत के किसी भी अधिकारी ने पाक से सीधी बातचीत नहीं दी और जो भी बातचीत हुई वह केवल दो देशों के डीजीएमओ के बीच थी। उन्होंने यह जरूर स्वीकार किया कि अमेरिका व अन्य देश भारत पर पाकिस्तान से वार्ता करने का दबाव बना रहे थे, लेकिन भारत किसी तरह के दबाव में नहीं आया भारत का स्टैंड साफ है कि आतंकवाद और वार्ता एकसाथ नहीं चल सकते। विदेश मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की सफाई दी। उनका कहना था कि बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण किया गया। सिंधू जल समझौते को लेकर समिति द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फिल्हाल सिंधू जल समझौता स्थगित है और भविष्य में जो कदम उठाया जाएगा उसके बारे में संसद को जानकारी दे दी जाएगी। विदेश मंत्री ने संसदीय समिति से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील भी की और बताया कि इसी के तहत सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर भेजे गए हैं। असल में कांग्रेस के नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लेकर कई सवाल पूछते रहे हैं और कई बातों को लेकर उनको कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करते रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि भारतीय विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी पहले ही पाक को दे दी थी। जयशंकर ने इससे इन्कार किया है और सबसे बड़ी बात अमेरिकी राष्ट्रपति जो सीजफायर का श्रेय लेते नहीं थकते, उनको भी यह कहकर आयना दिखाया है कि उनकी इसमें कोई भूमिका नहीं है।

### सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है कृषि



कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में मिलनी चाहिए, कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है, किसानों की हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में जानी चाहिए, इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी, खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं, यदि ये सब सीधी किसानों को दी जाएं, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपये मिलेंगे, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए, इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, पर अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए।

**–जगदीप धनखड़, उप राष्ट्रपति**



# विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक
# पंडित जवाहर लाल नेहरू

**पुण्यतिथि पर विशेष**

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते चाचा नेहरू को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है, जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरू का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। उनका विश्वास था कि गुलामी ने देश की आत्मा को कुचल दिया है और उसे फिर से जगाने के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी बल्कि आवश्यकता होगी सोच की स्वतंत्रता, अवसर की समानता और ज्ञान की पहुंच की। यही कारण था कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जिस भारत की कल्पना की, वह कारखानों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, बांधों और अनुसंधान संस्थानों से भरा हुआ भारत था।

पंडित नेहरू की राजनीति केवल सत्ता का अभ्यास नहीं थी, वह एक वैचारिक यात्रा थी। वे केवल नेता नहीं थे, वे विचार थे, प्रगति, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और मानवतावाद के विचार। उनका विश्वास था कि विविधता में ही भारत की शक्ति है। वे बार-बार कहते थे, भारत की आत्मा अनेकता में एकता है। यही कारण था कि उन्होंने भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को न केवल संरक्षित किया बल्कि उसे भारतीय पहचान का अभिन्न हिस्सा बना दिया। बच्चों के प्रति नेहरू जी का प्रेम भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखता है। वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान हैं, जिनकी देखभाल और शिक्षा आज ही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके दिल में बच्चों के लिए अत्यधिक स्नेह था। वे जब भी किसी विद्यालय या बालसभा में जाते तो बच्चों की आंखों में चमक आ जाती। उनके पास बैठकर बच्चे खुद को सहज महसूस करते थे। वह खुद को चाचा कहलवाना पसंद करते थे क्योंकि उन्हें बच्चों के साथ औपचारिकता से परे आत्मीयता चाहिए थी।

उनका यह प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था बल्कि व्यावहारिक योजनाओं और नीतियों के माध्यम से भी परिलक्षित होता था। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जैसी संस्थाएं उन्हीं की कल्पनाओं का परिणाम थी, जिनकी नींव उन्होंने अपने कार्यकाल में रखी। नेहरू जी की विदेश नीति ने भी भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में उनका नाम अग्रणी था। उनका दृष्टिकोण था कि भारत किसी वैश्विक ध्रुव की कठपुतली नहीं बनेगा बल्कि अपनी स्वतंत्र नीति के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को तय करेगा। उन्होंने शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को भारत की कूटनीति की आधारशिला बनाया। इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो केवल व्यक्ति के जाने की सूचना नहीं देते बल्कि एक युग के समाप्त होने की उद्घोषणा करते हैं। 27 मई 1964 की सुबह भी ऐसा ही एक क्षण थी। दिल्ली के तीन मूर्ति भवन से निकली उस दिन की खबर ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया। पंडित नेहरू नहीं रहे यह वाक्य भारत के हर घर में बिजली की तरह गिरा। लाखों लोग सड़कों पर निकल आए, रेडियो की आवाजें धीमी हो गई, विद्यालयों में मौन धारण किया गया, संसद में सन्नाटा छा गया और बच्चों की आंखों में एक ऐसा खालीपन आ गया, जैसे उनके अपने चाचा अचानक कहीं खो गए हों। उनकी मृत्यु केवल एक राजनीतिक नेता की मृत्यु नहीं थी, यह उस स्वप्नदृष्टा की चुप्पी थी, जिसने भारत को केवल भौगोलिक रूप से नहीं बल्कि वैचारिक रूप से भी गढ़ा था। उनकी अंतिम यात्रा में जो जनसैलाब उमड़ा, वह भारत के उस भावनात्मक जुड़ाव का प्रमाण था, जो एक नेता और उसके देशवासियों के बीच दुर्लभ होता है। नेहरू जी की मृत्यु के बाद देश को कई तरह के सवालों ने घेरा, क्या उनके बिना भारत उस मार्ग पर चल पाएगा, जो उन्होंने तैयार किया? क्या धर्मनिरपेक्षता, वैज्ञानिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हो पाएगी? क्या भारत का लोकतंत्र उनकी दूरदर्शिता के बिना टिकाऊ रह पाएगा? समय ने इन प्रश्नों का उत्तर संघर्षों और बदलावों के बीच दिया लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि नेहरू का प्रभाव भारत की रगों में आज भी बहता है। नेहरू जी की आलोचनाएं भी हुई, चीन नीति, कश्मीर, समाजवाद की धीमी प्रगति जैसे विषयों पर कई लोगों ने उनके निर्णयों को कटघरे में खड़ा किया परंतु आलोचना के बीच उनकी मूल नीयत, उनके इरादे और उनकी दूरदृष्टि पर कभी कोई बड़ा प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सका। उन्होंने कभी अपने विचारों को छिपाया नहीं, न ही अपने विरोधियों को दबाने की कोशिश की। उनके लिए लोकतंत्र केवल शासन का तरीका नहीं बल्कि जीवन का मूल मंत्र था। भारत आज जब 21वीं सदी में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है तो यह आवश्यक है कि हम उस नींव को न भूलें, जो नेहरू ने रखी थी। आज की तकनीकी, वैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रगति उन्हीं नीतियों की फलश्रुति है, जिन्हें उन्होंने स्वतंत्र भारत की शुरुआत में लागू किया था। एक ऐसे दौर में, जब विश्व युद्धों की विभीषिका से देश जूझ रहा था और भारत को नई पहचान चाहिए थी, तब नेहरू जैसे नेता का मिलना किसी वरदान से कम नहीं था। उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना नेहरू ने देखा था? क्या हम बच्चों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दे पा रहे हैं? क्या हम विज्ञान और विवेक के मार्ग पर हैं? क्या हम विविधता को अपनाकर एकता को सशक्त कर रहे हैं? इन सवालों के उत्तर खोजते समय पंडित नेहरू की पुस्तकें, उनके भाषण और उनका जीवनदर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। डिस्कवरी ऑफ इंडिया जैसी रचनाएं हमें बताती हैं कि उन्होंने भारत को केवल शासन के लिए नहीं बल्कि समझने और आत्मसात करने के लिए अपनाया था। उन्होंने भारत को केवल इतिहास की दृष्टि से नहीं बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण से देखा। आज भी जब किसी बच्चे की मुस्कान में मासूम सपने दिखते हैं, जब किसी छात्र को वैज्ञानिक प्रयोगशाला में नए आविष्कार की प्रेरणा मिलती है, जब किसी युवा को लोकतांत्रिक अधिकारों का अभ्यास करते समय विश्वास होता है कि वह बदलाव ला सकता है, तब नेहरू की आत्मा मुस्कराती है।

**–अतुल गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनाली घूमने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

गर्मियों का मौसम हो या फिर सर्दियों का, मनाली में हर सीजन में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलती है। गर्मी में ठंडक के अहसास के लिए लोग मनाली जाते हैं। वहीं सर्दियों में स्नो का नजारा देखने के लिए मनाली जाते हैं। यही वजह है कि यहां पर किसी भी मौसम में पर्यटकों की भीड़ कम नहीं होता है। मई-जून के महीने में अक्सर लोग पूरे परिवार के साथ मनाली ट्रिप का प्लान कर रहे हैं, क्योंकि गर्मियों में बच्चों की छुट्टियां पड़ती हैं। ऐसे में अगर आप इस महीने मनाली घूमने जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मनाली घूमने जाने के दौरान किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। गर्मियों के मौसम में जा रहे हैं, यह सोचकर ट्रिप देर से न करें। प्रयास करें कि आस यात्रा की शुरूआत सुबह जल्दी करें। इससे आप आधा रास्ता जल्दी और सुकून से कवर कर लेंगे। वरना आप दिन में मनाली की सड़कों पर लगे जाम में घंटों तक फंसे रह सकते हैं। यदि आप सोच रहे हैं कि गर्मियों में आपको मनाली में होटल सस्ते मिल जाएंगे, तो ऐसा नहीं है। क्योंकि इस दौरान पर्यटकों की भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए आप भी पहले से होटल आदि बुक कर लें। वहीं आप मनाली घूमने के लिए ट्रैवल एजेंट या फिर ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। बता दें कि शहर में आपको पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए घंटों ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ सकता है। इसलिए प्रयास करें कि आप



ट्रैफिक से बचने के लिए सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। वहीं अगर आप अटल टनल, सोलांग वैली या रोहतांग के आसपास की जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान बना रहे हैं, तो सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। ए जगहें सनसेट व्यू प्वॉइंट के लिए जाने जाते हैं। वहीं मनाली में आप दिन में सर्दी लगने के कारण वहीं बल्कि तेज धूप की वजह से परेशान हो सकते हैं। इसलिए छाता और टोपी साथ लेकर चलें। वहीं गर्मी और सर्दी वाले कपड़े भी लेकर जाएं। क्योंकि रात के समय तापमान यहां पर कम हो जाता है। अगर आपको ऑनलाइन पेमेंट करने में समस्या हो सकती है, इसलिए कैश साथ लेकर चलें।

गुजरात घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर, ट्रिप होगी यादगार

### यहां के टूरिस्ट स्पोर्ट्स का कोई मुकाबला नहीं

गुजरात घूमने जा रहे लोगों के लिए जरूरी है कि वह वहां के फेमस टूरिस्ट स्पॉट घूमने जरूर जाएं। क्योंकि जब भी आप किसी जगह पर घूमने के लिए जाते हैं। तो सबसे पहले आपके दिमाग में वही लोकेशन आती हैं। जिनके बारे में वह शहर जाना जाता है। गुजरात में कई ऐसी जगहें हैं, जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ऐसे में अगर आप इन फेमस जगहों पर घूमने नहीं जाते हैं, तो आपको यकीनन अफसोस होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुजरात की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आपको गुजरात की इन फेमस जगहों पर घूमने जरूर जाना चाहिए।

**गिर राष्ट्रीय उद्यान**

गिर राष्ट्रीय उद्यान भारत के फेमस उद्यानों में से एक है। इसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। गिर राष्ट्रीय उद्यान एशिया में सिंहों का एकमात्र निवास स्थान माना जाता है। यहां पर आप सफारी का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं इस उद्यान में आपको कई तरह के प्रजातियों वाले जीव देखने को मिलेंगे। ऐसे में गुजरात आने के बाद आपको यहां जरूर आना चाहिए।

**सोमनाथ मंदिर**

आपको सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन के लिए जाना चाहिए। यह भारत के प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों में से एक है। भगवान शिव के भक्त दूर-दूर से इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। अरब सागर के तट पर स्थिति यह मंदिर खूबसूरत होने के साथ चमत्कारी भी माना जाता है। बताया जाता है कि सोमनाथ मंदिर में सच्चे मन से दर्शन करने वाले लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह परिवार के साथ घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी**

बता दें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची भव्य प्रतिमा देश की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक है। साल 2018 में पीएम मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। यह गुजरात का फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां का सुंदर नजारा काफी आकर्षित करता है।

# अंधड़, बारिश और अलर्ट: बदलता मौसम, बिगड़ता संतुलन




24-25 मई की रात उत्तर भारत के लिए एक बार फिर ऐसी रात बनकर आई, जिसने न केवल दिल्ली-एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर भारत को झकझोरकर रख दिया। इस प्रचंड मौसमीय तांडव ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया बल्कि एक बार फिर यह संकेत दे दिया कि अब मौसम चक्रों में स्थायित्व नहीं रहा और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से हमारे सिर पर मंडरा रहा है। एक ओर जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर भीषण बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। मई महीने में जब उत्तर भारत 44-45 डिग्री सेल्सियस की झुलसाने वाली गर्मी के लिए जाना जाता है, ऐसे समय में अचानक ऐसे तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि जैसे दृश्य आमतौर पर मानसून के चरम काल में भी दुर्लभ होते हैं।

हालांकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस तूफान से पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था परंतु तूफान की तीव्रता और व्यापक प्रभाव ने पारंपरिक मौसमी पूर्वानुमानों को भी पीछे छोड़ दिया। रविवार की देर रात तेज हवाओं ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से तेजी से बढ़ते तूफानी बादल महज कुछ ही घंटों में दिल्ली-एनसीआर की ओर आ गए। आसमान में अचानक तेज बिजली चमकने लगी, फिर गरज के साथ बारिश शुरू हुई और देखते ही देखते स्थिति एक शक्तिशाली तूफान में बदल गई। हवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, ट्रैफिक सिग्नल गिर गए, बिजली के खंभे झुक गए और कई वाहनों को क्षति पहुंची। आईएमडी के अनुसार, इस दौरान हवा की गति 60 किमी



प्रतिघंटा तक पहुंच गई थी और कुछ स्थानों पर तो यह इससे भी अधिक रिकॉर्ड की गई। केवल दिल्ली ही नहीं, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के प्रमुख शहरों में भी हालात कुछ अलग नहीं थे। गुरुग्राम में तेज हवा के कारण कई जगहों पर निर्माणाधीन साइटों की छतें उड़ गई जबकि नोएडा में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की क्रेन गिरने से दो लोग घायल हो गए। उत्तर भारत के अन्य भागों, जम्मू, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान में भी यह तूफान तबाही लेकर आया। जगह-जगह सैकड़ों पेड़ उखड़ गए, जिससे कई जगहों पर सड़कों का संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बादल फटने की घटना भी सामने आई, जहां सात वाहन बह गए और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। पंजाब में वर्षाजनित हादसों में कुछ लोगों की मौत की भी पुष्टि हुई। खेतों में काम कर रहे किसान तेज आंधी की चपेट में आ गए। इससे पहले 21 मई को भी शाम के समय अचानक दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदल गया था और अचानक बदले मौसम के बीच भीषण आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई थी। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि नोएडा, गाजियाबाद सहित देश के कई राज्यों में लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। उस दौरान हुए हादसों में 7 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि देशभर में करीब 26 लोगों की मौत होने की सूचना मिली थी। इस साल मई महीने की शुरुआत ही इसी प्रकार के अप्रत्याशित मौसमी बदलावों के साथ हुई थी। 2 मई की सुबह दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में तेज आंधी, बारिश और तूफान जैसी स्थिति बनी थी। दिल्ली में उस दिन 78 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली थी और बारिश के साथ भारी नुकसान हुआ था। पेड़ उखड़ गए थे, बिजली की आपूर्ति बाधित हुई थी और तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि उस समय भी लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई थी लेकिन इस बार मई के अंत में आया यह तूफान कहीं अधिक गंभीर और व्यापक प्रभाव वाला था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सब केवल सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन के गहरे संकेत हैं। दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यावरणीय असंतुलन अब मौसम चक्रों को अस्थिर कर रहा है। शहरी हीट आइलैंड प्रभाव के चलते रात के तापमान में गिरावट नहीं होती और वातावरण की ऊष्मा बढ़ती जाती है। कंक्रीट, एस्फाल्ट और अन्य मानव निर्मित सतहें सूरज की ऊष्मा को अवशोषित कर लेती हैं और धीरे-धीरे उसे छोड़ती हैं, जिससे रात में भी वातावरण गर्म बना रहता है। 2 मई की सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सामान्यत: ऐसी बारिश के बाद तापमान 18.20 डिग्री तक गिर जाता है। मौसम विभाग ने इस बार के तूफान के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से उठने वाली नम हवाओं के संगम को कारण बताया है। आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ नवंबर से अप्रैल के बीच सक्रिय रहता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह मई-जून में भी सक्रिय रहने लगा है, जो वैश्विक तापमान वृद्धि का संकेत है। यह संकेत स्पष्ट करता है कि पारंपरिक मौसम चक्रों में अब स्थायित्व नहीं रहा और मौसम की गतिविधियां अधिक अनियमित और अस्थिर होती जा रही हैं। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं जब पश्चिमी विक्षोभ से टकराती हैं तो वह एक संगठित मौसमी प्रणाली का निर्माण करती हैं, जिससे उत्तर भारत में भारी वर्षा, तेज हवाएं और ओलावृष्टि होती है। यह आमतौर पर मानसून के मध्य चरणों में होता है लेकिन मई की शुरुआत में या मई के अंतिम सप्ताह में इस प्रकार की घटनाएं असामान्य हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि मौसमी प्रवृत्तियों की दिशा अब बदल रही है। कृषि क्षेत्र पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

इस समय अधिकांश क्षेत्रों में मूंग, सब्जियां, तरबूज, खरबूजा और अन्य ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती होती हैं। तेज हवाएं, ओलावृष्टि और बारिश इन फसलों को नुकसान पहुंचाती हैं। बिहार, हरियाणा और राजस्थान के किसानों ने फलों और सब्जियों के खराब होने की शिकायत की है। इससे न केवल किसानों की आमदनी प्रभावित होती है बल्कि खाद्य आपूर्ति श्रंखला और खुदरा बाजारों में कीमतों पर भी इसका व्यापक असर पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन का असर अब हिमालय क्षेत्र में भी गहराई से महसूस किया जा रहा है। बर्फबारी का स्तर 23 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है, जिससे हिमालय की नदियों पर निर्भर करोड़ों लोगों की जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। आईपीसीसी की छठी आकलन रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपमहाद्वीप में मौसम अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित और अस्थिर हो गया है। असामान्य तूफान, बेमौसम बारिश और अचानक तापमान में बदलाव, यह सभी इस बात के संकेत हैं कि जलवायु अब अपने पुराने स्वरूप से हट चुकी है। वर्तमान स्थिति में सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और आम नागरिकों के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है। अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन को केवल वैज्ञानिक बहस का विषय न मानें बल्कि इसे सार्वजनिक नीति और व्यक्तिगत जीवनशैली में भी प्राथमिकता दें। भारत को अब मौसम विज्ञान, कृषि, जल संरक्षण, ऊर्जा नीति और शहरी नियोजन को आपस में जोड़ते हुए एक समग्र रणनीति बनानी होगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी अपनी रणनीतियों को अद्यतन करना होगा। अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों की जलवायु विशेषताओं के अनुसार अलग योजनाएं बनानी होंगी। दिल्ली-एनसीआर जैसे घने शहरी क्षेत्रों के लिए अलग मॉड्यूल हो जबकि हिमालई क्षेत्रों के लिए भूस्खलन, बाढ़ और बर्फबारी पर केंद्रित योजनाएं हों। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए मौसम अनुकूल बीमा योजनाएं, सटीक पूर्वानुमान सेवाएं और प्राकृतिक आपदाओं से पहले सतर्कता की विश्वसनीय प्रणाली विकसित करनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# GHAZIABAD'S NO.1 SCHOOL RESULTS

## 4 YEARS IN A ROW

NWS
KNOWLEDGE • WISDOM • COURAGE

Healthy Planet Primary

# Nehru World School

**We thank our students, teachers, and parents for the phenomenal Grade 12, Grade 10 and JEE results in 2025.**

Grade 12 Batch Size: 148
Batch Median: 90%
Aggregate 95%+: 22
Aggregate 90%+: 79

## GRADE 12
Batch Size: 148

- 99.6% Riddhima Agrawal — D/o Mrs. Abha Gupta & Mr. Sanjay Kumar Gupta
- 99.6% Anshvi — D/o Mrs. Ritika Gupta & Mr. Rohit Gupta
- 99.4% Navya Tyagi — D/o Mrs. Preeti Tyagi & Mr. Harsh Kamal Tyagi
- 98.4% Riya Saxena — D/o Mrs. Poonam Saxena & Mr. S P Saxena
- 98.2% Hardik Mittal — S/o Mrs. Kanchan Mittal & Mr. Sandeep Mittal
- 98.0% Shivam Shandilya — S/o Mrs. Seema Sharma & Mr. Yogesh K Sharma
- 98.0% Ella Tyagi — D/o Mrs. Shweta Tyagi & Mr. Sandeep Tyagi
- 98.0% Anushri Sharma — D/o Mrs. Rashmi Sharma & Mr. Anil Sharma
- 97.8% Shalika Panwar — D/o Mrs. Sangeeta Panwar & Mr. Jay Panwar
- 97.8% Sanvi Garg — D/o Mrs. Reena Gupta & Mr. Anurag Garg
- 97.8% Aadya Jain — D/o Mrs. Shilpa Jain & Mr. Ashish Kumar Jain
- 97.0% Kshitij Swarnkar — S/o Mrs. Rajni Soni & Mr. V Swarnkar
- 96.8% Divyanshi Srivastava — D/o Mrs. Vinita Srivastava & Mr. Amit Sinha
- 96.6% Saksham Garg — S/o Late Mrs. Manju Rani & Mr. Sunil Kumar
- 96.0% Shabdd Jindal — S/o Mrs. Parwati Jindal & Mr. Radhey Shyam Jindal
- 96.0% Prathit Dwivedi — S/o Mrs. Anju Dwivedi & Mr. Gyan P Dwivedi
- 95.8% Vedastav Mishra — S/o Mrs. Julie Jha & Mr. Pravir Kumar
- 95.8% Mohit Bhardwaj — S/o Mrs. Manju Sharma & Mr. Vijay Kumar Sharma
- 95.8% Madhu Shreya — D/o Mrs. Manju Kumari & Mr. Santosh Kumar
- 95.8% Ananya Harit — D/o Mrs. Anjana & Mr. Anil Kumar Harit
- 95.4% Radhika Sharma — D/o Mrs. Vimlesh Sharma & Mr. Satish Kumar
- 95.2% Dhruv Mittal — S/o Mrs. Shweta Mittal & Mr. Shekhar Mittal
- 94.8% Gurnaaz Kaur — D/o Mrs. Harleen Kaur & Mr. Sukhjeet Singh
- 94.8% Deveshi Charu — D/o Mrs. Suruchi Sinha & Mr. Om Prakash Sinha
- 94.8% Anushka Sinha — D/o Mrs. Sanjeeta & Mr. Navin Kumar
- 94.4% Sanidhya Yadav — S/o Mrs. Sangeeta Yadav & Mr. Sachchida N Yadav
- 94.4% Jiyana Gupta — D/o Mrs. Nidhi & Mr. Aman Deep
- 94.0% Parth Agarwal — S/o Mrs. Ruchi Agarwal & Mr. Amit Agarwal
- 94.0% Aarav Malik — S/o Mrs. Geeta Chaudhary & Mr. Pankaj Malik
- 93.8% Nikunj Bhardwaj — S/o Mrs. Richa Sharma & Mr. Krishan K Sharma
- 93.8% Anshika Sharma — D/o Mrs. Tripti Sharma & Mr. Anil Kumar Sharma
- 93.6% Saloni Rathi — D/o Mrs. Sunita Rathi & Mr. Jagmohan Rathi
- 93.6% Novesh Kaushik — S/o Mrs. Kirti Kaushik & Mr. Umesh M Kaushik
- 93.6% Anshika Goel — D/o Mrs. Garry & Mr. Mahesh Kumar Goel
- 93.6% Abhinav Rajput — S/o Mrs. Meenu & Mr. Durbash Singh
- 93.4% Sarthak Singhal — S/o Mrs. Abhilasha Singhal & Mr. Arun Singhal
- 93.4% Mukund Garg — S/o Mrs. Payal Garg & Mr. Manoj Kumar Garg
- 93.4% Ananya Gupta — D/o Mrs. Shalu Gupta
- 93.0% Tejasav Vashisth — S/o Mrs. Rekha Vashisth & Mr. Sharad Vashisth
- 93.0% Mahi Teotia — D/o Mrs. Babita & Mr. Gyanander Singh
- 93.0% Garima Bansal — D/o Mrs. Shilpa Bansal & Mr. Hemant Bansal
- 93% Jayant Yadav — S/o Mrs. Neetu Yadav & Mr. Ghanendra K Yadav
- 92.8% Garv Gupta — S/o Mrs. Asha Gupta & Mr. Mukesh K Gupta
- 92.6% Raghav Sharma — S/o Mrs. Sheetal Sharma & Mr. Dheeraj Sharma
- 92.4% Yuvraj Sirohi — S/o Mrs. Seema Sirohi & Mr. Deepak Sirohi
- 92.4% Abhinav Chaudhary — S/o Mrs. Rekha & Mr. Parvinder Kumar
- 92.2% Kriyansh Garg — S/o Mrs. Sarika Garg & Mr. Aditya Garg
- 92.2% Aradhya Agrawal — S/o Mrs. Shalini Agrawal & Late Mr. R K Agrawal
- 92.0% Tejus Vashistha — S/o Mrs. Megha Sharma & Mr. Amit Sharma
- 92.0% Ojass Sachdeva — S/o Mrs. Vaishali & Mr. Abhinav Sachdeva
- 92.0% Ishika Daksh — D/o Mrs. Vimlesh & Mr. Amit Kumar
- 91.8% Yash Yadav — S/o Mrs. Lalita Devi & Mr. Bal Krishan
- 91.6% Siddhi Bansal — D/o Mrs. Sheetal Bansal & Late Mr. S Bansal
- 91.6% Ishaan Maheshwari — S/o Mrs. M Maheshwari & Mr. Gaurav Maheshwari
- 91.6% Bhavya — D/o Mrs. Reshu Rana & Mr. Vishal Gaurav
- 91.4% Vivan Shrivastava — S/o Mrs. Abhilasha & Mr. Ashutosh Kumar
- 91.4% Vansh Chaudhary — S/o Mrs. Babli & Mr. Maneesh
- 91.2% Vanshika Yadav — D/o Mrs. Anju Yadav & Mr. Kesh Pal Yadav
- 91.2% Tamanna Teotia — D/o Mrs. Archana Teotia & Mr. Mukesh Kumar
- 91.2% Pragati Singhal — D/o Mrs. Jyoti Singhal & Mr. Parag Kumar Singhal
- 91.2% Ojaswa Pateria — S/o Mrs. Shobhna & Mr. Virendra Pateria
- 91.2% Manav Yadav — S/o Mrs. Sunita & Mr. Rajesh Kumar Yadav
- 91.2% Aditi Singhal — D/o Mrs. Pooja Singhal & Mr. Sachin Singhal
- 91.0% Shrishti Aggarwal — D/o Mrs. Meenu Aggarwal & Mr. Ghanshyam
- 91.0% Shreya Sharma — D/o Mrs. Anjali Sharma & Mr. Praveen K Sharma
- 90.8% Yash Sharma — S/o Mrs. Renu Sharma & Mr. Manish Sharma
- 90.8% Shreya Singhal — D/o Mrs. Shubha Singhal & Mr. Sanjay Singhal
- 90.8% Parth Goel — S/o Mrs. Shruti Goel & Mr. Vipul Kumar Goel
- 90.6% Suvan Gupta — S/o Mrs. Deepika Garg & Mr. Munish Gupta
- 90.6% Saksham Garg — S/o Mrs. Meenakshi Gupta & Mr. Vinay Gupta
- 90.6% Lucky Shishodia — S/o Mrs. Meenu & Mr. Ramautar Singh
- 90.2% Anishka Chaudhary — D/o Mrs. Jyoti Chaudhary & Mr. Arvind Kumar
- 90.0% Dev Pratap Singh — S/o Mrs. Ram Kanti & Mr. Nagendra Singh
- 90.0% Chirag Chaudhary — S/o Mrs. Neetu & Mr. Jitender
- 90.0% Atulya Kumar — S/o Mrs. Mamta & Dr. Mahesh Kumar
- 90.0% Arnav Agarwal — S/o Mrs. Ekta Singhal & Mr. Amit Kumar
- 90.0% Akrit Kumar Singh — S/o Mrs. Pinki K Singh & Mr. Amit Prakah Singh
- 90.0% Aditi Pandey — D/o Mrs. Anshika Pandey & Mr. Vivek K Pandey
- 90.0% Tejas Bajpai — S/o Mrs. Monika Bajpai & Mr. Anurag Bajpai

## GRADE 10
Batch Size: 119

- 97.6% Janvi Singh — D/o Mrs. Priyanka Verma & Mr. Chaman Singh
- 97.0% Siona Singh — D/o Mrs. Anju Singh & Mr. Rajesh Kumar Singh
- 96.6% Tamonash Nayak — S/o Mrs. Jhuna R Nayak & Dr. Tapan K Nayak
- 96.6% Abhinav Rana — S/o Mrs. Susheela Kumari & Mr. Rajnesh K Rana
- 96.0% Saanvi Pundhir — D/o Mrs. Himantika & Mr. Manoj K Chanchal
- 96.0% Dherya Dua — S/o Mrs. Kavita Dua & Mr. Brijesh Kumar Dua
- 95.8% Mantavya Aggarwal — D/o Mrs. Ritu Aggarwal & Mr. N Aggarwal
- 95.6% Ananya Garg — D/o Mrs. Eesha Garg & Mr. Mohit Garg
- 95.4% Bhavya Arora — S/o Mrs. Shivee Arora & Mr. Amit Kumar Arora
- 95.2% Krishnansh Kumar — S/o Mrs. Asha Rani & Mr. Sandeep Kumar
- 95.0% Shubh Saxena — S/o Mrs. Reetu Saxena & Mr. Shirin Saxena
- 95.0% Raghav Goyal — S/o Mrs. Neha Goyal & Mr. Atul Kumar Goyal
- 94.8% Hargun Singh — S/o Mrs. Inderjeet Kaur & Capt. Sartaj Singh
- 94.8% Charvi Agrawal — D/o Mrs. Sweta Agarwal & Mr. Aashish Agrawal
- 94.4% Ananyaa Singh — D/o Mrs. Alka Rana & Mr. Haresh Tomar
- 94.2% Shivanshnu Singh — S/o Mrs. Anshu Singh & Mr. Ashish Singh Baghel
- 94.0% Samriddhi Vashisth — D/o Mrs. Roopam & Mr. Vivek Vashisth
- 94.0% Arnav Goyal — S/o Mrs. Monika Goyal & Mr. Abhishek Goyal
- 93.8% Yashna Jain — D/o Mrs. Ruby Jain & Mr. Romit Jain
- 93.8% Akshita Sharma — D/o Mrs. Jyoti Sharma & Mr. Sanjeev K Sharma
- 93.8% Divyansh S Tomar — S/o Mrs. Anshu Tomar & Mr. Nirankar S Tomar
- 93.6% Paridhi Gupta — D/o Mrs. Swati Gupta & Mr. Ankit Gupta
- 93.6% Prabhav Singhal — S/o Mrs. Shalini Singhal & Mr. Praveen K Singhal
- 93.6% Aanya Gupta — D/o Mrs. Shafali Gupta & Mr. Amit Kumar Gupta
- 93.4% Raghav Bansal — S/o Mrs. Ruchi Bansal & Mr. Amit Bansal
- 93.2% Anika Tomar — D/o Mrs. Preeti Tomar & Mr. Yogesh Tomar
- 92.6% Puranjay Dixit — S/o Mrs. Raina Dixit & Mr. Sanjay Kumar Dixit
- 92.4% Tavishi Kaushik — D/o Mrs. Karuna Sharma & Mr. Sanjay
- 92.4% Anishka Chaurasia — D/o Mrs. Kusum & Mr. Akhilesh K Chaurasia
- 92.2% Daksh Laroia — S/o Mrs. Kanika Laroia & Mr. Tarun Laroia
- 91.8% Vaibhav Bansal — S/o Mrs. Gyan & Mr. Ajab Singh
- 91.8% Radhika — D/o Mrs. Rajni & Mr. Amnish Kumar
- 91.8% Ishaan Gupta — S/o Mrs. Neha Gupta & Mr. Sudhanshu Gupta
- 91.8% Avni Makarh — D/o Mrs. Monika Makarh & Mr. Manish Makarh
- 91.4% Atharv Singhal — S/o Mrs. Monika Singhal & Mr. Jitender Kumar
- 91.2% Amolika Sinha — D/o Mrs. Sanjeeta & Mr. Navin Kumar
- 91.0% Asmi Goel — D/o Mrs. Rekha Goel & Mr. Pankaj Goel
- 90.8% Himanshi Shobhra — D/o Mrs. Shobha Rani & Mr. Tuli Ram
- 90.6% Tanmay Mittal — S/o Mrs. Ekta R Mittal & Mr. Rachin Mittal

## 21 students of NWS cleared the JEE Mains Exam 2024-25

- 99.996 Saksham Garg (City Topper) — S/o Late Mrs. Manju & Mr. Sunil Kumar
- 99.87 Aradhya Agrawal — S/o Mrs. Shalini Agrawal & Late Mr. R K Agrawal
- 99.82 Kriyansh Garg — S/o Mrs. Sarika Garg & Mr. Aditya Garg
- 99.54 Manav Yadav — S/o Mrs. Sunita & Mr. Rajesh Kumar Yadav
- 99.23 Ojass Sachdeva — S/o Mrs. V Sachdeva & Mr. Abhinav Sachdeva
- 99.03 Divyanshi Srivastava — D/o Mrs. Vinita Srivastava & Mr. Amit Sinha
- 99.12 Vedastav Mishra — S/o Mrs. Julie Jha & Mr. Pravir Kumar
- 98.72 Vaatsalya Srivastava — S/o Mrs. S Srivastava & Mr. Praveen K Srivastava
- 98.53 Parth Goel — S/o Mrs. Shruti Goel & Mr. Vipul Kumar Goel
- 98.406 Prathit Dwivedi — S/o Mrs. Anju Dwivedi & Mr. Gyan P Dwivedi
- 98.33 Garv Gupta — S/o Mrs. Asha Gupta & Mr. Mukesh K Gupta
- 97.99 Madhu Shreya — D/o Mrs. Manju Kumari & Mr. Santosh Kumar
- 96.03 Novesh Kaushik — S/o Mrs. Kirti Kaushik & Mr. Umesh M Kaushik
- 95.7 Mohit Bhardwaj — S/o Mrs. Manju Sharma & Mr. Vijay Kumar Sharma
- 96.61 Nikunj Bhardwaj — S/o Mrs. Richa Sharma & Mr. Krishan K Sharma
- 95.71 Aarav Malik — S/o Mrs. Geeta Chaudhary & Mr. Pankaj Malik
- 94.56 Pragati Singhal — D/o Mrs. Jyoti Singhal & Mr. Parag K Singhal
- 97.17 Vivan Shrivastava — S/o Mrs. A Shrivastava & Mr. Ashutosh Kumar
- 93.48 Ojaswa Pateria — S/o Mrs. Shobhna & Mr. Virendra Pateria
- 96.3 Dhruv Mittal — S/o Mrs. Shweta Mittal & Mr. Shekhar Mittal
- 95.64 Anshika Goel — D/o Mrs. Garry & Mr. Mahesh Kumar Goel

iNet | Specialist Schools and Academies Trust | Khan Academy | Generation Global | Goethe Institut Max Mueller Bhavan | English Language Quality Standards Membership Network until November 2019 — British Council | ieyc international early years curriculum | naeyc National Association for the Education of Young Children | Cambridge Assessment International Education — Cambridge International School

E-Block, Shastri Nagar, Ghaziabad (U.P.) India T:+91(0)120 2758565, W: www.nehruworldschool.com